समृद्धि न्यूज़

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

आमंत्रण मूल्य ₹3

सेंसेक्स	निफ्टी
65,446.04	19,398.50

तापमान

अधिकतम 31 ℃

न्यूनतम 26 ℃

अपराधियों का पूरा ब्योरा देगा एआई बेस्ड क्रिमिनल... पेज-02

ग्राम पंचायतों को वाद्ययंत्र खरीद के लिए संस्कृति विभाग देगा 30 हजार... पेज-03

वर्ष 10 | अंक 315 | लखनऊ, 06 जुलाई गुरुवार, 2023 | पृष्ठ 12 | मूल्य 4.00 | www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com, samradhinewslko@gmail.com

पेट्रोल से महंगा हुआ टमाटर, हरी मिर्च 500 तक पहुंची

बारिश के कारण फसल खराब होने से हो रही हैं दिक्कतें, 120-140 रुपए किलो बंगलुरु से आ रहा टमाटर

नई दिल्ली (एजेंसी)। टमाटर की कीमतें आसमान छू रही हैं। दिल्ली-एनसीआर समेत देश के कई हिस्सों में यह 150 से 180 रुपये किलो तक बिक रहा है। टमाटर के साथ ही धनिया, मिर्ची से लेकर अदरक तक की कीमतों में भारी इजाफा हुआ है। इस बीच, सरकार ने कहा है कि ये कीमतें मौसमी हैं और 15 दिन में दाम घट जाएंगे। सब्जियों के बढ़ते दाम से परेशान कई लोगों का कहना है कि उन्होंने टमाटर खाना ही छोड़ दिया है। ऐसे में जानना जरूरी है कि देश में टमाटर के दाम कहां कितने हैं? और किन सब्जियों के दाम में बीते दिनों में भारी इजाफा हुआ है? कीमतें बढ़ने की वजह क्या है? बढ़े दाम पर सरकार क्या कह रही है? ये कीमतें कब तक कम हो जाएंगी? राजधानी दिल्ली की आजादपुर सब्जी मंडी में एक विक्रेता ने बताया कि इस समय में टमाटर महंगा हो जाता है, टमाटर सिर्फ दो जगह से आता है- शिमला और बेंगलुरु। यहां पर महंगाई की वजह बारिश है। टमाटर 100-150 रुपए किलो बिक रहा है जिससे लोगों को खरीदने में दिक्कत हो रही है। दिल्ली की सफल स्टोर में टमाटर 129 रुपए प्रति किलो मिल रहा है। एक ग्राहक ने बताया, आम आदमी को बहुत मुश्किल हो रहा है, हमने तो टमाटर खाना ही छोड़ दिया। कल मार्केट में गया था तो वहां पर टमाटर 160 रुपए था और यहां पर 129 रुपए है। सरकार को इस पर सोचना चाहिए। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में भी कीमतें लोगों की जेबों पर भारी पड़ रही हैं। यहां टमाटर की कीमतें रिकॉर्ड 160 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई हैं। बिहार की राजधानी पटना में टमाटर और सब्जियों की कीमत में वृद्धि हुई। यहां टमाटर की कीमत 120-140 रुपए किलो हो गई है। बारिश की वजह से फसल बर्बाद हो गई है इसलिए इससे सभी को काफी दिक्कत हो रही है। झारखंड की राजधानी रांची में टमाटर और सब्जियों की कीमतों अधिक हैं। एक ग्राहक ने बताया, टमाटर इतना महंगा हो गया है कि खरीदना मुश्किल हो गया है। पेट्रोल से ज्यादा महंगा टमाटर हो गया है लेकिन खाना है तो खरीदना पड़ रहा है। उत्तर प्रदेश के शहरों में लोग टमाटर के बढ़ते दाम से परेशान हैं। प्रयागराज में एक विक्रेता ने बताया, फसल खराब होने से बहुत दिक्कतें हो रही हैं। टमाटर बेंगलुरु से आ रहा है। टमाटर 120-140 रुपए किलो चल रहा है इसलिए लोग कम खरीद रहे हैं। वहीं मुरादाबाद में सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। यहां पर टमाटर 150 रुपए किलो चल रहा है। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में राशन की दुकानों में टमाटर 60 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। दरअसल यहां राज्य सरकार द्वारा इन दुकानों में रियायती दरों पर टमाटर की बिक्री की जा रही है। दिल्ली की आजादपुर टमाटर एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कौशिक ने बताया, टमाटर की कीमतों में बढ़ोतरी प्रमुख उत्पादक केंद्रों से आपूर्ति में कमी के कारण हुई है।

टमाटर के अलावा कई सब्जियों के बढ़े दाम

पूर्वोत्तर राज्य असम के गुवाहाटी में तो हरी मिर्च 450-500 रुपये प्रति किलो बिक रही है। कई जगह हरी मिर्च 300-350 रुपये प्रति किलोग्राम के बीच बिक रही है, जो एक सप्ताह पहले 150 रुपये प्रति किलोग्राम थी। पिछले 15 दिनों में ओडिशा में सब्जियों की कीमतों में भी तेजी से बढ़ोतरी हुई है। यहां भी हरी मिर्च करीब 200 रुपये किलो और अदरक 300 रुपये किलो बिक रहा है। भोपाल के विट्ठल मार्केट में धनिया 125 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। फूलगोभी की कीमत 60 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है, जो मई शुरुआत में 40 रुपये प्रति किलो थी। इसी तरह, पत्तागोभी की कीमत 30-40 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 60 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है।

भिक्षावृत्ति से मुक्त 102 बच्चों को सीएम ने दिया प्रमाण पत्र, सौंपा शैक्षिक किट, बोले-

बच्चों में जज्बा है, लेकिन गिरोह विकलांग बनाकर कर भिक्षा मंगवाते हैं

लखनऊ, समृद्धि न्यूज

उत्तर प्रदेश सरकार की तरफसे बच्चों को भिक्षावृत्ति से मुक्त कराने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं, इसके तहत आज लखनऊ में 102 बच्चों को चिन्हित करके उन्हें भिक्षावृत्ति के काम से मुक्त कराया गया। इन्हें सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। उसी के तहत सीएम योगी ने आज बच्चों को भिक्षावृत्ति मुक्त प्रमाण पत्र के साथ ही शैक्षिक किट भी प्रदान किया।

सीएम योगी ने कहा कि आज 102 बच्चों को बाल सेवा योजना के साथ जोड़ा जा रहा है। जिला प्रशासन उम्मीद संस्थान को इसके लिए धन्यवाद। भिक्षा प्राचीन काल के भारत में काम की परंपरा थी। लेकिन, अब यह व्यवसाय के साथ जुड़ा तो खतरनाक हो गया। बच्चों को सुनहरे भविष्य के लिए योजनाओं के तहत आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्हें गिरोह विकलांग बनाकर कर भिक्षा मंगवाते हैं। बच्चों के मन में उत्साह और तमन्ना है, जज्बा है... उसको प्लेटफॉर्म देने का काम प्रशासन और संस्थाएं कर रही हैं। सीएम योगी ने कहा, 2017 से प्रदेश में 1 करोड़ 91 लाख बच्चों को योजना का लाभ दिया गया। बेसिक शिक्षा परिषद के बच्चों को पढ़ाई का समान दिया जा रहा है। कोरोना की चपेट में आने के कारण जिन बच्चों के अभिभावकों की जान गई उनका सर्वे कराया। जो स्कूल नहीं जा पा रहे थे, उन्हें मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत स्कूल भेजा गया। सामान्य बच्चों की तरह जीवन देने के लिए राज्य सरकार द्वारा लाई गई इस योजना के तहत सरकार ऐसे बच्चों को उनके बेहतर भविष्य के लिए शिक्षित करेगी।

वहीं सरकार द्वारा ढाई हजार रुपए प्रतिमाह भी दिया जाएगा। जिससे कि बच्चों को दोबारा भिक्षावृत्ति की ओर जाने से रोका जा सके। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का लाभ उन बच्चों को दिया जाता है जिनके माता-पिता तलाकशुदा हैं। माता-पिता या परिवार के मुखिया जेल में हैं। बाल श्रम भिक्षावृत्ति वेश्यावृत्ति से मुक्त कराए गए बच्चों को भी इस योजना का लाभ सरकार द्वारा दिया जाता है। इसके तहत आने वाले इन सभी बच्चों को 18 साल की उम्र तक सरकार द्वारा आर्थिक सहायता भी दी जाती है।

12वीं तक शिक्षा मुफ्त

सीएम योगी ने कहा कि रजिस्टर्ड श्रमिकों और अपने अभिभावकों को खो चुके बच्चों के लिए हमारी सरकार अटल आवासीय विद्यालय बना रही है। इस विद्यालय में सीबीएसई पैटर्न पर बच्चों को कक्षा एक से लेकर 12वीं तक शिक्षा मुफ्त में दी जा रही है। उन्होंने कहा कि भिक्षावृत्ति समस्या का समाधान नहीं है, समस्या का समाधान परिश्रम है। सही दिशा का चयन कर जो लोग अपनी घर गृहस्थी संभालने के साथ-साथ अपनी आजीविका को बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं वो सफल हो रहे हैं। प्रदेश में ही ऐसे बहुत उदाहरण आपको देखने को मिल जाएंगे। ऐसा ही एक उदाहरण बीसी सखी योजना के अंतर्गत हम देख सकते हैं। सुल्तानपुर जनपद की एक बीसी सखी ने अपना टर्नओवर इतना बढ़ाया है कि वह हर महीने 1.20-1.30 लाख रुपए कमीशन कमा रही है।

सीएम योगी ने बच्चों और अभिभावक से किया संवाद

दस वर्ष चिनहट रामलीला मैदान में रहने वाली माही ने अपनी कहानी सुनाते हुए कहा कि पहले जब हम भिक्षा मांगते थे कि तो लोग हमें डांटकर भगा देते हैं। मुख्यमंत्री जी और उत्तर प्रदेश सरकार की वजह से हमें स्कूल में एडमिशन मिला और आज हम पढ़ पा रहे हैं। माही ने बताया की वह पढ़ लिखकर डॉक्टर बनना चाहती हैं। 12 वर्ष के इकबाल ने अपने परिवार की कहानी सुनाते हुए कहा कि अभाव की वजह से उसके पिता का ठीक से इलाज नहीं हो पाया था। इसलिए वह पढ़ लिखकर डॉक्टर बनना चाहते हैं। इकबाल ने संकल्प लेते हुए कहा कि अगर वह डॉक्टर बन गए तो हर बीमार व्यक्ति का एक रुपए में इलाज करेंगे। सरकार की योजनाओं के माध्यम से मिले लाभ पर इकबाल ने सीएम योगी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में शामली के बच्चों की एक अभिभावक काजल ने अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि अशिक्षा और कोई कौशल न होने कारण पहले वह भीख मांगती थी। उन्होंने कहा कि योगी जी की सरकार ने सहारा दिया तो आज वह सिलाई करने में कुशल हो गईं। आज उन्हें किसी के आगे हाथ नहीं फैलाना पड़ता है।

राहुल गांधी ने लगाए गंभीर आरोप

सीधी कांड से उजागर हुआ भाजपा का आदिवासी-दलित विरोधी चेहरा

नई दिल्ली (एजेंसी)। सीधी विधायक पंडित केदारनाथ शुक्ला के पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रवेश शुक्ला द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इसे लेकर अब राजनीति भी शुरू हो गई है। इसे लेकर कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद राहुल गांधी ने केंद्र की भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अब भाजपा का दलित और आदिवासी विरोधी चेहरा उजागर हो गया है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि भाजपा शासन में आदिवासियों और दलितों पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। उनके अलावा, प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी इस घटना को अमानवीय बताया है। मध्य प्रदेश के सीधी पेशाब कांड को लेकर पूर्व कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि आदिवासियों और दलितों के प्रति भाजपा की नफरत का असली चेहरा इस अमानवीय कृत्य से उजागर हो गया है। राहुल गांधी ने एक ट्वीट में कहा, भाजपा शासन में आदिवासी भाइयों और बहनों पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। मध्य प्रदेश में एक भाजपा नेता के अमानवीय अपराध से पूरी मानवता शर्मसार हो गई है। यह आदिवासियों और दलितों के प्रति बीजेपी की नफरत का घिनौना चेहरा और असली चरित्र है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी इस घटना को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है।

बेहतर पैकेजिंग के लिए सरकार देगी 40 हजार

जौनपुर में महिलाएं आर्थिक रूप से हो रहीं सशक्त

जौनपुर (एजेंसी)। समूहों की ओर से निर्मित उत्पाद को बेहतर बनाने के लिए सरकार की ओर से 40 हजार रुपये सब्सिडी के तौर पर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए समूहों को भी जोड़ दिया गया है। समूहों की ओर से किए जा रहे कार्यों के वार्षिक टर्नओवर पर 35 फीसदी व अधिकतम 40 हजार रुपये की मदद की जाएगी।

आकाशीय बिजली की चपेट में आने से चार लोगों की मौत

गाजीपुर, समृद्धि न्यूज़

गाजीपुर। जिले में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मंगलवार को एक महिला सहित चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि गाजीपुर नगर के बड़ापुरा निवासी इकराम अंसारी (28) और नूरद्दीनपुरा निवासी नसीरुद्दीन उर्फ बाबू (55) मंगलवार की शाम स्नान करने के लिए चीतनाथ घाट पर थे। उसी समय गिरी बिजली की चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई। एक अन्य घटना में शादियाबाद थाना क्षेत्र के जौलहटा निवासी सूरज राजभर (10) और जमानिया क्षेत्र के तियरी गांव की रहने वाली दुर्गा देवी (48) की मंगलवार शाम को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। जिला प्रशासन के सूत्रों के मुताबिक, पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मृतकों के परिजन को सरकार की ओर से चार-चार लाख रुपये का मुआवजा देने की कार्यवाही शुरू की जाएगी।

संक्षिप्त

तीस हजारी कोर्ट में वकीलों के दो गुटों में झड़प के बाद फायरिंग

नई दिल्ली। दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट परिसर में बुधवार को फायरिंग की घटना सामने आई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पाया कि वकीलों के दो समूहों के बीच किसी मुद्दे पर बहस हो गई, जिसके बाद उन्होंने कथित तौर पर हवा में गोलियां चलाईं। हालाँकि, किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस मौके पर मौजूद है और स्थिति नियंत्रण में है।

जवाबदेही से बचने के लिए पेश की गई थ्योरी : जयराम रमेश

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सरकार पर हमले को तेज करते हुए कहा कि बालासोर ट्रेन दुर्घटना के बाद जवाबदेही से बचने और हेडलाइन बनाने के लिए नई थ्योरी दी गई। जयराम रमेश ने सीआरएस के निष्कर्षों पर एक समाचार रिपोर्ट का हवाला देते हुए ट्विटर पर एक पोस्ट में कहा कि यह स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री और रेल मंत्री द्वारा पेश की गई थ्योरी जवाबदेही से बचने और हेडलाइन बनाने के लिए है।

वर्ल्ड क्लास बनेगा गोरखपुर रेलवे स्टेशन

गोरखपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 जुलाई (शुक्रवार) को गोरखपुर रेलवे स्टेशन पुनर्विकास परियोजना का शिलान्यास करेंगे। स्टेशन को लगभग 498 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास करने की तैयारी है और यह विश्व स्तरीय यात्री सुविधाएं प्रदान करेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने औद्योगिक न्यायाधिकरणों में रिक्तियों के आरोप पर केंद्र से मांगा जवाब

नयी दिल्ली (एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को 'केंद्र सरकार औद्योगिक न्यायाधिकरण सह श्रम अदालतों' (सीजीआईटी-कम-एलसी) में खाली पड़े पदों को भरने के लिए निर्देश देने का अनुरोध कर रही एक जनहित याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने श्रम कानून संघ (एलएलए) की अपील पर संज्ञान लिया है। अपील में कहा गया है कि 22 न्यायाधिकरणों में से नौ में पीठासीन अधिकारियों के पद खाली पड़े हैं और वर्ष 2023 में तीन और न्यायाधिकरणों में पद खाली होने की संभावना है। एलएलए की ओर से पेश वकील ने कहा कि एक न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारियों में से एक का पद बुधवार को खाली होने वाला है।

प्रशांत किशोर का बड़ा दावा-

आर्टिकल 370 और अयोध्या मुद्दे से ज्यादा बड़े होंगे यूसीसी के परिणाम

पटना (एजेंसी)। राजनीतिक रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर ने कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के कार्यान्वयन के परिणाम, अच्छे या बुरे हों,लेकिन भाजपा के अन्य मुख्य एजेंडे जैसे अयोध्या और अनुच्छेद 370 से कहीं अधिक बड़े होंगे। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया, न तो देश के संस्थापक और न ही संघ के विचारक कभी इसके (देश पर एकरूपता थोपने के) पक्ष में थे÷। किशोर 2014 के लोकसभा चुनाव में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के अभियान को संभालने के बाद प्रसिद्ध हुए थे। उन्होंने कहा कि देश की जो विविधता है उसे देखते हुए देश में यूसीसी लागू करना इतना आसान नहीं है जितना लग रहा है, लेकिन यह वर्षों से भाजपा के घोषणापत्र का हिस्सा रहा है। किशोर ने कहा, ''अनुच्छेद 370 कश्मीर से जुड़ा मामला था। भले ही मानसिक तौर पर वह पूरे देश से जुड़ा रहा हो। लेकिन सीधे तौर पर जो लोग उससे प्रभावित हुए, वे एक राज्य के लोग थे। राम मंदिर बन रहा, उससे भी पूरे देश की जनता प्रभावित नहीं होती है।

डेढ़ घंटे की बारिश में सड़क से लेकर घरों के अंदर तक भरा पानी

हाल यूपी की राजधानी का : खुली तैयारियों की पोल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

बुधवार सुबह लखनऊ में एक से डेढ़ घंटे की तेज बारिश हुई। इसके बाद पूरे शहर मानों पानी से भर गया। सड़क पानी से उतरा आई। गलियां नदियों जैसी दिखने लगीं। एक हजार घरों सहित जगह-जगह पानी भर गया। नाले और नालियां चोक होने के साथ ही अतिक्रमण के कारण पानी नहीं निकला। फैजुल्लागंज, आशियाना, तकरोही, साकेत पल्ली, हरी नगर सहित कई इलाकों में नालों के ओवर फ्लो के करने से पानी सड़क से लेकर घरों के अंदर तक भरा। जिससे एक हजार से अधिक लोगों का फर्नीचर व अन्य सामान भी खराब हुआ। इसको लेकर नगर निगम को अलग से पम्प लगाने पड़े उसके बाद करीब दो घंटे बाद पानी निकल पाया। भारी बारिश से शहर में कई जगह सड़कों पर जानलेवा गड्ढे हो गए। सुबह करीब साढ़े दस बजे तेज बारिश शुरू हुई और करीब 12 बजे तक हुई। इसके चलते शहर में जबरदस्त जलभराव हुआ। जिसके कारण सबसे अधिक समस्या उन्हीं इलाकों में हई जहां पर हर बार होती है। इनमें आशियाना के सेक्टर एच, खजाना चौराहा, उतरठिया, बेहसा, स्मृति उपवन चौराहा, साकेत पल्ली, न्यू सरदारी खेड़ा, मिल्लत नगर, तकरोही, जानकीपुरम सेक्टर एफ और फैजुल्लागंज आदि इलाके शामिल हैं।

बालागंज के हरी नगर में पानी लोगों केघर की चौखट तक भरा। गीतापल्ली, ओम नगर और गुरुनानक नगर में सीवर लाइन का काम हो रहा है। इसके कारण यहां पर जल निकासी बदहाल है। नगर विकास मंत्री ने बीती 30 मई को यहां का काम पूरा करने को कहा था मगर अभी नहीं हो पाया। इससे भी इन इलाकों में जलभराव से लोगों को परेशान होना पड़ा।

अगरकर सीनियर पुरुष चयनसमिति के अध्यक्ष नियुक्त

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज अजीत अगरकर को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को सीनियर चयन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया। अगरकर इससे पहले दिन में अशोक मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) के सामने वर्चुअल साक्षात्कार में शामिल हुए, जिसकी सिफारिश पर बीसीसीआई ने यह फैसला किया। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने यहां जारी बयान में कहा, ''सुलक्षणा नाइक, अशोक मल्होत्रा और जतिन परांजपे की क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने पुरुष चयन समिति में चयनकर्ता के एक पद के लिए आवेदकों का साक्षात्कार लिया। तीन सदस्यीय सीएसी ने उक्त पद के लिए सर्वसम्मति से अजीत अगरकर के नाम की सिफारिश की।''

उलटफेर

चुनाव आयोग में भी अजित पवार गुट ने अर्जी दायर की है

अजित पवार खुद बने एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, चाचा शरद पवार को पद से हटाया

मुंबई (एजेंसी)। अजित पवार और शरद पवार के बीच की छिड़ी सियासी लड़ाई के बीच बड़ी खबर सामने आई है। अजित पवार ने चाचा शरद पवार को एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से हटा दिया है। अजित पवार खुद ही एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने आज राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक बुलाई जिसमें प्रस्ताव पास किया गया है कि पार्टी लोगों के कल्याण के उद्देश्य से दूर जा रही है, ऐसे में शरद पवार की जगह अजित पवार को अध्यक्ष चुना जाता है। चुनाव आयोग में भी अजित पवार गुट ने अर्जी दायर की है। इसमें बताया गया है कि 30 जून को मुंबई में हुई कार्यकारिणी की बैठक में अजित पवार को एनसीपी का अध्यक्ष चुना गया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की गुटीय लड़ाई निर्वाचन आयोग के दरवाजे तक पहुंच गयी है और अजित पवार के नेतृत्व वाले समूह ने उनके समर्थन में विधायकों और सांसदों के 40 से अधिक हलफनामे दाखिल किये हैं। निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने बताया कि शरद पवार खेमे ने आयोग के समक्ष एक याचिका दायर कर अनुरोध किया है कि गुटीय लड़ाई के संबंध में कोई भी निर्देश पारित करने से पहले उनकी बात सुनी जाए। निर्वाचन आयोग आगामी दिनों में याचिकाओं पर कार्रवाई कर सकता है और दोनों पक्षों से उसके समक्ष प्रस्तुत संबंधित दस्तावेजों का आदान-प्रदान करने के लिए कह सकता है। शरद पवार द्वारा 1999 में स्थापित राकांपा में रविवार को विभाजन हो गया और अजित पवार 40 से अधिक विधायकों के समर्थन का दावा करते हुए महाराष्ट्र में शिवसेना-भारतीय जनता पार्टी गठबंधन सरकार में शामिल हो गए। रविवार को अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री और राकांपा के आठ अन्य विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। अजित पवार ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल, दिलीप वाल्से पाटिल के साथ असली राकांपा होने का दावा किया। अजित पवार ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल, दिलीप वाल्से पाटिल के साथ असली राकांपा होने का दावा किया। शरद पवार ने भी असली राकांपा होने का दावा किया और पटेल तथा लोकसभा सदस्य सुनील तटकरे को पार्टी से निष्कासित कर दिया। इसने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को भी पत्र लिखकर रविवार को मंत्री पद की शपथ लेने वाले नौ विधायकों को अयोग्य घोषित करने की मांग की है।



हमें सत्ता की भूख नहीं, लोगों के लिए काम करते रहेंगे : शरद पवार

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र में एनसीपी के बीच उसके बाद शक्ति प्रदर्शन का दौर जारी है। एक ओर अजित पवार गुट है तो दूसरी ओर एनसीपी संस्थापक शरद पवार हैं। आज दोनों गुटों की ओर से विधायकों की बैठक बुलाई गई थी। शरद पवार ने अपने गुट के विधायकों को संबोधित करते हुए साफ तौर पर कहा कि जो शिवसेना के साथ हुआ, वहीं एनसीपी के साथ हुआ है। उन्होंने कहा कि अजित पवार को मुझसे बात करनी चाहिए थी। अगर सहमत नहीं थे तो बातचीत से हल निकाला जा सकता था। गलती को सुधारना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर आपने गलत काम किया है तो आप सजा के लिए तैयार रहें। शरद पवार ने कहा कि पीएम मोदी ने एक भोपाल की रैली में एनसीपी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। अगर एनसीपी भ्रष्ट पार्टी है तो सरकार में क्यों शामिल किया।

अपराधियों का पूरा ब्योरा देगा एआई बेस्ड क्रिमिनल डाटा सिस्टम

यूपी एसटीएफ खरीदेगी क्रिमिनल के चेहरे आवाज और घटना अंजाम देने का तरीका

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यूपी एसटीएफ जल्द ही नये कलेवर और नई ताकत के साथ दिखेगी। अपराध और अपराधियों पर कार्रवाई को और तेज करने के लिए हाल ही में यूपी एसटीएफ को लेकर मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक की थी। इसमें उन्होंने यूपी एसटीएफ द्वारा प्रदेश के दुर्दांत अपराधियों, अवैध नशे के कारोबारी, अवैध हथियार तस्करों, परीक्षा माफिया और फर्जी शिक्षकों समेत आतंकवादियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई पर प्रसन्नता जाहिर की। समीक्षा बैठक में योगी सरकार ने एसटीएफ को और मजबूत करने के लिये बजट जारी कर दिया है। योगी सरकार से बजट मिलते ही यूपी एसटीएफ ने आर्टिफिशिएल इंटेलिजेंस बेस्ड क्रिमिनल डाटा क्रिएशन एंड रिट्रीवल सिस्टम को खरीदने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिससे संगीन वारदात को अंजाम देने वाले अज्ञात शूटर व अपराधी अब एसटीएफ की नजरों से नहीं बच सकेंगे। चंद सेकंड में उनकी पहचान के साथ पूरी कुंडली पुलिस अधिकारियों के सामने होगी। इस तकनीक के जरिए घटना का जल्द खुलासा करने के साथ उसे अंजाम देने वाले अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजने में देर नहीं लगेगी। यूपी एसटीएफ करीब तीन करोड़ रुपए की लागत से जल्द आर्टिफिशिएल इंटेलिजेंस बेस्ड क्रिमिनल डाटा क्रिएशन एंड रिट्रीवल सिस्टम स्थापित करने जा रही है। इसकी निविदा जारी होने के बाद चार कंपनियों ने इसमें रुचि दर्शाई है। तेलंगाना के बाद यूपी पुलिस में ऐसा अत्याधुनिक सिस्टम स्थापित किया जा रहा है। आर्टिफिशिएल इंटेलिजेंस बेस्ड क्रिमिनल डाटा क्रिएशन एंड रिट्रीवल सिस्टम में अपराधियों का पूरा डाटाबेस तैयार किया जाएगा। इससे पहले क्रिमिनल ट्रैकिंग सिस्टम के जरिए ये काम किया जाता था। आर्टिफिशिएल इंटेलिजेंस के साथ अपराधियों का डाटाबेस जोड़ने से उनके चेहरे का मिलान चंद सेकंड में पूरे रिकॉर्ड से करते हुए किस चेहरे से कितने प्रतिशत मिलान हो रहा है, इसकी जानकारी सामने होगी। साथ ही उनकी आवाज, घटना कोअंजाम देने का तरीका, पारिवारिक और आपराधिक पृष्ठभूमि का पूरा ब्योरा भी तुरंत मिल जाएगा।

उदाहरण यदि कोई व्यक्ति किसी को वर्चुअल कॉल के जरिए धमकी देता है तो उसकी आवाज को ये सिस्टम आर्टिफिशिएल इंटेलिजेंस की मदद से डाटाबेस में फीड लाखों आवाज से मैच करके सही व्यक्ति की पहचान कर लेगा। एसटीएफ के अधिकारियों के मुताबिक बिड में रुचि दिखाने वाली कंपनियों से इसमें तमाम अन्य फीचर्स भी जोड़ने पर बात चल रही है।

शहर में जारी रहेगा अतिक्रमण मुक्ति अभियान

लखनऊ। शहर में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देशन में सभी मुख्य मार्ग, फुटपाथ, सार्वजनिक स्थलों पर व्याप्त अतिक्रमण को वृहद स्तर पर अभियान चलाकर हटाने का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत फुटपाथ पर बनाए किए गए पक्के निर्माण तोड़े जा रहे है। नगर निगम की टीम इस दौरान अवैध कब्जा कर व्यवसाय कर रहे लोगों का समान भी जब्त कर रही है। पिछले एक माह के अन्दर एक हजार से अधिक अवैध झुग्गी एवं गुमटियों को ध्वस्त किया जा चुका है। आज के अभियान में जोन-4-क्षेत्रान्तर्गत हनीमेन चौराहा से हुसड़िया चौराहा रोड पर व पत्रकार पुरम चौराहे से मनोज पाण्डे सीएमएस स्कूल दयाल चौराहा से शंकरपुर चौराहा तक एंव समता मूलक चौराहा होते हुए 1090 चौराहा (दोनो पटरी) तक अतिक्रमण अभियान चलाया गया। अभियान के 3 आईसबाक्स 2 ठेला, 2 छोटे काउण्टर, 1 लोहे की बेंच व अन्य समान को जब्त किया गया।जोन-7-क्षेत्रान्तर्गत पॉलीटेक्निक चौराहें से मुंशी पुलिया होते हुए सेक्टर-17 सब्जी मण्डी तक व आस-पास के क्षेत्र में अभियान चलाया चलाया गया। जिसमें 08 गुमटियों,झुग्गी-झोपड़ी को ध्वस्त किया गया तथा 12 गुमटी ठेलों एवं 15 अवैध प्रचार सामग्री को हटवाया गया साथ ही पुनः अतिक्रमण न करने हेतु सचेत किया गया। जोन-8-क्षेत्रान्तर्गत अशियाना थाना के अन्तर्गत पावर हाउस चौराहे के आस-पास से अस्थाई टट्ट, ठेले, व खुमचो को हटवाया गया। अभियान के दौरान 10 अस्थाई टट्टो को हटवाने के साथ आस-पास लगे 15 से 20 ठेलो को हटाया गया।

खिलाड़ियों को ऐप के माध्यम से मिलेगी सभी जानकारी

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

खिलाड़ियों की सुविधा के लिए खेल विभाग 'खेल साथी' ऐप एवं पोर्टल शुरू करेगा। इसमें खिलाड़ियों को स्पोर्ट कॉलेज में एडमिशन समेत सभी विभागीय जानकारी ऑन लाइन प्राप्त कर सकते हैं।

बुधवार को अपर मुख्य सचिवन वनीत सहगल ने बापू भवन स्थित अपने कार्यालय में 'खेल साथी' ऐप एवं पोर्टल को लेकर बैठक की। इसमें बताया गया कि ज्यादातर काम हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से समय लेकर इसका शुभारंभ कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि मोबाइल ऐप और वेब आधारित पोर्टल पर खिलाड़ी घर बैठे खेल गतिविधियों से संबंधित सभी जानकारियां एवं सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे। इस पर एकलव्य क्रीड़ा कोष के तहत

> खेल साथी ऐप पोर्टल लांच होगा , पोर्टल पर स्पोर्ट्स कालेज में ऑनलाइन एडमीशिन की सुविधा होगी

आर्थिक सहायता के लिए आवेदन किया जा सकेगा और स्पोर्ट्स कालेज में ऑनलाइन एडमिशन की सुविधा होगी। रिजल्ट भी इस पोर्टल पर अपलोड होगा। उन्होंने बताया कि 'खेल साथी' ऐप एवं पोर्टल को बहुत ही सरल और आकर्षक डिजाइन कराया गया है। यह मोबाइल ऐप और वेब आधारित पोर्टल हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में है। इस ऐप एवं पोर्टल के माध्यम से खिलाड़ियों को राज्य सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ आसानी से घर बैठे उपलब्ध हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि सुविधाओं का लाभ लेने के लिए खिलाड़ियों को इस ऐप पर आसान सा रजिस्ट्रेशन कराना होगा। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि 'खेल साथी' ऐप और पोर्टल पर प्रदेश भर के सभी खेल मैदान का चार्ट होगा। किस गेम की फैसिलिटी कहां उपलब्ध है, इसकी भी जानकारी अपलोड रहेगी।

खिलाड़ी जैसे ही जिले का चयन करेंगे, वैसे ही सरकारी एवं निजी दोनों प्रकार की फैसिलिटी सामने आ जाएगी। साथ ही राज्य सरकार की खेल से जुड़ी सभी प्रकार की स्कीम और गाइडलाइन भी अपलोड रहेगी। प्रदेश के सभी राजकीय स्टेडियम में लगने वाले हेल्थ एटीएम की जानकारी भी इस पर प्राप्त होगी।

खबरें एक नजर में

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ संगोष्ठी में मुख्य वक्ता रहेंगे जसराम राठौर

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की समीक्षा बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में जसराम राठौर को आमंत्रित किया गया है। लखनऊ नगर नागरिक समिति के आयोजन में होने वाली इस सामाजिक संगोष्ठी के विषय में बताते हुए प्रवक्ता वी.प्रकाश ने बताया कि सम्बंधित संगोष्ठी के लिए स्थान एवं आमंत्रित अतिथियों की सूची जल्द ही जारी की जाएगी। वी.प्रकाश के अनुसार जहां एक ओर भारत में बढ़ती सामाजिक जागरूकता के चलते महिलाओं की शिक्षा दर बढ़ी है।वहीं, नाबालिग बच्चियों के साथ आपराधिक हिंसा की घटनाओं में भी चिंताजनक वृद्धि हुई है। जिसे लेकर प्रदेश की योगी सरकार भी चिंतित है इसलिए बेटियों की सुरक्षा के लिए इसलिए संगोष्ठी का आयोजन सुनिश्चित किया गया है।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में अटल भूजल योजना का किया गया प्रस्तुतीकरण

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय अन्तर्विभागीय संचालन समिति की बैठक में अटल भूजल योजना का प्रस्तुतीकरण किया गया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि भूगर्भ जल स्तर में सुधार के लिये वर्तमान में संचालित केन्द्रीय और राज्य योजनाओं के कार्यों में तेजी लाते हुये जल संकटग्रस्त क्षेत्रों में भूजल संसाधनों के प्रबंधन में सुधार किया जाये। इस कार्य में जनसमुदाय की समुचित भागीदारी सुनिश्चित करायी जाये। जनसहभागिता से वाटर सिक्योरिटी प्लान तैयार कराया जाये। कुशल जल उपयोग के उपायों को अपनाने के लिये लोगों को प्रेरित किया जाये। उन्होंने कहा कि जल संचयन के क्षेत्र में कार्य कर रहे विभिन्न विभागों यथा-कृषि, ग्राम विकास, उद्यान, लघु सिंचाई आदि विभाग में संचालित योजनाओं के कन्वर्जेन्स के माध्यम से ग्राम पंचायत वार जन सहभागिता के द्वारा विकसित वाटर सिक्योरिटी प्लान में डिमाण्ड साइड एवं सप्लाई साइड में विभिन्न प्रस्तावित गतिविधियों व कार्यों का क्रियान्वयन कराया जाये।उन्होंने कहा कि कम जल खपत वाली सिंचाई प्रणालियों व तकनीकों से युक्त सिंचाई क्षेत्रफल में वृद्धि की जाये। कम जल खपत वाली फसलों को अपनाकर फसल चक्र में परिवर्तन किया जाये। बैठक में प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) बलकार सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

घर में घुसकर महिला की हत्या

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में दिन-दहाड़े घर में घुसकर 60 साल की बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि तीन बदमाश लूट के इरादे के घर में घुसे थे। महिला के विरोध पर बदमाशों ने गला दबाकर उसे मार डाला। घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची। महिला के शरीर पर कोई गोली या चाकू के निशान नहीं है। फॉरेंसिक टीम भी मौके पर है। वहीं, पुलिस जांच कर रही है। मामला गाजीपुर थाना क्षेत्र के शक्तिनगर एफएम अपार्टमेंट का है। महिला का नाम नफीस फातिमा है। पति वसीम ठेकेदार है। घटना के वक्त वह घर से बाहर किसी काम से गया हुआ था। महिला काफी समय से बीमार थी। ब्लड टेस्ट लेने पहुंचे कर्मचारी से हुई परिजनों को घटना की जानकारी हुई है।

पुलिस ने की अनसुनी, मुख्यमंत्री से हुई शिकायत

लखनऊ । लगता है, राजधानी की पुलिस फिर किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रही है। सनब्रीज अपार्टमेंट में रहने वाले एक अफसर सोसाइटी में सांप्रदायिक उन्माद फैला रहे हैं। स्थानीय लोग डरे सहमें हैं। स्थानीय महिलाओं का आरोप है कि देर रात तक असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है जो महिलाओं से छींटाकशी करते हैं। स्थानीय निवासियों ने नजदीकी थाने में इसकी शिकायत की है लेकिन पुलिस लचर कार्यवाही की आदत छोड़ नही रही। उसकी कार्यवाही 9 दिन चले अढ़ाई कोस वाली है। शिकायत के बावजूद कार्यवाही न होने पर पीड़ितों ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है।

कर्मचारियों की समस्याओं पर नहीं दिया जा रहा ध्यान सभी मामलों में लगाए जा रहे हैं आब्जेक्शन

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने अवगत कराया है की वित्त विभाग के विशेष सचिव सभी पर भारी है। कर्मचारियों से संबंधित जो पत्रावली विभिन्न विभागों से वित्त विभाग को संदर्भित की जाती है उन सभी पर केवल ऑब्जेक्शन हीं लगाए जाते हैं।जेएन तिवारी ने वित्त विभाग के इस रवैए से क्षुब्ध होकर आज मुख्य सचिव को उनके अधिकारिक मेल आईडी पर एक ज्ञापन भेजा है। उन्होंने ज्ञापन में अवगत कराया है कि मुख्य सचिव स्तर पर निर्णीत सभी बिंदु वित्त विभाग में लंबित है। मंत्रिपरिषद के निर्णय के बावजूद प्रदेश के विभिन्न राजकीय विभागों के संविदा कर्मचारियों की संविदा राशि में संशोधन का आदेश वित्त विभाग की अडंगेबाजी के कारण नहीं हो रहा है। आयुष विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के संविदा कर्मियों को सातवें वेतन आयोग के क्रम में संविदा राशि के संशोधन का प्रस्ताव वित्त विभाग में लंबित पड़ा हुआ है। सरकारी विभागों में कार्यरत वह संविदा कर्मी जिनकी नियुक्ति पारदर्शी तरीके से चयन समिति के नियमों के अधीन की गई है तथा जिनको छठे वेतन आयोग का लाभ मिल रहा है तथा शासन द्वारा समय-समय पर देय महंगाई भत्ते का लाभ भी मिल रहा है, उन कर्मचारियों की संविदा राशि में संशोधन के प्रकरण पर भी वित्त विभाग लगातार एतराज लगा रहा है। जे एन तिवारी ने जानना चाहा है कि क्या वित्त विभाग द्वारा सरकार का खजाना कर्मचारियों को नियमानुसार देय वेतन भत्ते की कटौती से ही भरा जाएगा? ऐसा करने से सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है। कर्मचारी सरकार से पहले से ही नाराज है ऊपर से वित्त विभाग कर्मचारियों के हितों पर कैंची चलाने पर उतारू है। मुख्य सचिव समिति को पिछले 6 माह में विसंगति से संबंधित कोई प्रस्ताव नहीं भेजे गए हैं।

आदिवासी युवक पर पेशाब करने की घटना पर भड़कीं मायावती

> कहा, आरोपी की संपत्ति जब्त कर हो ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

लखनऊ । बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने बुधवार को मांग की कि मध्य प्रदेश के सीधी जिले में एक आदिवासी व्यक्ति पर पेशाब करने के आरोपी व्यक्ति की संपत्ति जब्त कर ली जाए या उसे ध्वस्त कर दिया जाए। भोपाल में अधिकारियों ने कहा कि आरोपी के खिलाफ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम और कड़े राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मायावती ने ट्वीट कर लिखा कि मध्य प्रदेश के सीधी जिले में एक आदिवासीध्दलित युवक पर स्थानीय दबंग नेता द्वारा पेशाब किए जाने की घटना अति-शर्मनाक, जिस अमानवीय कृत्य की जितनी भी निन्दा की जाए वह कम। इसका वीडियो वायरल होने के बाद ही सरकार का जागना इनकी संलिप्तता को साबित करता है, यह भी अति-दुःखद। इसके बाद मायावती ने एक अन्य ट्वीट में लिखा कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा इस सम्बंध में मुजरिम को बचाने व उसे अपनी पार्टी का न बताने आदि को त्याग कर उस अपराधी के खिलाफ केवल एनएसए नहीं बल्कि उसकी सम्पत्ति को जब्त,ध्वस्त करने की कार्रवाई करनी चाहिए। ऐसी घटनायें सभी को शर्मसार करती हैं।

यूपी के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा से राज्य के 2022 बैच के युवा आईएएस और आईएफएस अफ़सरों ने लोकभवन में मुलाकात की

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल इंदिरा नगर इकाई गठन के लिए बनी कमेटी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय में सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता की उपस्थिति में हुआ। प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के समक्ष इंदिरा नगर क्षेत्र के 200 व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा, व्यापारियों के हितों की रक्षा करना आदर्श व्यापार मंडल का उद्देश्य है। उन्होंने व्यापारियों का स्वागत करते हुए कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करने का आश्वासन दिया। व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगले सप्ताह उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल, इंदिरा नगर इकाई का गठन होगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल इंदिरा नगर इकाई के गठन के लिए 6 सदस्य प्रभारी कमेटी बनाई गई।प्रभारी कमेटी में निखिल तोलानी, विक्की दयालानी, प्रदीप सचदेवा, दीपक चौहान, अखिलेश सिंह ,हर्ष केसरी इंदिरा नगर के प्रभारी नियुक्त किए गए।इस अवसर पर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन जयसवाल, लखनऊ के वरिष्ठ व्यापारी नेता अमिताभ श्रीवास्तव ,उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल लखनऊ के नगर उपाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव विशेष रुप से उपस्थित रहे।

15 जनपदों में नवीन आवासीय राजकीय संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों की होगी स्थापना

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

उत्तर प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने योजना भवन स्थित सभागार में प्रेस प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि संस्कृत शिक्षा के क्षेत्र में रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद द्वारा वर्तमान सत्र में 4 डिप्लोमा पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ किया जा रहा है। जिसमें छात्रों को पौरोहित्य (कर्मकाण्ड), व्यवहारिक वास्तुशास्त्र, व्यवहारिक ज्योतिष तथा योग विज्ञानम् में एक वर्षीय डिप्लोमा मिलेगा। उन्होंने बताया कि डिप्लोमा पाठ्यक्रम मान्यता प्राप्त विद्यालयों में स्ववित्तपोषित आधार पर संचालित होगें। पाठ्यक्रम एक वर्षीय तथा दो सेमेस्टर में विभाजित होगा। इंटर्नशिप के माध्यम से व्यवहारिक ज्ञान पर अधिक बल दिया जायेगा। इन डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में उत्तर मध्यमा

> संस्कृत शिक्षा के क्षेत्र में रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद द्वारा वर्तमान सत्र में 4 डिप्लोमा पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ किया जा रहा है।

(कक्षा 12वीं) या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थी प्रवेश हेतु पात्र होंगे, इसमें उच्च परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी प्रवेश ले सकते है। प्रवेश हेतु कोई आयु सीमा नहीं होगी। संस्कृत विद्यालयों में डिप्लोमा पाठ्यक्रम चलाने हेतु अध्यापकों की व्यवस्था प्रबन्ध समिति द्वारा अपने निजी स्त्रोतों के माध्यम से की जायेगी। इसी प्रकार परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार करते हुए ऑनलाइन परीक्षा आवेदन, अग्रिम पंजीकरण और परीक्षा केन्द्रों पर

सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा की व्यवस्था प्रारम्भ की गयी। प्रदेश में केवल 2 राजकीय संस्कृत माध्यमिक विद्यालय थे। किन्तु प्रदेश सरकार द्वारा वाराणसी, रायबरेली, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, जालौन, अमेठी, मुरादाबाद, एटा, हरदोई, गोरखपुर, अयोध्या, प्रयागराज, चित्रकूट तथा मथुरा सहित कुल 15 जनपदों में नवीन आवासीय राजकीय संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना का निर्णय लिया है। सहायता प्राप्त 900 संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों की आधारित संरचना के विकास, विस्तार और सुदृढ़ीकरण हेतु प्रथम बार धनराशि 100 करोड़ रूपये की स्वीकृत प्रदान की गयी है, जिसमें 95 प्रतिशत धनराशि राज्य सरकार तथा 5 प्रतिशत धनराशि की व्यवस्था सम्बन्धित विद्यालय व संस्था की प्रबन्ध समिति द्वारा की जायेगी। इन सहायता प्राप्त विद्यालयों को साज-सज्जा और फर्नीचर इत्यादि के लिये 5 करोड़ रूपये की अतिरिक्त धनराशि भी प्रथम बार दी गयी। सहायता प्राप्त संस्कृत विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिये प्रथम बार पारदर्शी चयन प्रक्रिया बनायी गयी है। 518 मानदेय शिक्षकों की तैनाती की गयी है। प्रथम बार संस्कृत विद्यालयों के प्रधानाचार्यो एवं अध्यापकों की दक्षता के लिये 5 दिवसीय सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण 20 जुलाई से प्रारम्भ किया जा रहा है, जिसमें वित्तीय एवं विद्यालय प्रबन्धन के साथ-साथ नवाचार शिक्षा का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

जरूरतमंदों की सेवा करके समाजसेवी ने मनाया अपना जन्म दिवस

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

सेवाभाव के धनी वरिष्ठ समाजसेवी मुरलीधर आहूजा का जन्मदिन 5 जुलाई को बहुत भव्यता और उत्साह के साथ मनाया गया।मुरलीधर विजयश्री फाउंडेशन के सम्मानित संरक्षक हैं, जन्मदिन के अवसर पर समाज के सम्मानित महानुभावों के द्वारा उनके जन्मदिवस को हर वर्ष सेवा भाव दिवस के रूप में मनाया जाता है।उनके जन्मदिन पर आज सारा दिन आयोजन हुये। इस क्रम में सुबह राजनारायण लोकबंधु संयुक्त चिकित्सालय, एलडीए कॉलोनी स्थित बीमार रोगियों के मध्य, फलों का वितरण किया गया।यह कार्यक्रम आशियाना परिवार द्वारा आयोजित किया गया।इसी तरह शिवशांति आश्रम में वृद्ध लोगों की सेवा सत्संग और प्रसाद वितरण किया गया।दोपहर देवपुर सिंधी कॉलोनी पारा में डॉक्टर आदर्श त्रिपाठी,डॉक्टर अनुज मौर्य,डॉक्टर नीतू सिंह,डॉक्टर सिवांगी,डॉक्टर राधेश्याम,डॉक्टर नेहा की निगरानी में एक भव्य निशुल्क मेडिकल कैम्प का भी आयोजन किया गया।जिसमें मशहूर डॉक्टर आदर्श त्रिपाठी द्वारा जर्मन मशीन से जरूरतमंदो के शरीर की जांच की गयी। इस अवसर पर लोगो की पैथोलॉजी द्वारा खून की जांच की गयी।इसी के साथ आंखों की तथा दांत की भी जांच भी की गई और लोगो को निशुल्क दवाएं वितरित की गयी। इसके अलावा इस कैंप में पैन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, तथा वृद्धावस्था तथा विधवा पेंशन का रजिस्ट्रेशन भी निशुल्क किया गया। इसके बाद मुरलीधर आहूजा ने मेडिकल कॉलेज में प्रसादम सेवा केंद्र में फूड मैन विशाल सिंह की उपस्थिति निशक्त तीमारदारों को भोजन परोस कर उनकी सेवा की तथा गरीब जरूरतमंदो के लिए संत अमर शहीद संत कंवर राम (रैन बसेरे) का फीता काटकर आहूजा परिवार द्वारा शुभ उद्घाटन किया गया।

मुख्य सचिव ने डीएम-एसपी के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में ग्राम्य विकास, नगर विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कृषि, राजस्व, सामान्य प्रशासन व परिवहन विभाग के कार्यो तथा आईजीआरएस एवं सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की गई।

अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि आगामी 7 जुलाई, 2023 को प्रधानमंत्री का वाराणसी में कार्यक्रम प्रस्तावित है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों को पीवीसी कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चाभी, पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋण वितरित किया जायेगा, अतः वाराणसी में आयोजन की समस्त तैयारियों को समय से पूरा करा लिया जाये। इसके अतिरिक्त 7 जुलाई को पूरे प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाये। पूरे प्रदेश में उत्सव का माहौल होना चाहिये। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के सजीव प्रसारण की व्यवस्था की जाये। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को अवश्य आमंत्रित किया जाये। उन्होंने कहा कि पी एम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत सभी निकायों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये। कार्यक्रम में ऋण प्रमाण पत्रों का वितरण, जनपद में सर्वाधिक डिजिटल ट्रांजेक्शन करने वाले 05 वेण्डर्स को सम्मानित, परिचय बोर्ड का वितरण, 'मैं भी डिजिटल' सम्बन्धी जागरूकता गोष्ठी का आयोजन सहित विभिन्न गतिविधियां स्थानीय आवश्यकता एवं सुविधानुसार आयोजित की जाये। बैंक द्वारा आपत्ति लगाकर वापस किये गये ऋण आवेदनों की आपत्तियों का निस्तारण कराते हुये

> अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि आगामी 7 जुलाई, 2023 को प्रधानमंत्री का वाराणसी में कार्यक्रम प्रस्तावित है कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों को पीवीसी कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चाभी, पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋण वितरित किया जायेगा, अतः वाराणसी में आयोजन की समस्त तैयारियों को समय से पूरा करा लिया जाये

बैंकों को पुनः प्रेषित कर दिया जाये। वेण्डर्स को बैंकों तक ले जाने हेतु जोनवार बैंकवार एवं शाखावार कर्मियों की ड्यूटी लगायी जाये तथा इसके अनुश्रवण हेतु नोडल अधिकारी भी नियुक्त किये जाएँ। इसी प्रकार ग्राम्य विकास तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से ग्रामीण, ब्लाक, तहसील स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन कराया जाये। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों को पी0वी0सी0 कार्ड व प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रतीकात्मक चाभी का वितरण कराया जाये। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के प्रति लोगों को जागरूक किया जाये। पीवीसी कार्ड के बारे में भी उन्हें जानकारी दी जाये।उन्होंने कहा कि प्रदेश में आगामी 10 अगस्त से 25 सितम्बर, 2023 तक खरीफफसल का डिजिटल क्राप सर्वे (ई-पड़ताल) प्रस्तावित है। डिजिटल सर्वे के तहत सर्वेयर द्वारा किसान के खेत पर जाकर

फसलों की जियो रेंफ्रेंस आधारित फोटो को अपलोड किया जायेगा। सर्वे एक समयबद्ध कार्यक्रम है और इसमें ट्रेनिंग का महत्वपूर्ण रोल है, इसलिये समय-सारिणी का विशेष ध्यान रखा जाये। सर्वे के लिये डिस्ट्रिक मास्टर ट्रेनर्स और तहसील मास्टर ट्रेनर्स की ट्रेनिंग 10, 11 व 12 जुलाई को प्रस्तावित है और सर्वेयर, सुपरवाइजर और वेरीफायर की ट्रेनिंग 20 जुलाई से पहले पूरी होनी है, अतः सभी जनपदों द्वारा सर्वेयर, सुपरवाइजर और वेरीफायर का चिन्हांकन करते हुये सूची सम्बन्धित विभाग को शीघ्र उपलब्ध करा दी जाये। उन्होंने कहा कि आगामी 17 जुलाई से 31 जुलाई, 2023 तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में निर्गत दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये। सड़क दुर्घटना एवं दुर्घटना में मृतकों की संख्या में कमी लाने के लिये हर संभव प्रयास किये जायें। स्थानीय स्तर पर सड़क दुर्घटना के कारणों चिन्हांकन कर समयबद्ध एवं प्रभावी कार्यवाही की जाये। ब्लैक स्पाट्स सुधार किया जाये तथा दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों से पूर्व साइनेजज लगवाये जायें। सभी विभागों के कार्यालय परिसर में बिना हेल्मेट लगाये कार्मिकों का प्रवेश निषिद्ध करते हुये उन्हें अनुपस्थित माना जाये। कार्यालय परिसर में चेतावनी सूचक बोर्ड भी लगाया जाये।

ग्राम पंचायतों को वाद्ययंत्र खरीद के लिए संस्कृति विभाग देगा 30 हजार रुपये अनुदानः जयवीर

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

ग्राम पंचायत स्तर पर लोक कलाओं एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के सुचारू रूप से संचालन, प्रशिक्षण तथा गुरू शिष्य परम्परा को बनाये रखने के लिए प्रदेश की ग्राम पंचायत को एक सेट वाद्ययंत्र खरीद के लिए 30 हजार रूपये की धनराशि संस्कृति विभाग द्वारा अनुदान के रूप में प्रदान की जायेगी। वाद्ययंत्र के एक सेट में हारमोनियम, ढोलक, झांज, मंजीरा, करताल व घुंघरू आदि शामिल होंगे। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह निर्णय संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को जीवन्त बनाये रखने के लिए लिया गया है। उन्होंने बताया कि एक सेट वाद्ययंत्र की धनराशि 30 हजार से अधिक होने पर

संस्कृति विभाग द्वारा 15 हजार रूपये तक का अधिकतम अनुदान संबंधित ग्राम पंचायत को दिया जायेगा। शेष धनराशि संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा वहन की जायेगी। वाद्ययंत्रों को उपलब्ध कराये जाने संबंधित कार्य योजना के संबंध में प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम ने शासनादेश जारी कर दिया है। लोक कलायें हमारी समृद्ध संस्कृति

योजना

- एक सेट में शामिल होंगे ढोलक, घुंघरू हारमोनियम, झांज, मंजीरा और करताल

का अटूट हिस्सा रही है। ग्रामीण अंचलों में लोक कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के सुचारू रूप से संचालन के लिए वाद्ययंत्रों की अहम भूमिका होती है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि लोक कलाओं एवं कलाकारों को संरक्षण प्राप्त न होने से बहुत सी लोक कलायें तथा वादयंत्र विलुप्त की कगार पर पहुंच चुके हैं। ऐसे स्थिति में लोक कलाओं एवं वादयंत्रों को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए अनुदान की व्यवस्था की गयी है। ग्रामीण अंचलों में लोक कलाकारों द्वारा विभिन्न अवसरों पर लोक कलाओं का प्रस्तुतीकरण कर जीवन्त बनाये रखने का प्रयास किया जा रहा है। उनके मानवर्धन के लिए वादयंत्रों का सेट दिये जाने का निर्णय लिया गया है। प्रथम चरण में जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक जनपद के 50 ग्राम पंचायतों, जहां सांस्कृतिक गतिविधियॉ निरन्तर संचालित की जाती हों का चयन कर संस्कृति विभाग को संस्तुति भेजी जायेगी। जिलाधिकारी से पर्याप्त मात्रा में आवेदन प्राप्त न होने की दशा में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के माध्यम से अग्रसारित आवेदन पत्र सीधे स्वीकार्य किये जा सकेंगे। पूर्व में भजन कीर्तन मण्डली गुरू शिष्य परम्परा, स्थानीय लोकगीत, लोकनृत्य, भजन, संस्कार गीत, नुक्कड़ नाटक आदि सांस्कृति कार्यक्रमों का संचालन करने वाली ग्राम पंचायतों को अनुदान दिये जाने में प्राथमिकता दी जायेगी।

उत्तर प्रदेश भाजपा को मिल सकता है नया प्रभारी

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा का शीर्ष नेतृत्व पू एक्टिव मोड़ पर है । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई हाइलेबल मीटिंग के बाद 2024 के चुनाव के लिए नई रणनीति पर काम शुरू हो गया है। भारतीय जनता पार्टी ने पिछले दिनों चार राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष को बदला है। अब लोकसभा सीट के हिसाब से सबसे ज्यादा लोकसभा सीटों वाले राज्य उत्तर प्रदेश पर विशेष नजर है। उत्तरप्रदेश की 80 लोकसभा सीट के लिए प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का फोकस उत्तरप्रदेश पर है। भाजपा के थिंक टैंक कहे जाने वाले नेता शाह दो जुलाई को लखनऊ दौरे पर आए थे। इसके बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी दिल्ली रवाना हो गए थे।2 दिन के दिल्ली प्रवास के दौरान श्री चौधरी ने तमाम बड़े नेताओं से मुलाकात की। इसी बीच उनकी और गुजरात के पूर्व डिप्टी सीएम नितिन पटेल की भेंट हुई और इसी के साथ प्रदेश में नए प्रभारी की चर्चा तेज हो गई है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर धर्मेंद्र प्रधान और सीआर पाटिल के नाम पर चर्चा हुई थी। उत्तर प्रदेश के प्रभार उसी को दिया जाएगा जिसपर प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अपनी मुहर लगाएंगे। कय्यास लगाए जा रहे हैं कि उत्तर प्रदेश की कमान गुजरात के हाथो रहने वाली है। नए प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष की नई टीम के साथ 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 2014 और 2019 वाला करिश्मा दिखा पाते हैं या नहीं ,ये तो बाद की बात है। पहले ये तो तय हो जाये प्रभारी नया आयेगा या अटकलबाजी पर विराम लग जायेगा।

इंदिरा नगर क्षेत्र के 200 व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की सदस्यता ली

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय में सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता की उपस्थिति में हुआ। प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के समक्ष इंदिरा नगर क्षेत्र के 200 व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा प्रत्येक व्यापारियों के हितों की रक्षा करना आदर्श व्यापार मंडल का उद्देश्य है उन्होंने सभी व्यापारियों का स्वागत करते हुए कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करने का आश्वासन दिया। व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संजय गुप्ता ने बताया अगले सप्ताह उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल, इंदिरा नगर ष्काई का गठन होगा।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल इंदिरा नगर इकाई के गठन के लिए 6 सदस्य प्रभारी कमेटी बनाई गई। प्रभारी कमेटी में निखिल तोलानी, विक्की दयालानी, प्रदीप सचदेवा, दीपक चौहान, अखिलेश सिंह ,हर्ष केसरी इंदिरा नगर के प्रभारी नियुक्त किए गए। संगठन की सदस्यता लेने वालों में मुख्य रूप से विक्की दयालानी, निखिल तोलानी, अंकुर कुमार लखवानी ,प्रदीप सचदेवा, निखिल विश्ननी, अमन बख्शी, हर्ष केसरी ,तरुण वाधवानी, अखिलेश सिंह, सनी भाटिया ,राज जयसवाल ,दीपक चौहान, डॉ हिमांशु ,श्रीमती सुनीताबब्रा, डॉक्टर विजेंद्र पाल सिंह, श्रवण कुमार, शशि प्रताप सिसोदिया ,ओम हेमलानी ,प्रियंका हेमनानी, रितेश हेमनानी ,आयुष्मान अग्रवाल, मनीष मिश्रा, हरपाल नागबानी, डॉक्टर गीता वर्मा, सजीव कुमार सिंधी, दीपक अग्रवाल, अजय कुमार, पवन कुमार, राहुल शर्मा, गीतिका खन्ना, देवेश सिंह ,गोविंद यादव, श्रवण कुमार सहित 200 व्यापरीयो ने सदस्यता ली। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन जयसवाल, लखनऊ के वरिष्ठ व्यापारी नेता अमिताभ श्रीवास्तव ,उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल लखनऊ के नगर उपाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव विशेष रुप से उपस्थित रहे।

जानकीपुरम सहारा स्टेट रोड पर रोज लगता है भीषण जाम

समृद्धि न्यूज लखनऊ

जानकीपुरम सहारा स्टेट के बाहर बीच में कवर नाले के दोनों साइड बेतरतीब सीधी और उल्टी दिशा में जाती गाड़ियां भीषण जाम से जूझते जानकीपुरम व आसपास के निवासी। एक साइड में तीन तीन लाइनों में चलती गाड़ियां दूसरी ओर विपरीत दिशा से चलती हुई स्कूल बसें तथा अन्य गाड़ियां। सहारा गेट के बाहर पिंक बूथ होने के बावजूद पुलिस का कोई सहयोग नहीं मिलता। सहारा स्टेट के बाहर मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण की वजह से प्रतिदिन भीषण जाम लगता है। इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा से स्पोर्ट्स कॉलेज रोड पर जाने वाला सारा ट्रैफिक टेढ़ी पुलिया चौराहे से ना जाकर सहारा एस्टेट गेट के मोड़ से आते जाते हैं जिससे दिनभर ट्रैफिक जाम लगा रहता है।

मुसीबत

- सहारा गेट के बाहर पिंक बूथ होने के बावजूद पुलिस का कोई सहयोग नहीं मिलता

जानकीपुरम सहारा स्टेट रोड हाईवे की तरह इस्तेमाल हो रही है 24 घंटे तेज रफ्तार बड़ी गाड़ियां आती जाती है। यहां के निवासी बहुत परेशान हैं कई एक्सीडेंट भी हो चुके हैं क्या किसी बड़े एक्सीडेंट का इंतजार है। जानकीपुरम निवासी हास्य व्यंगकार श्यामल मजूमदार का कहना है। यह रेजिडेंशियल एरिया है यहां हाईवे की तरह हर तरह की गाड़ियों का संचालन अर्थात आना जाना नहीं होना चाहिए, यह बहुत गंभीर समस्या है। इसका तुरंत निराकरण होना चाहिए।

प्रदेश सहकारिता कार्यशाला कार्यक्रम में सम्मिलित होते सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर

रोजगार के सवाल 15 जुलाई को कांस्टीट्यूशन क्लब दिल्ली में संयुक्त युवा मोर्चा का राष्ट्रीय अधिवेशन

समृद्धि न्यूज लखनऊ

रोजगार के सवाल पर देशव्यापी आंदोलन संगठित करने के लिए 113 संगठनों द्वारा बनाए गए संयुक्त युवा मोर्चा ने 15 जुलाई को कांस्टीट्यूशन क्लब नई दिल्ली में राष्ट्रीय अधिवेशन बुलाया है। इसमें प्रमुख रूप से रोजगार अधिकार की कानूनी गारंटी, राज्यों व केंद्र सरकार में रिक्त पड़े एक करोड़ पदों को पारदर्शिता के साथ समयबद्ध भरने, सरकारी नौकरी में संविदा व आउटसोर्सिंग व्यवस्था को खत्म करने और रेलवे, पोर्ट, बैंक, बिजली-कोयला, इस्पात, संचार समेत शिक्षा-स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक क्षेत्रों में निजीकरण निषिद्ध करने जैसे मुद्दे

योजना

- रिक्त पदों को भरने और रोजगार सृजन के लिए संसाधन जुटाने के लिए कारपोरेट्स पर लगे टैक्स

शामिल हैं। इसके अलावा रोजगार सृजन के लिए संसाधनों को जुटाने के लिए कारपोरेट्स पर संपत्ति व उत्तराधिकार जैसे टैक्स लगाने की भी मांग की जा रही है। उक्त जानकारी युवा मंच संयोजक राजेश सचान ने दी। युवा मंच कार्यकारिणी सदस्य ई. राम बहादुर पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अमूमन चयन प्रक्रिया ठप है, आईटीआई अनुदेशक, टीजीटी पीजीटी, असिस्टेंट प्रोफेसर, जेई 2018 समेत तमाम भर्तियां अधर में लटकी हुई हैं। प्रदेश में 6 लाख से ज्यादा पद रिक्त हैं लेकिन चुनावीं वाद भी इन्हें भरने भरने से इंकार किया जा रहा है। शिक्षकों से लेकर स्वास्थ्य एवं तकनीकी संवर्ग समेत विभिन्न विभागों में आउटसोर्सिंग व संविदा व्यवस्था से काम कराया जाना रिक्त पदों पर नियमित भर्ती से इंकार करने की प्रमुख वजह है। प्रदेश में चयन प्रक्रिया में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद का बोलबाला है। इन मुद्दों को भी संयुक्त युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अधिवेशन में उठाया जाएगा। युवाओं से अपील की कि राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाएं।

अब 9 जुलाई को शिया कॉलेज में शैक्षिक सम्मेलन होगा

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

इमामिया एजुकेशनल ट्रस्ट के महासचिव मौलाना अली हुसैन कुम्मी ने बताया कि इमामिया एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा आयोजित शैक्षिक सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम रविवार 9 जुलाई को शाम 4 बजे आसफी इमामाबाद हुसैनाबाद लखनऊ में आयोजित किया जाना था। अब यह 9 जुलाई को शाम 4 बजे शिया पीजी कॉलेज, विक्टोरिया स्ट्रीट, लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण सिर्फ आयोजन स्थल बदला गया है और तारीख और समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है.उन्होंने कहा कि शैक्षिक सम्मेलन में 900 विद्यार्थियों के बीच लॉटरी निकाल कर कई बड़े पुरस्कार और कई बुद्धिजीवियों को सम्मानित किया जायेगा।

केंद्र की योजनाओं की जमीनी हकीकत परखेंगे अफसर

समृद्धि न्यूज लखनऊ

2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं। भारतीय जनता पार्टी ने तैयारियां शुरू कर दी है। चुनाव के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ रही है। उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों को जीतने के लिए भाजपा ने कमर कसी है। केंद्र की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए महासंपर्क अभियान चल रहा है। केंद्रीय योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। मथुरा और आगरा की जिम्मेदारी नगरी निकाय निदेशालय की अपर निदेशक ऋचु सुहास को सौंपी गई है।राज्य सरकार और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ आम आदमी को मिल पा रहा है या नहीं इसकी हकीकत जानने के लिए अधिकारियों की तैनाती की गई है।

चुनाव तैयारी

- ऋतु सुहास को मिली मथुरा और आगरा की जिम्मेदारी,आज पहुँच सकतीं हैं मथुरा

आईएएस और पीसीएस अधिकारियों को 2 या 4 जिले की जिम्मेदारी दी गई है। यह अधिकारी जिलों में जाकर योजनाओं की जमीनी हकीकत जानेंगे और उसकी रिपोर्ट शासन को सौंपेंगे। अधिकारियों की रिपोर्ट अनुसार अगर किसी योजना में कमी पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफकार्रवाई हो सकती है।आगरा और मथुरा जिले में योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने की जिम्मेदारी नगर निकाय निदेशालय में अपर निदेशक के पद पर तैनात ऋचु सुहास को दी गई है। ऋचु सुहास तेजतर्रार अधिकारियों में गिनी जाती हैं। यह अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री डिजिटल योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री किसान केवाईसी, रेल कौशल विकास योजना, अग्निपथ, नरेगा, आयुष्मान भारत आदि योजनाओं की जांच करेंगी। कल 6 जुलाई तक ऋचु सुहास मथुरा पहुंच सकती है।

फूलपुर से लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं नीतीश बाबू!

नीतीश भी वाया यूपी जाना चाहते दिल्ली

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

यूपी के ऐतिहासिक फूलपुर संसदीय क्षेत्र से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 2024 में लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलों को फिर पंख लगे हैं। इसकी वजह क्षेत्र में कराया जा रहा सर्वे है। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू फूलपुर सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी वाया यूपी दिल्ली के सिंहासन तक पहुँचे हैं। शायद नीतीश बाबू भी वाया उत्तर प्रदेश दिल्ली पहुँचना चाहते हों। जनता दल यूनाईटेड के पदाधिकारी गोपनीयता बरत रहे हैं लेकिन भाजपा चौकन्नी है। फूलपुर की भाजपा सांसद केशरीदेवी पटेल कहती हैं, सब लगे हैं, चुनाव लड़ने से कोई किसी को रोक नहीं सकता। पटेल बाहुल्य इस क्षेत्र में लगभग 19.75 लाख मतदाता हैं। चार लाख पटेल मतदाता हैं वो जिसके पक्ष में झुकते हैं उसका पलड़ा भारी होता है। फूलपुर का प्रतिनिधित्व पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू कर चुके हैं इसलिए ये सीट हमेशा से खास है। कुछ राजनीतिक विश्लेषको की राय है कि नीतीश

कुमार यहां से लोकसभा चुनाव लड़कर अपनी छवि राष्ट्रीय स्तर के नेता की बनाना चाहते हैं। तीर कमान लगे झंडे वाली कार इस संसदीय क्षेत्र में दौड़ने लगीं हैं। युवा जनता दल के राष्ट्रीय सचिव नीरज पटेल आंतरिक सर्वे की बात मानते हैं। पटना कार्यालय में एमएलसी संजय सिंह को रिपोर्ट दी गई है। नीतीश कुमार यूपी में चुनाव लड़ते हैं तो फूलपुर से ही लड़ेंगे। नीतीश कुमार 2004 के लोकसभा चुनावों में बाढ़ एवं नालंदा से चुनाव लड़े थे। नालंदा से जीते परंतु बाढ़ की सीट हार गए। यदि फूलपुर से वह चुनाव मैदान में उतरते हैं तो करीब 20 साल बाद फिर लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। अपने गृहराज्य से बाहर किसी अन्य राज्य में उनके लोकसभा चुनाव लड़ने का यह पहला मौका होगा।केशरीदेवी पटेल फूलपुर से भाजपा सांसद केशरीदेवी पटेल आश्वस्त हैं कि नीतीश कुमार की दाल नहीं गलेगी। पहले भी कुछ लोग आए। क्षेत्रीय लोगों ने उन्हें खारिज कर दिया। उनका इशारा सोनेलाल पटेल तथा कौशलेंद्र पटेल की ओर है।अपना दल संस्थापक सोनेलाल पटेल इस क्षेत्र से कभी चुनाव नहीं जीत पाए जबकि यह पटेल बाहुल्य है। वाराणसी के महापौर रह चुके कौशलेंद्र पटेल उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद हुए चुनाव में भाजपा से उतरे थे,उन्हें सपा के नागेंद्र पटेल से शिकस्त मिली है।

धर्म और जाति की राजनीति कर रही एनडीए की सरकारः राजद

लखनऊ। राष्ट्रीय जनता दल उप्र के कार्यकर्ताओं ने आज पार्टी का 27वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। राजद के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह ने मीटिंग की अध्यक्षता की।राजद के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा, सभी दलों को एकजुट होकर भाजपा को सत्ता से हटाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय जनता दल 2024 मे भाजपा के लिए बहुत बड़ी चुनौती बनने जा रहा है। एनडीए सरकार को सत्ता से हटाने का मन जनता बना चुकी है क्योंकि इनकी कथनी और करनी में फर्क को जान चुकी है। प्रदेश के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। राजद नेताओं ने भ्रष्टाचार और देश में फैल रहीआरजकता पर चिंता जाहिर की। दारुलसफा के कामन हाल में आयोजित समारोह में पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रीय जनता दल रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव अंगारा ने कहा कि वर्तमान में एनडीए की सरकार जनता के हितों पर ध्यान न देकर धर्म और जाति की राजनीति कर रही है। वह देश के लिए बहुत नुक्सानदेह है। हम सबको इस विषय में गंभीरता से चिंतन करना चाहिए। 2024 के लोकसभा चुनाव आने वाले है।

डॉक्टर इंजीनियर आईएएस बनने के साथ अच्छा इंसान भी बनना जरूरी : मसूद आलम

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

बुधवार को सरकुलर रोड स्थित जेपी पैलेस में प्रतिभा सम्मान समारोह डॉक्टर ओएन पाण्डेय की अध्यक्षता व डॉक्टर मो0 सादिर खान के संरक्षण एवं मसूद आलम खाँ के संयोजन में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मदर टेरेसा फाउण्डेशन के संस्थापक पूर्व विधायक मो0 अरशद खाँ और विशिष्ट अतिथि हाजी मुश्फिक़ खाँ रहे।

कार्यक्रम का संचालन सैय्यद इरफान मोइन ने की जबकि नजमी कमाल खाँ ने कार्यक्रम का मक़सद बयान किया और कहा कि ज्ञान का प्रकाश लेकर आज जिन प्रतिभावान छात्र/छात्राओं ने कामयाबी हासिल किया है आज उन्हें यहाँ सम्मानित करने का मक़सद यही है कि वह अपने ज्ञान के प्रकाश की लौ को मद्धिम न होने दें बल्कि और ज़्यादा बच्चों को प्रेरित करें ताकि ये रोशनी हर घर तक पहुँच सके जहाँ अभी तक ज्ञान की रोशनी नहीं पहुँच सकी है। मुख्य अतिथि अरशद खाँ ने सभी बच्चों को मुबारकबाद पेश की और कहा कि संघर्ष करते जाइए फल मिलते जायेंगे। डॉक्टर ओएन पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस और पीसीएस बनने के साथ साथ सब से ज़्यादा ज़रूरत इस बात की है कि एक बेहतरीन इंसान बना जाय। डॉक्टर मो0 सादिर खान ने कहा कि अभी तो आप अपनी मेहनत अकेले करके सफलता हासिल कर रहे हैं कल जब पढ़ लिख कर और ट्रेनिंग ले कर मैदाने अमल में आयेंगे तब आपको आपका व्यवहार काम आएगा। इसलिए व्यवहारिक जीवन के मूल्यों पर भी विशेष ध्यान देने की ज़रूरत पड़ेगी। वहीं कार्यक्रम संयोजक मसूद आलम खाँ ने कहा कि मैं जानता हूँ डॉक्टर मो0 सादिर खान साहब ने जब पहली बार हमारे गाँव हलधरमऊ से निकल कर नीट परीक्षा पास किया और एमबीबीएस करके डॉक्टर बने तो उनसे प्रेरित होकर अब हर साल बच्चे नीट जैसे बड़े इम्तिहान पास कर रहे हैं। इस प्रतिभा सम्मान समारोह से आए आप सब से भी प्रेरित हो कर अभी बहुत सारे बच्चे आने वाले वर्षों में सफलता प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम में यूपी बोर्ड हाईस्कूल टॉपर प्रियांशी सोनी और आईसीएसई बोर्ड के इण्डिया टॉपर आर्यन तारिक़ को भी सम्मानित किया गया। साथ ही गोण्डा, बलरामपुर, बहराइच और श्रावस्ती के दर्जनों नीट, जेइई, आईएएस/पीसीएस में चयनित अभियर्थियों और उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर महमूद आलम, डॉक्टर फराज़ नसीम, डॉक्टर आफताब और जवेरिया आफ्ताब, हाजी आमिर, हाजी लतीफुर्रहमान, राजू लारी, ज़ियाउर्रहमान खाँ, सूफियान खाँ, हाजी नसीम, कफील खाँ समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

प्रो. अमन चंद्रा हुईं इतिहास विभाग की अध्यक्ष

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़

एल.बी.एस. कॉलेज के इतिहास विभाग में प्रो. अमन चंद्रा अध्यक्ष/प्रभारी पद पर आसीन हो गई हैं। कृतकार्य प्राचार्य प्रो. वंदना सारस्वत अभी तक उक्त पद पर थीं, उनकी सेवानिवृत्ति के उपरांत प्रो. अमन चंद्रा को यह दायित्व प्रदान किया गया है। इस अवसर पर डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ के महामंत्री प्रो. जितेंद्र सिंह, महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र नाथ मिश्र, उपाध्यक्ष प्रो. राम समुझ सिंह, मंत्री मनीष शर्मा, अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष एवं कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. दीनानाथ तिवारी, शिक्षाशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. शिवशरण शुक्ल, मनीष मोदनवाल, प्रो. जय शंकर तिवारी, अच्युत शुक्ला, संतोष श्रीवास्तव, डॉ. विजय लक्ष्मी, डॉ.ममता शुक्ला, डॉ. हरीश शुक्ल सहित अनेक प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने प्रो. अमन चंद्रा को बधाई दी।

विद्युत विभाग में अधिशाषी अभियंता समेत कई के तबादले

फेरबदल से मचा हड़कंप, अभी और कई निशाने पर

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। विद्युत विभाग में अधिशाषी अभियंता प्रसून त्यागी समेत कई लोगों को हटाया गया है। प्रसून त्यागी को कर्नलगंज विद्युत वितरण खंड तृतीय से हटाकर मध्यांचल मुख्यालय लखनऊ से संबद्ध किया गया है तो वहीं इसके साथ ही साथ विपिन पाण्डेय टीजी-2 कर्नलगंज ग्रामीण से तरबगंज, रोहित गुप्ता टीजी-2 कर्नलगंज टाउन से कर्नलगंज ग्रामीण व धनंजय टीजी-2 को भंभुआ से कर्नलगंज टाउन स्थानान्तरित किया गया है। कर्नलगंज में प्रसून त्यागी की जगह अब महराजगंज में तैनात रहे अधिशाषी अभियन्ता संदीप कुमार को भेजा गया है। विभाग में हुए फेरबदल से हड़कंप मचा हुआ है। सूत्रों की माने तो अभी और कई लोग निशाने पर हैं।

स्थगन आदेश के बावजूद हो रहे अवैध नवनिर्माण को रोके जाने की मांग

कर्नलगंज/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़

स्थानीय कोतवाली व तहसील क्षेत्र के कुतुबपुर निवासिनी पीड़ित महिला सीतापति पत्नी फूलचंद ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर उसकी निजी भूमि पर स्थगन आदेश के बावजूद विपक्षीगण द्वारा किए जा रहे अवैध नव निर्माण रोकवाये जाने की मांग की है।

सीतापति पत्नी फूलचंद ग्राम कुतुबपुर थाना व तहसील करनैलगंज ने दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि प्रार्थिनी एक सीधी-सादी गरीब गृहिणी महिला है। विपक्षीगण देवचंद्र पुत्र राधेश्याम व शिवबालक पुत्र द्वारिका निवासी ग्राम कुतुबपुर थाना कर्नलगंज दबंग व जालसाज किस्म के व्यक्ति हैं। प्रार्थिनी ने अपने भूमि गाटा संख्या 306/0.502 स्थित ग्राम कुतुबपुर के सीमांकन हेतु वाद योजित किया है,जिसमें प्रार्थिनी को स्थगन भी मिला है। इसके बावजूद विपक्षी उपरोक्त गाटे की भूमि पर नवनिर्माण करा रहे हैं तथा प्रार्थिनी के मना करने पर आमादा फौजदारी हो जाते हैं और कहते हैं कि हम तुम्हें जान से मार देंगे नहीं तो तुम यहां से चली जाओ। कहते हैं कि हमारा कुछ नहीं कर पाओगे। तुम चाहे जहां जाओ हमारा कुछ नहीं कर पाओगी।

घटना दिनांक 30.06.2023 को विपक्षीगण लिंटर लगाने चले तो प्रार्थिनी ने मना किया तो विपक्षी गाली देने लगे और कहा तुम हमें नहीं जानती हो हमारा तुम कुछ नहीं कर सकती। चाहे जहां जाओगी तुम हमारा कुछ नहीं कर पाओगी। पीड़ित महिला ने जिलाधिकारी से उपरोक्त गाटे की भूमि पर अवैध नव निर्माण रोकवाये जाने की मांग की है।

एसडीएम कर्नलगंज हीरालाल सहित अरसे से जमे चारों तहसीलों के एसडीएम का तबादला

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। जिले में लम्बे अरसे से जमे चारों एसडीएम का शासन द्वारा तबादला कर दिया गया है। नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता के बाद चारों तहसीलों के उपजिलाधिकारियों का दूसरे जिलों में तबादला हो गया है। फिलहाल इनके कार्यमुक्ति की कार्रवाई अभी नहीं हुई है। नगर मजिस्ट्रेट का प्रभार अपर उपजिलाधिकारी-प्रथम वीके सिंह को मिला है। वहीं चारों एसडीएम के स्थानान्तरण का आदेश जारी हुआ है। मंगलवार को शासन से जारी आदेश में हुए फेरबदल के बाद गोण्डा सदर तहसील के उपजिलाधिकारी कुलदीप सिंह का स्थानान्तरण कासगंज, मनकापुर के उपजिलाधिकारी आकाश सिंह का स्थानान्तरण कौशांबी,कर्नलगंज में अरसे से जमे उपजिलाधिकारी हीरालाल का स्थानान्तरण कुशीनगर और उपजिलाधिकारी तरबगंज शत्रोहन पाठक का स्थानान्तरण बस्ती जनपद के लिए किया गया है। बहरहाल इनके कार्यमुक्ति की कार्रवाई अभी नहीं हुई है।

शौर्य यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं में भरा जोश

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

बजरंग दल गोंडा के विभाग कार्यालय गोंडा स्थित जानकिनगर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक विभाग संयोजक शारदाकांत पाण्डेय के नेतृत्व में सम्पन्न हुई।

बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अवध प्रांत की शौर्य यात्रा आगामी 30 सितंबर को गोंडा जिले से होकर बलरामपुर को प्रस्थान करेगी।जिसमें हजारों कार्यकर्ता यात्रा में शामिल होंगे। उक्त कार्यक्रम से पूर्व सभी प्रखंडों में बजरंग दल की टोली गठित करना आवश्यक है। जिला मंत्री धनंजय मणि त्रिपाठी ने कहा कि आगामी 16 जुलाई को जिले की योजना बैठक की पूर्ण तैयारी आज से ही करना आवश्यक है। 22 व 23 जुलाई को अवध प्रांत की योजना बैठक सीतापुर के विस्वा जिलें में आयोजित है। प्रांत समरसता के पूर्ण कालिक धर्मेंद्र जी ने कहा कि योजना बैठक में आगामी 6 महीने की रूपरेखा सुनश्चित होगी। बजरंग दल के विभाग संयोजक शारदा कांत पांडे ने शौर्य यात्रा में भारी संख्या में उपस्थिति के लिए सभी कार्यकर्ताओं से गांव में पहुंचकर लोगों से यात्रा में शामिल होने के लिए प्रेरित करें तथा इसके लिए आगामी सोलह जुलाई को जिला मुख्यालय पर बैठक में भी भारी संख्या में लोगों के पहुंचने के लिए लोगों से संपर्क करते हुए जागरूक करने के लिए जुट जाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर केपी सिंह, संदीप तिवारी अनिरुद्ध तिवारी, देव नारायण तिवारी करुणेश, विजय, सुनील दुबे, संदीप पाण्डेय , उत्तम सिंह, सुनील, बृजेश, राजन, मिश्रा अजय विशाल श्रीवास्तव, अटल बिहारी, सूरज श्रीवास्तव, राहुल अवस्थी, सज्जन भट्ट, आकाश सागर, दयाशंकर पांडे, विपिन किशोर, मनोज, अजय सिंह, आकाश सागर, रवि मोदनवाल ,हेमंत सिंह, अखिलेश कौशल, विशाल शर्मा, संदीप शर्मा, मुकेश बाबा मनोज अखिलेश कौशल संदीप सोनी सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

खबरें एक नजर में

कर्नलगंज क्षेत्र में खुलेआम हो रही है हरे भरे पेड़ों की अवैध कटान

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज। पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए सरकार चाहे लाख कोशिश कर ले लेकिन जनपद व स्थानीय प्रशासन और वन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से खुलेआम वेशकीमती हरे भरे पेड़ों की अवैध कटान जोरों से की जा रही है और खुलेआम हरियाली पर आरा चलाकर हरे भरे पेड़ों को धराशायी किया जा रहा है। वहीं जिम्मेदार प्रशासन एवं विभागीय अधिकारियों का संरक्षण होने से कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। मालूम हो कि सूबे की सरकार एक तरफ जहाँ 1 जुलाई से 7 जुलाई तक पर्यावरण स्वच्छ बनाये रखने के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम चला रही है तो वहीं गोण्डा जिले के करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर अमरहा में जोरों से हरे भरे पेड़ों की अवैध कटान की जा रही है जिसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को है फिर भी कोई कार्यवाही नही की गई है। बताया जाता है कि उक्त पेंड़ सागौन के हैं जो सरकारी रास्ते पर लगे थे। इसके संबंध में वीडियो भी सामने आया है। जिससे यह लगता है कि वन विभाग के सांठगांठ से यह सब खुलेआम किया जा रहा है। इस संबंध में जब जानकारी करने हेतु वनाधिकारी गोंडा से दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

बालिका को भगाने के मामले में तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज। स्थानीय कोतवाली अन्तर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने बालिका को भगाने के मामले में तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली में दर्ज एफआईआर के मुताबिक मामले में एक व्यक्ति का आरोप है कि दिनांक 25.06.2023 को समय रात के करीब ग्यारह बजे प्रार्थी के परिवार वाले सो रहे थे विपक्षीगण विक्रम पुत्र राममूरत व मोहित पुत्र छैलबिहारी निवासी ग्राम मलौली केन्हू पुरवा थाना कर्नलगंज रात में घर में गये और उसकी 19 वर्षीय बहन को बहला फुसलाकर गाँव के बाहर ले गए और अन्य विपक्षी जुग्गी निवासी ग्राम अल्ली पुर गोकुला पुर्वा भवानीगंज घाट को सौंप दिया। जहां से जुग्गी उसकी बहन को बदनियती से अपने साथ कहीं भगा ले गए। प्रार्थी ने काफी खोजबीन की लेकिन कहीं पता नहीं चला। उसने अपनी बहन के साथ अप्रिय घटना घटित होने की आशंका जाहिर की है। मुकदमे में विक्रम व मोहित यादव निवासी ग्राम मलौली केन्हू पुरवा व जुग्गी निवासी ग्राम अल्लीपुर गोकुला पुर्वा भवानीगंज घाट थाना कोतवाली कर्नलगंज का नाम शामिल है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक चितवन कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर अन्य वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

सदर विधायक ने जनसम्पर्क कर किया संवाद, लोगों से लिया सुझाव

- आज कोई भी चुनाव नहीं हो रहे हैं फिर भी प्रतिनिधि आपके बीच आकर सुझाव ले रहे हैं : अनुपमा जायसवाल

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

केन्द्र में मोदी सरकार के सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के रूप में सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महा जनसंपर्क अभियान के क्रम में पूर्व मंत्री सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने सदर विधानसभा के अंतर्गत डुगरू ग्राम सभा में लोगों से जन संपर्क कर संवाद स्थापित किया साथ ही लोगों से मोदी सरकार के सफल कार्यकाल के लिए सुझाव भी लिये।

लोगों ने बढ़ चढ़कर मोदी सरकार के कार्यों को कुशलतम संचालन के लिए अपने सुझाव दिए एवं समस्याओं से भी अवगत कराया। सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने ग्राम प्रधान अशोक कुमार शुक्ला के आवास पर लोगों को केन्द्र एवं राज्य में सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं से अवगत कराते हुए उनकी जानकारी प्रदान करते हुए संवाद स्थापित किया।

डुगरू के प्रधान द्वारा यह सुझाव दिया गया कि उनके ग्राम सभा में गौशाला स्थापित है जिसका कुशल संचालन भी चल रहा है लेकिन अगर इसी तरह की गौशाला का निर्माण सभी ग्राम सभाओं में किया जाए तो छुट्टा जानवरों से लोगों को बहुतायत मात्रा में निजात मिल जाएगी। इसी क्रम में उपस्थित कमोलिया के प्रधान माधवराज पाण्डेय ने एक देश एक कानून और एक शिक्षा पर अपना पक्ष रखते हुए सुझाव दिया। इसी तरह सिटकहना के प्रधान ने अपने सुझाव में कहा कि वह चाहते हैं कि एक देश एक चुनाव ऐसी पद्धति अपनाई जाए तो हमारा देश आर्थिक रूप से भी उन्नत की ओर बढ़ेगा और बार बार के चुनाव खर्च से भी बचेगा। सदर विधायक ने पूर्व प्रधान मुन्नी देवी से भी संपर्क किया जो लगातार 10 वर्षों तक प्रधान रहीं और गांव में विकास का कार्य भी किया।

संपर्क के क्रम में आशा बहू मिथिलेश तिवारी से भी संपर्क करते हुए सदर विधायक ने मोदी सरकार के पक्ष में उनके सुझाव लिए। सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने कहा कि आज कोई भी चुनाव नहीं हो रहे हैं फिर भी प्रतिनिधि आपके बीच आकर सरकार के पक्ष में सुझाव लेते हुए आपकी समस्याओं से भी अवगत हो रहे हैं और काफी हद तक समस्याओं का निदान किया जा रहा है। वास्तव में भाजपा सरकार ही एक ऐसी सरकार है जो समस्याओं का वास्तविक निदान करने में अपने परम लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। आप सभी फिर से 2024 में अपनी पूर्ण सहभागिता निभाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री के पद पर स्थापित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें और देश में विकास की गंगा बहाने वाली सरकार स्थापित करें। जिससे जन जन का कल्याण हो सके। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रामरूप कोरी, विपिन यज्ञसैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष कन्हैया सोनी, मंडल महामंत्री रामू पांडे, नगर महामंत्री सुनील श्रीवास्तव, अजय जयसवाल, नगर मंत्री अमित श्रीवास्तव, ब्लाक प्रमुख हरीराम आर्य, युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी सतीश सिंह,नगर उपाध्यक्ष मनीष सिंह, किसान प्रेम नारायण पांडे ,किशोरी लाल एवं तमाम ग्रामवासी उपस्थित रहे।

बाइक चोरी की कई वारदातों को अंजाम देने वाला गिरफ्तार

- फर्जी कागजात तैयार कर बिक्री कर देता था चोरी की बाइक
- एसपी ने प्रेस कांफ्रेंस कर किया खुलासा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

दरगाह पुलिस ने एक शातिर चोर को चोरी की 12 बाइक संग गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया जबकि बरामद बाइक को सीज कर दिया है। एसपी ने चोरी का खुलासा करने वाली टीम को 12 हजार का पुरस्कार देने की बात कही है। जनपद में ऑटो लिफ्टर गैंग काफी सक्रिय है। प्रतिदिन किसी न किसी क्षेत्र से बाइक चोरी हो रही है। इसको देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं।

पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानजय सिंह, व पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसोदिया के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक दरगाह हरेन्द्र कुमार मिश्र, उप निरीक्षक नितिन उपाध्याय, एसआई इन्द्रजीत यादव, अतुल कुमार वर्मा, आरक्षी निसार अहमद, अरमान अली द्वारा बुधवार को क्षेत्र में जांच अभियान चलाया। अनार कली मार्ग पर पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक बाइक चोर को गिरफ्तार किया। उसके बताए जगह से पुलिस ने नूरुद्दीन चक से पुलिस ने चोरी की 12 बाइक सुबह 9 बजे बरामद की।

पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने चोरी का खुलासा करते हुए बताया कि पकड़े गए बाइक चोर कोतवाली नगर के मोहल्ला चांदपुरा टेपरहा कोठी निवासी कमरूद्दीन उर्फ भूरे पुत्र शहाबुद्दीन ने बताया कि मेरा साथी अरमान उर्फ नाचे पुत्र सिराजुद्दीन उर्फ नफीस निवासी सलारगंज जनपद बहराइच जो थाना दरगाह शरीफ का है। वह चोरी की बाइक खरीदने के लिए आने वाला था। तभी पुलिस ने शातिर को पकड़ लिया। उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। जबकि बरामद बाइक को सीज कर दिया है। उन्होंने बताया कि अब तक एक सप्ताह में चोरी की 43 बाइक बरामद हुई है।

इस तरह बाइक करता था बिक्री

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बाइक चोरी करने के बाद आरोपी वाहन को आनलाइन फार्म भराकर वास्तविक रजिस्ट्रेशन के वाहन स्वामी का नाम बदलकर ग्राहक तैयार करता था। इसके बाद उसका नाम, पता और रजिस्ट्रेशन पर दूसरा कागज तैयार कर बिक्री कर देता था।क

चोरों ने नकदी समेत लाखों की संपत्ति उड़ाई

बहराइच समृद्धि न्यूज जनपद के कोठवल कला गांव निवासी एक ग्रामीण के मकान में मंगलवार रात को चोर घुस गए। चोरों ने नकदी समेत दो लाख से अधिक के मूल्य का सामान चोरी कर लिया। वहीं घर का सामान कुछ दूरी पर स्थित खेत में पड़ा मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोठवल कला निवासी फखरुद्दीन पुत्र सहमत अली परिवार के साथ मंगलवार रात को छत पर सो रहे थे। देर रात को रोशन दान तोड़कर चोर घर में घुसे। चोरों ने घर में घुस कर बक्सा खोला। इसके बाद सभी बक्सा और घर में रखे बैग लेकर चले गए। गांव के बाहर स्थित गन्ने के खेत में बक्सा और बैग खंगाला। जिसमे मांगटीका, मंगल सूत्र, दो जोड़ी काने का झाला, एक पायजेब, दो जोड़ी पायल, एक नथुनी और तीस हजार रूपए नगदी चोरी कर ले गए। बुधवार सुबह चोरी की जानकारी होने पर पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। ग्रामीण के मुताबिक दो लाख से अधिक की संपत्ति चोरी हुई है। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि पुलिस को मौके पर भेजकर जांच कराई गई है। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जायेगा।

छह माह में हुई छह चोरियां : कोठवल कला गांव में चोरियों की वारदात काफी बढ़ गई है। लेकिन पुलिस ने एक भी चोरी का खुलासा नहीं किया है। ग्रामीणों के मुताबिक बीते छह महीने में पांच चोरियां हो चुकी हैं। वहीं बढ़ रही चोरियों को लेकर ग्रामीणों में काफी दहशत है।

आरपीएफ ने टिकट दलाल को पकड़ा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

रेलवे सुरक्षा बल ने मंगलवार को बहराइच स्टेशन के निकट से एक टिकट दलाल को पकड़ा है। उसके पास से बरामद कई टिकटों का वह जवाब नहीं दे सका। इसको लेकर जांच के बाद केस दर्ज कर टिकट दलाल को जेल भेज दिया गया है।

मंडल सुरक्षा आयुक्त रेलवे के निर्देश पर सहायक उपनिरीक्षक वासुदेव शुक्ला, सिपाही अमित कुमार सिंह गोंडा और बहराइच आरपीएफ की टीम द्वारा संयुक्त रूप से स्टेशन के निकट जांच शुरू की। जांच के दौरान मंगलवार शाम को एक टिकट दलाल बहराइच रेलवे स्टेशन पर दिखा, जिसके पास आरक्षित टिकट थी। बरामद टिकट के बारे में सहायक उपनिरीक्षक वासुदेव शुक्ला ने बात की तो युवक ने बताया कि वह 400 से 500 रूपये से अधिक दर पर टिकट लेकर जरूरत मंद यात्रियों को अधिक रूपए लेकर बिक्री करता है।

इस पर रेलवे पुलिस टीम ने टिकट की बिक्री करने वाले दलाल को हिरासत में ले लिया। उसके विरूद्ध उप निरीक्षक ने मुकदमा दर्ज करवाया।

बरामद नगदी, आरक्षण मांग पत्र, मोबाइल को पुलिस ने सीज कर दिया है। जबकि आरोपी कोतवाली नगर के मोहल्ला जोशिया पुरा निवासी सिद्धू पुत्र शिशिर श्रीवास्तव को जेल भेज दिया है।

रोटी लेने गए युवक पर चाकू से हमला

- जिला अस्पताल में भर्ती, जांच में जुटी पुलिस

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

शहर के मोहल्ला ढपालीपुरवा निवासी एक ग्रिल व्यवसाई मंगलवार रात को कबाबची गली में रोटी खरीदने गया। यहां पर अज्ञात कारणों से कुछ लोगों ने उस पर चाकू से वार कर दिया। जिससे वह घायल हो गया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।कोतवाली देहात के ढपालीपुरवा मोहल्ला निवासी मोनिश (32) पुत्र मुन्ना नाजिरपुरा मोहल्ले में ग्रिल बनाने का काम करता है। मंगलवार रात 10 बजे के आसपास वह रोटी खरीदने के लिए दुकान पर गया। तभी अज्ञात कारणों से सद्दान, कादिरी, गोलू आफाक आदि ने घेरकर चाकू से हमला कर दिया। इससे अफरा-तफरी मच गई।

घायल को आसपास के लोगों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस भी जिला अस्पताल पहुंच गई। साथियों का कहना है कि सिगरेट पीने को लेकर विवाद हुआ। जिस पर विपक्षियों ने हमला किया। प्रभारी निरीक्षक सौरभ सिंह से इस मामले में बात की गई तो उन्होंने बताया कि जब घटना हुई है, तब वह उसी क्षेत्र में जांच कर रहे थे। किस कारण हमला हुआ है, अभी जानकारी नहीं हुई है न ही तहरीर मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जायेगी।

विवाहिता का फंदे से लटकता मिला शव, दहेज उत्पीड़न का आरोप

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के सेवढ़ा गांव निवासी एक विवाहिता का शव बुधवार को फंदे से लटकता मिला है। वहीं मायके से पहुंचे मृतिका के पिता ने दहेज उत्पीड़न और गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कल्हवापुर गांव निवासी रक्षाराम उपाध्याय ने अपनी बेटी बिट्टा देवी का विवाह एक वर्ष पूर्व सेवढ़ा ग्राम पंचायत के मजरा पतुरिखी गांव निवासी सूरज कुमार के साथ किया था। बुधवार सुबह विवाहिता का शव फंदे से लटकता मिला। मायके के लोग रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। प्रभारी निरीक्षक श्यामदेव चौधरी पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि महिला ने आत्महत्या की है। पिता ने दहेज उत्पीड़न और मारने पीटने का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

करंट लगने से बालक की मौत, पंखे का प्लग लगाते समय हुआ हादसा

कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत कडसर बिटौरा निवासी विवेक कुमार (12) पुत्र मनीष कुमार की बुधवार दोपहर में करंट लगने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार विवेक कुमार घर में लगे बिजली के बोर्ड में प्लग लगा रहा था। तार कटा होने के कारण जैसे ही प्लग लगाया, वैसे ही विद्युत करंट लग गया। मौके पर ही चिपक कर उसकी मौत हो गई। ज्ञात हो ग्राम पंचायत कडसर बिटौरा के निवासी मनीष कुमार उर्फ सुद्धि कैसरगंज ब्लॉक में पंचायत मित्र के पद पर कार्यरत है। उनके तीन बच्चे हैं। दो लड़का और एक लड़की थे, उसमें से उनके छोटे लड़के विवेक कुमार की करंट लगने से मौके पर मौत हो गई। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। परिवार के लोगों की सूचना पर ही शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।

नदी में उतराता मिला महिला का शव, पुलिस कर रही जांच

कोतवाली मुर्तिहा अंतर्गत गंगापुर गांव के निकट से सरयू नहर की शाखा निकली है। नहर में बुधवार सुबह ग्रामीणों ने एक महिला का शव उतराता देखा। इस पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने के आधे घंटे बाद कोतवाली मुर्तिहा की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। लेकिन तब तक नहर में तेज बहाव होने के चलते महिला का शव बहते हुए भीउरा पुल होते हुए हंसुलिया से जरही पुल के पास पहुंच गई। यहां के लोगों ने सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह ने पुलिस टीम को मौके पर भेजा। मोतीपुर पुलिस ने लोगों की मदद से महिला का शव बाहर निकलवाया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि महिला की उम्र 30 वर्ष के आसपास है। उन्होंने बताया कि शव की शिनाख्त हो गई है। सुजौली थाना क्षेत्र से आए परिवार ने उसकी शिनाख्त चफरिया ओरीपुरवा निवासी नेहा पत्नी प्रदीप के रूप में हुई है। उस परिवार की महिला दो दिन पूर्व नदी में गिर गई थी। मृतक महिला के तीन बच्चे हैं।

जनपद में धारा 144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा 31 अगस्त तक लागू

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

जनपद में 04 अप्रैल 2023 से श्रावण मास प्रारम्भ होकर 31 अगस्त 2023 तक के श्रावण/अधिमास में प्रत्येक सोमवार को 10, 17, 24, 31 जुलाई तथा 7, 14, 21 एवं 28 अगस्त 2023 को जनपद में हिन्दू संप्रदाय के श्रद्धालुओं द्वारा गंगा नदी के डलमऊ, गोकना, गेंगासो, रालपुर व अन्य स्नान घाटों व सई नदी के लालूपुर खास, भवरेश्वर मंदिर सहित विभिन्न घाटों पर स्नान कर शिवमन्दिरों पर जलाभिषेक किया जाता है जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। चन्द्र दर्शन के अनुसार 29/30 जुलाई 2023 को मोहर्रम, 21 अगस्त 2023 को नागपंचमी, 31 अगस्त 2023 को रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया जाना है। इस अवसर पर उप/सामान्य निर्वाचन के नामांकन, मतदान/मतगणना, जनपद में होने वाली विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी/वार्षिक परीक्षायें एवं वार्षिक परीक्षाओं का मूल्यांकन के साथ ही कोविड-19 संक्रमण के दृष्टिगत महामारी के रोकथाम हेतु प्रभावी रूप से नियंत्रित किये जाने के लिए जनपद में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू की गई है।

अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया है कि 3 जुलाई से दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा जारी कर दी है। यह निषेधाज्ञा 3 जुलाई 2023 से 31 अगस्त 2023 तक लागू रहेगी।

पुलिस अधीक्षक ने भवरेश्वर मन्दिर का किया निरीक्षण

बुधवार को पुलिस अधीक्षक ने श्रावण मास कावड़ यात्रा के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना बछरावां क्षेत्र अन्तर्गत स्थित भवरेश्वर मन्दिर का निरीक्षण किया गया तथा श्रावण मास कावड़ यात्रा को सकुशल / शांतिपूर्ण संपन्न कराये जाने, घाट को जोड़ने वाले सम्पर्क मार्गों पर कावड़ियों/श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित कराने हेतु संबंधित अधि0/ कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।तत्पश्चात मन्दिर सेवा संघ के अध्यक्ष व सदस्यों तथा क्षेत्र के सम्भ्रान्त नागरिको व गोताखोरों के साथ गोष्ठी का आयोजन कर वार्ता की गयी तथा समस्याओं से अवगत होकर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये गये।

रायबरेली में पर्यटन के विकास के लिए करोड़ो की सौगात

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बताया है कि जनपद में पर्यटन के विकास कार्यों के लिए पर्यटन विभाग ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इन कार्यों में ऊंचाहार में महर्षि गोकर्ण जी की तपोस्थली गोकना घाट का निर्माण, डलमऊ नगर में गंगा घाट के निकट यात्रियों के ठहरने हेतु अतिथि गृह एवं विश्राम गृह का कार्य शामिल है। इसके अतिरिक्त गहरेश्वर मंदिर, महराजगंज के महावीरन मंदिर तथा मुंशीगंज स्थित शहीद स्मारक के सुंदरीकरण के अन्तर्गत साईं नदी घाट को विकसित करने का कार्य भी शामिल है। मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने इसके लिए पर्यटन विभाग के मंत्री माननीय जयवीर सिंह को धन्यवाद दिया है।

खबरें एक नजर में

जिलाधिकारी ने ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का किया निरीक्षण

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 सत्यप्रकाश के साथ विकास खण्ड हसनगंनज के ग्राम पंचायत सरांय मलकादिम में आयोजित वीएचएनडी सत्र (ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सत्र में उपलब्ध करायी जा रहीं स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली गयी तथा ऑन ड्यूटी कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि प्रत्येक ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस को फलदायी बनाया जाए। सत्र के दौरान सिर्फखानापूर्ति करने वाले कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रत्येक ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस में आवश्यक उपकरण एवं अनिवार्य सुविधाएं हर हाल में उपलब्ध रहनी चाहिए। उन्होंने सत्र में मौजूद एएनएम विमला सिंह को निर्देश दिए हैं कि सभी प्रकार की उपलब्ध एवं उपयोग की गयी सामग्री का स्टॉक रजिस्टर में अंकन कराएं। प्रभारी चिकित्साधिकारी हसनगंनज को निर्देश दिए गए कि सभी एएनएम द्वारा तैयार किए गए स्टॉक रजिस्टर को समय से अपडेट कराते रहें। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा एएनएम से एमसीपी कार्ड के भरने, दवाओं एवं वैक्सीन की उपलब्धता तथा अन्य सुविधाओं की जानकारी ली गयी। इस मौके पर सीएमओ द्वारा जानकारी दी गयी कि हर माह के पहले बुधवार को एएनएम, आशा व आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के सहयोग से आयोजित होने वाले ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस में गर्भवती और धात्री महिलाओं को परिवार नियोजन की सेवाएं दी जाती हैं। गर्भवती और 02 साल तक की उम्र के बच्चों का निःशुल्क टीकाकरण किया जाता है तथा 10 से 19 वर्ष आयु वर्ग के किशोरों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें जरूरत के अनुसार कैल्शियम व आयरन की गोलियां दी जाती हैं। सत्र में गर्भवती का वजन करने के साथ ही उनके गर्भ की जांच, ब्लेडप्रेशर व गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य की जांच एएनएम के द्वारा की जाती है तथा बच्चों का वजन कर उन्हें पोषाहार वितरित किया जाता है।

ऋण सम्बन्धी दस्तावेज न देने पर बैंक के चीफ मैनेजर से लगाई गुहार

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। सदर कोतवाली की मगरवारा चौकी के दयालखेड़ा गांव निवासी सुभाष चन्द्र एवं महेन्द्र प्रताप ने स्थानीय पंजाब नेशनल बैंक द्वारा ऋण सम्बंधी दस्तावेज उपलब्ध न कराने में कोताही बरतने की शिकायत बुधवार को मंडल कार्यालय के चीफ मैनेजर से की है। जिसके मुताबिक उनके परिवार की एक फर्म के नाम पर शहर की उक्त बैंक शाखा से ऋण लिया गया था। जिसकी अदायगी न होने पर बैंक के द्वारा बंधक जमीन को नीलाम कर दिया गया था। इसमें पीड़ित के स्व. माता और पिता की जमीन भी शामिल बताई जा रही है। बैंक से जब दोनों भाईयों ने इस बारे में जानकारी की तो उन्हें पहले तो चलता कर दिया गया। फिर दस्तावेजों की प्रतिलिपि देने के नाम पर रीजनल आफिस तक के दो माह तक चक्कर लगवाये गये। इसके बाद अब रीजनल आफिस से ये कहकर ऋण सम्बंधी कागजातों की प्रतिलिपि देने से मना कर दिया है कि उनके पास कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। जिसके बाद पीड़ितो ने बैंक के कानपुर स्थित मंडल कार्यालय के चीफमैनेजर (ऋण विभाग) को पत्र भेजकर मामले की शिकायत की है। पीड़ितो का कहना है कि उन्हें ऋण सम्बंधी दस्तावेज की कॉपी उपलब्ध कराई जाये जिससे कि वे आगे की विधिक कार्यवाही कर सकें।

पत्रकार को प्रथम पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। पुरवा कस्बे के मोहल्ला कस्टोलवा निवासी दिवंगत पत्रकार आशीष नारायण बाजपाई की प्रथम पुण्यतिथि पर ब्लाक रोड स्थित एक निजी संस्थान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जहां दिवंगत पत्रकार आशीष नारायण बाजपाई के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। उपस्थित दिवंगत पत्रकार के पारिवारिकजन और पत्रकारों ने आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इस दौरान अनुराग बाजपाई, दिवाकर शुक्ला, दीपक शुक्ला, संजय अवस्थी, शिवम शुक्ला, आशीष शुक्ला, दिनेश कनौजिया, पत्रकारों में सौरभ अवस्थी, अदीब हसन, अमित दीक्षित, सुशील तिवारी, अरुण दीक्षित, शैलेंद्र तिवारी, अंकित मिश्र, मिथलेश कुमार, राजेश चौधरी, दिनेश साहू, भीम शंकर त्रिपाठी, मनीष गुप्ता, अनुज गौतम, मुकेश कुमार सहित आदि पत्रकार मौजूद रहे।

श्रद्धापूर्वक मनायी जायेगी पशुधन मंत्री मनोहरलाल की पुण्यतिथि

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। गतवर्षों की भांति इस वर्ष भी आगामी 21 जुलाई को पशुपालन मंत्री स्व0 मनोहरलाल की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनायी जायेगी। यह निर्णय मनोहरलाल स्मृति समिति की संपन्न बैठक में लिया गया। गांधीनगर स्थित एक कार्यालय पर स्व0 मनोहरलाल स्मृति समिति की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष गायत्री प्रसाद प्रजापति ने की तथा बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 21 जुलाई को प्रातः आठ बजे आवास विकास स्थित मनोहर लाल पार्क में स्थापित स्व0 मनोहर लाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण होगा जिसके बाद जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को फलों का वितरण किया जाएगा तदुपरांत मनोहरलाल इन्टर कालेज सरोसी में माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित की जायगी। बैठक में श्रीकृष्ण कन्नौजिया विशम्भरनाथ आनन्द मिश्रा भारत छविनाथ लोधी राजवर्मा महेश लोधी आदि ने भाग लिया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

बारिश की वजह से सब्जियों के दाम छू रहे आसमान

महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

बढते हुए सब्जी के दामों ने आम आदमी का बजट बिगडा।

टमाटर जहां आम आदमी की थाली से गायब हो चुका है तो वही अन्य सब्जियों ने भी लोगों का जायका बिगाड़ कर रख दिया है। टमाटर जहां रुपये 100 किलो रुपये किलो के पार बिक रहा है तो वहीं तोरई लौकी कद्दू अदरक प्याज सहित अन्य सब्जियों के बढ़ते हुए दाम से आम आदमी परेशान है कुछ व्यापारियों से जब बात की गई तो उन्होंने बताया बारिश की वजह से मैदानी भागों में इस समय सब्जी पैदा नहीं हो पा रही है बाहर से सब्जी मांगनी पड़ती है और आने में भी सब्जी को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इसलिए सब्जी के दाम आसमान छू रहे हैं जब मैदानी भागों में सब्जी पैदा होने लगेगी तो दामों में कमी आएगी। बाहर से सब्जी आ रही है इसलिए हम लोग भी महंगी सब्जी बेचने को मजबूर है क्योंकि जब महंगे दामों पर खरीद रहे हैं तो महंगी बेचना मजबूरी हो जाती है। वही जब इस विषय में आम जनमानस से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बढ़ते हुए दामों की वजह से इस समय जेब पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है।

पोस्ता छिलका के साथ एक गिरफ्तार

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

अपराध नियंत्रण एव वांछित,ईनामिया अभियुक्तो की गिरफ्तारी एवं अवैध असलहो की तस्करी तथा अवैध मादक पदार्थ द्रव्यों की बिक्री व तश्करी पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत बुधवार को मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त सोनू गुप्ता पुत्र भवानी गुप्ता निवासी दावतपुर रामनगर चेहटा थाना गुरुबक्शगंज को डलमऊ बाईपास के पास से नियमानुसार 1100 ग्राम अवैध पोस्ता छिलका के साथ गिरफ्तार कर स्थानीय थाना पर धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया।

सौ शैया अस्पताल में 14 स्वास्थ्य कर्मियो ने ली ज्वाइनिंग

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। नगर पंचायत बीघापुर सौ सैया अस्पताल में सीएमएस डॉक्टर आरके रमन के पहुंचने के बाद अब तक 14 कर्मचारी अस्पताल पहुंचकर अपनी आमद करा दी है वही पहले दिन ओपीडी का शुभारंभ हुआ। शासन द्वारा अस्पताल में 12 डॉक्टर व 15 कर्मचारियों की तैनाती की गई थी जिसमें अभीतक 14 कर्मचारियों ने अस्पताल पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। बुधवार को नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर इना बुद्धिराजा ने पहले दिन ओपीडी में बैठकर नेत्ररोगियों को देखा। वही बुधवार को डेंटल सर्जन डॉक्टर अनुराधा कटियार एलटी प्रियंका यादव, एक्सरे टेक्नीशियन सौरभ चौधरी, डीआरए अनुज कुमार ने अस्पताल पहुंच ज्वाइनिंग ली।

प्राथमिक विद्यालय में पीटीए की बैठक संपन्न

सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

शासन की मंशा के अनुरूप विकास क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में पीटीए की बैठक कराई जा रही है।इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय गौवा बाजार में खंड शिक्षा अधिकारी सुधा कुमारी वर्मा के नेतृत्व में में बैठक संपन्न हुई।मो. वसीम प्रधानाध्यापक ने खंड शिक्षा अधिकारी एवं अभिभावकों का स्वागत करते हुए शत-प्रतिशत नामांकन पर बल दिया।खंड शिक्षा अधिकारी ने अभि भावकों से संबोधन में कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालय को सुसज्जित कर शिक्षण कार्य को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है निपुण भार मिशन, स्कूल चलो अभियान, डीबीटी ,आधार कार्ड, नवीन सत्र में नामांकन, आउट ऑफ स्कूल बच्चों बच्चों का विद्यालय में नामांकन,मोबाइल फोन द्वारा अभिभावकों से संपर्क पर चर्चा की।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सैयद साजिद अली जैदी, बीना ,बबली गुप्ता, अजय प्रताप सिंह शिक्षामित्र मौजूद रहे।

दो चोरी की बाइकों सहित दो गिरफ्तार

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। पुरवा कोतवाली पुलिस ने दो चोरों को दो चोरी की मोटरसाइकिलो समेत गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की। कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक जितेन्द्र पाण्डेय व सियाराम चौरसिया पुरवा उन्नाव मार्ग पर कानपुर-लखनऊ निर्माणाधीन अंडरपास के वाहन चेकिंग के दौरान दो मोटर साइकिल सवार युवक निकले। पुलिस ने शंका होने पर दोनो को रोककर जानकारी की तो 4 जुलाई को सुईखेड़ा निवासी प्रेमशंकर तथा 2 जुलाई को बैगांव निवासी बबलू तथा दयाशंकर तिवारी निवासी अचलगंज के वाहन चोरी होने की बात स्वीकार की। कोतवाली पुलिस दोनो बाइको के साथ दोनों आरोपियों को कोतवाली ले आई। कोतवाल सुरेश सिंह ने बुधवार की सुबह वाहन चेकिंग के दौरान प्रदीप कुमार धन्नीपुरवा, सूरज रावत अभूषा पुरवा कोतवाली के कब्जे से दो बाइके बरामद की गई है। जबकि तीसरा आरोपी भागने में सफल रहा।

तेज रफ़्तार ट्रक ने सास बहू को रौंदा, मौत

रायबरेली, ऊँचाहार, समृद्धि न्यूज।

शौच क्रिया कर वापस जा रही सास बहू की अज्ञात ट्रक ने रौंद दिया। जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही की है। आपको बता दें कि

ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के मनीपुर भटेहरी गांव निवासिनी कुसुम 52 वर्ष पत्नी मेवालाल पासी बुधवार की सुबह करीब पांच बजे अपनी बहू मालती 23 के साथ शौच क्रिया कर वापस अपने घर जा रही थी। बताते हैं कि तभी घर के पास ही लखनऊ प्रयागराज राज्य मार्ग पर लखनऊ की ओर से आ रही तेज रफ़्तार ट्रक ने उन्हें सामने से रौंद दिया जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक कुसुम का पुत्र संदीप रोज़गार के सिलसिले से हैदराबाद शहर में रहता है। कुसुम बहू मालती के साथ घर पर रहती है। मृतक के अन्य चार पुत्र और बहु भी हैं। सड़क दुर्घटना में हुई सास बहू की मौत से गांव और रिश्तेदारी में सूचना होने पर गम की लहर दौड़ पड़ी। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। उधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल बालेन्दु गौतम ने बताया कि सड़क दुर्घटना में कुसुम 52 वर्ष व उसकी बहु मालती की अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मौत हुई है। उनका शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जायेगा।

बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में पति-पत्नी घायल

शिवगढ़। थाना क्षेत्र के गुमावा चौकी के अंतर्गत दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में पति-पत्नी हुए घायल राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 112 ने बाइक की टक्कर में घायल हुए पति पत्नी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया जहां मौजूद चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया जानकारी के मुताबिक शिवगढ़ थाना क्षेत्र के गुमावा चौकी अंतर्गत कछवहन का पुरवा के पास लाही बॉर्डर की ओर से आ रहे तेज रफ़्तार बाइक सवार ने मानपुर मजरे अछई की ओर से अपनी पत्नी के साथ अपने मामा के घर बालसिंह खेड़ा जा रहे नरेंद्र कुमार पुत्र रामधन उम्र लगभग 22 वर्ष को जोरदार टक्कर मार दी जिससे नरेंद्र कुमार व उनके साथ मौजूद उनकी पत्नी सुलोचना उम्र लगभग 20 वर्ष बाइक सवार की टक्कर से घायल हो गई राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 112 ने घायलों को आनन-फानन में सीएचसी शिवगढ़ पहुंचाया जहां मौजूद चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया वही इस मामले में गुमावा चौकी प्रभारी भरत सिंह तोमर ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है घायलों को डायल 112 की मदद से उपचार के लिए सीएचसी शिवगढ़ भेजा गया है तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

श्री महावीर झण्डा मेला की तैयारियां प्रारम्भ

- समस्याओं को लेकर कमेटी अध्यक्ष शैलेश अग्निहोत्री ने जिलाधिकारी को लिखा पत्र

संडीला-हरदोई, समृद्धि न्यूज।

भाद्रमास के आखिरी मंगलवार को सैकड़ों वर्ष प्राचीन एवं ऐतिहासिक पौराणिक और धार्मिक महावीर झण्डा मेला को लेकर तैयारियां शुरू करदी गई हैं।

जनहित जागरण समिति के प्रदेश अध्यक्ष व महावीर झण्डा मेला कमेटी के अध्यक्ष शैलेश अग्निहोत्री गुड्डे भइया ने इसी क्रम में मेले के रूट क्षतिग्रस्त होने से सड़के टूटी-फूटी व जीर्ण-शीर्ण होने वाले मेले से पूर्व मेला रूट मार्ग को ठीक कराये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह को पत्र लिखकर मांग की है।जिसमें कहा गया है की प्रदेश के हरदोई जिले की तहसील सण्डीला के माद्रमास के आखिरी मंगलवार दिनांक 26 सितम्बर को सैकड़ों वर्ष पुराना ऐतिहासिक श्री महावीर झण्डा मेला हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महावीर झण्डा मेला कमेटी द्वारा बड़े धूमधाम से आयोजित किया जाएगा।

मेला 25 सितम्बर सोमवार से 28 सितम्बर. बृहस्पतिवार तक होगा। मेला में प्रदेश के कई जिलों व अन्य प्रान्त के जिलों से झण्डे आते हैं।विशाल शोभा यात्रा निकलती है जिसमें सैकड़ों झण्डे ट्रैक्टर ट्राली पिकअप डाला व अन्य गाड़ियां होती

हैं मेले में एक लाख से अधिक के बीच श्रद्धालु भक्तजन भाग लेने आते है।

पत्र में मेला कमेटी द्वरा आरोप लगाते हुए कहा गया है कि सण्डीला नगर पालिका परिषद द्वारा मेले से पूर्व सड़कें सफाई व्यवस्था प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य के लिए कोई संतोषजनक कार्य नहीं किया जाता है।मेला रूट जीर्ण-शीर्ण हालत में है। सड़कें टूटी-फूटी पड़ी हैं।जगह-जगह गड्ढे होने के कारण मेले में शोभा यात्रा में झांकियों के निकलने में बहुत असुविधा का सामना करना पड़ता है।और दुर्घटना की सम्भावना सदैव बनी रहती है।

हनुमान मन्दिर (महावीरन) के पास सड़क खराब है।और मेला रूट मार्ग पर पेड़ों की डालियां व टहनियां जिसके कारण मेले में शोभा यात्रा में बहुत कठिनाई (असुविधा) का सामना करना पड़ता है।जिसके कारण कोई कार्य नहीं हो पाता है। मेला कमेटी ने आगामी मेले देखते हुए नगर में सफाई, प्रकाश व्यवस्था,पानी एवं अन्य व्यवस्थाओं को शीघ्र ठीक कराने की मांग की है।गं

सीएचसी से इनवर्टर व बैटरी चोरी

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गांव मगरायर में स्थित सीएचसी में मंगलवार की रात चोरों ने अस्पताल के गेट का ताला तोड़कर इनवर्टर व बैट्री उठा ले गए। अस्पताल के फार्मासिस्ट ने चोरी की तहरीर कोतवाली में दी है। मगरायर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात फार्मासिस्ट दिनेश कुमार ने बताया कि बुधवार की सुबह जब वह अस्पताल पहुंचे तो देखा की गेट का ताला टूटा हुआ था। कमरे में लगा इनवर्टर व बैटरी चोर उठा ले गए। जिसकी सूचना उन्होंने प्रभारी चिकिसाधिकारी डॉ पंकज पांडेय को दी और कोतवाली पहुंच कर शिकायती पत्र दिया। प्रभारी निरीक्षक बृजेश शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

नारकोटिक्स टीम को बड़ी सफलता

- 50 लाख के गांजा सहित छः तस्कर गिरफ्तार
- उड़ीसा से आ रही खेप जा रही थी गाजियाबाद

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित दही थाना क्षेत्र से बुधवार मुखबिर की सूचना पर एंटी नारकोटिक्स टीम ने दही थाना स्टाफ के साथ मिलकर भारी मात्रा में मादक पदार्थ (गांजा) बरामद किया है। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया गांजा करीब 197.50 किलो है।

सीओ सिटी आशुतोष कुमार ने पुलिस लाइंस में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि एसओ दही अनुराग सिंह हमराहियों व एंटी नार्कोटिक्स फोर्स के साथ थाना क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर रोडवेज वर्कशाप मोड़ के पास चेकिंग कर रहे थे तभी वहां से गुजर रहे एक कंटेनर को रोका गया। जिसमें 197.500 किलो गांजा बरामद हुआ। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रुपये है। साथ ही कंटेनर में मौजूद राकेश पुत्र स्व. रामप्रसाद निवासी किसई जगदीशपुर थाना सौरिख जनपद कन्नौज, मंगल कंजड़ पुत्र सांवला व सतवीर कंजड़ पुत्र फक्कीर चन्द्र, टीटूराम कंजड़ पुत्र कालूराम व अर्जुन पुत्र कालीचरन निवासी 5 नंबर भट्ठा थाना साहनीगेट जनपद गाजियाबाद के अलावा राजेश उर्फ जंगल बाबरिया पुत्र प्रहलाद निवासी कच्ची बस्ती रंजीत नगर थाना कुम्हेरीगेट जनपद भरतपुर राजस्थान को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर दही थाना में सभी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की गयी है।

सीओ के अनुसार पकड़े गए तस्करों ने पूंछताछ में बताया कि यह गांजा उन लोगों को राउरकेला उड़ीसा में एक व्यक्ति लाकर देता है जिसे वे गाजियाबाद व आस-पास क्षेत्र में फुटकर में बेंचते हैं।

हरदोई पत्रकार एसोसिएशन सण्डीला इकाई का हुआ गठन

सण्डीला-हरदोई, समृद्धि न्यूज।

स्थानीय नगर पालिका मीटिंग हाल में हरदोई पत्रकार एसोसिएशन की बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार वसीम अहमद सिद्दीक़ी ने की व मुख्य अतिथि के रूप में एसोसिएशन के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार सुधांशु मिश्रा शामिल हुये। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुधांशु मिश्रा ने निर्भीक और इमानदारी पूर्वक होकर पत्रकारिता करने के लिए सभी पत्रकारों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह संगठन आपका है और आप सब हमारी एसोसिएशन की पहचान है और समय पड़ने पर किसी भी साथी की किसी भी परिस्थिति में सहायता करना संगठन का धर्म है ढ्ढ

एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मनोज तिवारी महामंत्री अरविन्द तिवारी के अलावा जिले से आये वरिष्ठ पत्रकार फ़ैज़ी खान,आशीष द्विवेदी, आदर्श त्रिपाठी,मो0आसिफ़ ,सुनील कुमार,सौरभ त्रिपाठी,शिवेन्द्र सिंह आदि ने पत्रकारों की एकता पर जोर दिया और निष्पक्ष पत्रकारिता करने की बात कही। इस अवसर पर बैठक में रामशंकर आज़ाद कछौना ब्लॉक अध्यक्ष, बुद्धसेन सोनी को कोथावां ब्लॉक अध्यक्ष,रतन सिंह बेंहदर ब्लॉक अध्यक्ष,विवेक मिश्र भरावन ब्लॉक अध्यक्ष के अलावा हरदोई पत्रकार एसोसिशन के पदाधिकारी व तहसील क्षेत्र के पत्रकार बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम में सहयोग के लिए अंगूरी शंकर सिन्हा समिति के अध्यक्ष अंगूरी शंकर सिंहा का आभार व्यक्त किया गया।

मुईज़ सागरी अध्यक्ष तो हिमांशु बने महासचिव

बैठक के बाद हरदोई पत्रकार एशोसिएशन के अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा ने वसीम अहमद सिद्दीकी, अनुराग अस्थाना, शिवाकांत तिवारी,उदय प्रताप चौरसिया,हरिअमोल सिंह को संरक्षक,मुईज़ सागरी को अध्यक्ष,अमित कुमार मौर्य,लाल चन्द्र चौरसिया,रजनी कांत,पी0डी0 गुप्ता,अजय सिंह को उपाध्यक्ष,प्रभात अस्थाना को संगठन मंत्री, हिमांशु गुप्ता को महामंत्री, रितेश सिंह लकी,मो0आरिफ,रवि मिश्रा,अनुराग शरण,रोहित वर्मा को मन्त्री,अनिल राठौर को कोषाध्यक्ष, गंगा राम को सलाहकार,शहाब सिद्दीक़ी,रामानुज यादव,यासिर क़ासमी,तौहीद अहमद, अभिषेक सोनी,मो0 हस्सान,मो0अमान सिद्दीक़ी को सदस्य मनोनीत किया गया।

गुलाबी तस्वीर

ऐसे वक्त में जब कोरोना संकट और रूस-यूक्रेन युद्ध से उपजे हालात से वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं उबरने की कोशिश कर रही हैं, भारत का शेयर बाजार कुलांचें भर रहा है। बीते सोमवार को पहली बार सेंसेक्स का पैंसठ हजार के पार होना सुखद ही रहा। निफ्टी ने भी नई ऊंचाई तय की। दरअसल, भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर वैश्विक नियामक वित्तीय संस्थाओं ने हाल में सकारात्मक प्रतिसाद दिया है। निस्संदेह, भारत की अर्थव्यवस्था इस समय तेजी से बढ़ रही है। जिससे विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर भरोसा बढ़ रहा है। दरअसल, हाल के दिनों में महंगाई की दर में कुछ कमी दर्ज की गई, रुपया डॉलर के मुकाबले मजबूत हुआ और कच्चे तेल के दाम में कमी से बाजार को संबल मिला। जिसका असर शेयर बाजार पर भी नजर आया। कहीं न कहीं दुनिया में भी मंदी से उबरने के संकेत नजर आ रहे हैं। यही वजह है कि विदेशी संस्थागत निवेशक घरेलू बाजार में निवेश कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पिछले दिनों आए आंकड़ों के अनुसार देश की अर्थव्यवस्था का अधिकांश मापदंडों पर प्रदर्शन उत्साहवर्धक रहा है। जिसका प्रमाण जीएसटी संग्रह में आई तेजी है, जिसमें बारह फीसदी की बढ़ोतरी बतायी जा रही है। वहीं आने वाले दिनों में कृषि क्षेत्र में बेहतर होने की उम्मीद है। इसकी एक वजह यह है कि देश के कई भागों में समय से पहले मानसून की आमद हुई है। पहले आशंका जतायी जा रही थी कि अल नीनो प्रभाव व हालिया चक्रवाती तूफान की वजह से मानसून की गति बाधित हो सकती है। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। भरपूर मानसून से नई उम्मीदें जगी हैं कि खाद्यान्न उत्पादन उत्साहजनक रहेगा, जिससे निवेशकों में उत्साह पैदा हुआ है। वहीं दूसरी ओर देश में विदेशी पूंजी का प्रवाह बने रहने और घरेलू बाजार में तेजी के चलते रुपये को मजबूती मिली है। जिससे वह डॉलर के मुकाबले कुछ मजबूत हुआ। इन सभी सकारात्मक रुझानों के चलते ही शेयर बाजार झूमता नजर आया।

वहीं हाल में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने खुलासा किया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और बीते वित्तीय वर्ष में उनका मुनाफा बढ़कर एक लाख करोड़ से अधिक हो गया। हालांकि, सरकार इस मुनाफे के लिये अपनी नीतियों को श्रेय दे रही है, लेकिन बैंकों को अभी अपेक्षित लक्ष्यों के लिये बहुत कुछ करना बाकी है। खासकर पीएसबी की कार्यशैली सुधारने और उन्हें निजी बैंकों की प्रतिस्पर्धा में मजबूत बनाने की जरूरत है। पीएसबी के मुनाफे का आंकड़ा उत्साहजनक है, लेकिन जरूरत इस बात की भी है कि कार्यशैली में गुणात्मक रूप से सुधार हो। बैंकों का माहौल कर्मचारियों की आकांक्षाओं के अनुरूप बने क्योंकि पिछले दिनों में बैंक कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर गाहे-बगाहे असंतोष जाहिर करते रहे हैं। कहीं न कहीं बैंकों के कर्मचारी निजीकरण की चिंताओं और बेहतर सुविधाओं को लेकर आंदोलित रहे हैं। उनकी चिंताएं बैंकों के विलय से उत्पन्न चुनौतियों को लेकर भी रही हैं। निस्संदेह, बैंक कर्मियों व नियामक तंत्र के बीच बेहतर संवाद से असंतोष दूर होगा। ध्यान देने की बात यह भी कि बैंकों को डूबते ऋणों की समस्या पर अंकुश लगाने के लिये सतर्क व्यवहार अपनाना होगा। बैंकों से जुड़े नीति-नियंताओं को इस बात को गंभीरता से लेना होगा कि घटती श्रमशक्ति के चलते बैंक के अधिकारियों व कर्मचारियों पर दबाव बढ़ा है। तमाम सरकारी योजनाओं की राहत राशि को बैंकों के जरिये लाभार्थियों तक पहुंचाया जाता है। निस्संदेह, इससे राहतकारी योजनाओं में बिचौलियों की भूमिका खत्म हुई है, लेकिन बैंकों पर दबाव बढ़ा है। बड़े पैमाने पर जनधन खातों का खुलना भारतीय लोकतंत्र के सशक्तीकरण की दिशा में बढ़ा कदम है। जाहिर है नई चुनौतियों का मुकाबला बैंकों की कार्य-संस्कृति में बदलाव लाकर ही किया जा सकता है। जिसका प्रभाव कालांतर बैंकों की उत्पादकता पर ही पड़ेगा। निजी बैंकों की प्रतिस्पर्धा का मुकाबला करने के लिये भी यह जरूरी है। यदि सरकार भी डिफॉल्टर के खिलाफ कार्रवाई में सख्ती दिखाये तो बैंकों की बड़ी पूंजी को बट्टे खाते में जाने से बचाया जा सकता है। फिर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के मुनाफे में आशातीत वृद्धि की उम्मीद लगायी जा सकती है।

खालिस्तानियों की सुनियोजित साजिश

आदित्य नारायण

समस्या केवल यह नहीं है कि खालिस्तानी अतिवादियों को उदार पश्चिमी देशों में शरण मिल रही है, बल्कि यह भी है कि वहां की सरकारें इस खतरे की अनदेखी करने में लगी हैं। इस पूरे फसाद की जड़ वही पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई है जो दशकों से विदेशी धरती पर खालिस्तान समर्थकों को तैयार करने में सक्रिय रही है। यह मामला गिने-चुने सिरफिरे खालिस्तानी कट्टरपंथियों का नहीं, बल्कि भारत के विरुद्ध एक बड़े विदेशी षड्यंत्र का है। कौन नहीं जानता कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने वोट बैंक के खातिर खालिस्तानी तत्वों को खुली छूट दे रखी है। कौन नहीं जानता कि लंदन और अमेरिका के गुरुद्वारों में खालिस्तान समर्थकों की ओर से भारत में हिंसक कार्यवाहियों के लिए डॉलर इकट्ठे किए जाते हैं। पंजाब को भारतीय कब्जे से मुक्त कराने के नाम पर जनमत संग्रह करवाए जाते हैं। समस्या यह भी है कि खालिस्तानी तत्वों की सांठगांठ पाकिस्तान संगठनों के साथ भी है। यह सब घटनाएं भारत की संप्रभुता एवं राष्ट्रीय सुरक्षा पर आघात का खतरनाक षड्यंत्र है। भारत के अमेरिका और अन्य देशों से संबंध काफी मैत्रीपूर्ण हैं लेकिन हमें इन देशों पर भारत विरोधी तत्वों पर संयुक्त कार्यवाही के लिए दबाव बनाना होगा। भारत को न केवल खालिस्तानी तत्वों को अलग-थलग करना है। साथ ही साथ पाकिस्तानी संगठनों पर अंकुश लगाने की कार्यवाही करनी होगी। बेलगाम खालिस्तानी तत्वों पर लगाम लगाना ही भारतीय कूटनीति की अग्नि परीक्षा होगी।

कनाडा, आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका में खालिस्तान समर्थक कट्टरपंथियों ने जिस तरह से भारतीय दूतावासों, हिन्दू धर्मस्थलों को लगातार निशाना बनाया, वह एक सुनियोजित अंतर्राष्ट्रीय साजिश ही दिखाई देती है। हमलों की ताजा नई घटना में अमेरिका के सैनफ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास को आग लगाई गई। इसकी जिम्मेदारी भी खालिस्तान समर्थक संगठन ने ली है। सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख आतंकी पतवंत सिंह पन्नू ने 8 जुलाई से भारतीय दूतावासों को घेरने का ऐलान किया हुआ है। खालिस्तान समर्थकों ने भारतीय दूतावास को निशाना बनाए जाने का वीडियो जारी किया है जिसमें पिछले माह कनाडा में मारे गए आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का बदला बताया गया है।

निज्जर खालिस्तान टाइगर फोर्स के साथ जुड़ा हुआ था और कनाडा में सिख फॉर जस्टिस की गतिविधियां देख रहा था। कनाडा में भारतीय दूतावास के बाहर तिरंगे का अपमान भी निज्जर ने ही किया था। सैनफ्रांसिस्को में भारतीय दूतावास पर मार्च महीने में भी हमाला हुआ था। पंजाब में खालिस्तान समर्थक वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह के खिलाफ पुलिस की कार्यवाही पर खालिस्तानी भारतीय दूतावास के बाहर इकट्ठे हुए थे और उन्होंने तोड़फोड़ के बाद लगा तिरंगा उखाड़ दिया था। यही नहीं दूतावास की बिल्डिंग के बाहर खालिस्तान का झंडा भी लगा दिया था। कनाडा में जिस तरह से भारतीय राजनयिकों को निशाना बनाया गया और उन्हें धमकियां दी गई उस पर भारत ने कड़ा प्रोटेस्ट जताया है। कनाडा में हाल ही में सिख फॉर जस्टिस के बैनर तले कुछ पोस्टर लगाए गए हैं। इन पोस्टरों में भारतीय उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा और टोरंटो में भारत के महावाणिज्य दूत अपूर्वा श्रीवास्तव पर खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाया गया है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया को कहा है कि वे खालिस्तानियों को जगह न दे क्योंकि इनके जैसी कट्टरपंथी विचारधाराएं उनके रिश्तों के लिए अच्छी नहीं है। इसमें कोई संदेह नहीं कि पंजाब में खालिस्तान आंदोलन का कोई प्रभाव नहीं है लेकिन विदेशों में शरण लिए बैठे खालिस्तानी तत्व फिर से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि बिगाड़ने और खालिस्तान के विचार को फिर से जीवित करने की कोशिशों में लगे हुए हैं। जो लोग विदेशों में खालिस्तान आंदोलन के लिए खून बहाने का दावा करते हैं वे केवल अपने स्वार्थ की राजनीति कर रहे हैं न कि अपने

समुदाय की जिनकी रक्षा का वे दावा करते हैं। जो पंजाबी विदेशों में बसे हैं वे किसी न किसी तरह अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं। सिखों से ज्यादतियां होने का भ्रामक प्रचार कर उन्हें बरगलाया जा रहा है। कौन नहीं जानता कि भारत के दुश्मन एक-एक कर के आपस में ही निपट रहे हैं। पिछले महीने ही इंग्लैंड में खालिस्तान समर्थक अवतार सिंह खांडा की मौत हुई। हालांकि उसकी मौत को लेकर भी कई सवाल खड़े किए गए है। यह बात किसी से छिपी हुई नहीं है कि कट्टरपंथी तत्वों का इस्तेमाल कर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी या तो उनको खत्म कर देती है या फिर उन्हें हाशिये पर धकेल देती है। मई में पाकिस्तान में खालिस्तानी आतंकी परमजीत सिंह पंजवड़ की भी मौत हो चुकी है। विदशों में बैठे खालिस्तान समर्थक भारत के लिए चुनौती बन चुके हैं। पश्चिमी लोकतांत्रिक देशों को अड्डा बनाकर उग्रवादी प्रचार, वित्तीय अनुदान और हिंसक गतिविधियों को तेज करके पंजाब में दोबारा नफरत की आग को लगाने की कुचेष्टा हो रही है।

समस्या केवल यह नहीं है कि खालिस्तानी अतिवादियों को उदार पश्चिमी देशों में शरण मिल रही है, बल्कि यह भी है कि वहां की सरकारें इस खतरे की अनदेखी करने में लगी हैं। इस पूरे फसाद की जड़ वही पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई है जो दशकों से विदेशी धरती पर खालिस्तान समर्थकों को तैयार करने में सक्रिय रही है। यह मामला गिने-चुने सिरफिरे खालिस्तानी कट्टरपंथियों का नहीं, बल्कि भारत के विरुद्ध एक बड़े विदेशी षड्यंत्र का है। कौन नहीं जानता कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने वोट बैंक के खातिर खालिस्तानी तत्वों को खुली छूट दे रखी है। कौन नहीं जानता कि लंदन और अमेरिका के गुरुद्वारों में खालिस्तान समर्थकों की ओर से भारत में हिंसक कार्यवाहियों के लिए डॉलर इकट्ठे किए जाते हैं। पंजाब को भारतीय कब्जे से मुक्त कराने के नाम पर जनमत संग्रह करवाए जाते हैं। समस्या यह भी है कि खालिस्तानी तत्वों की सांठगांठ पाकिस्तान संगठनों के साथ भी है। यह सब घटनाएं भारत की संप्रभुता एवं राष्ट्रीय सुरक्षा पर आघात का खतरनाक षड्यंत्र है। भारत के अमेरिका और अन्य देशों से संबंध काफी मैत्रीपूर्ण हैं लेकिन हमें इन देशों पर भारत विरोधी तत्वों पर संयुक्त कार्यवाही के लिए दबाव बनाना होगा। भारत को न केवल खालिस्तानी तत्वों को अलग-थलग करना है। साथ ही साथ पाकिस्तानी संगठनों पर अंकुश लगाने की कार्यवाही करनी होगी। बेलगाम खालिस्तानी तत्वों पर लगाम लगाना ही भारतीय कूटनीति की अग्नि परीक्षा होगी।

विचार

देश के प्रति प्रेम और समर्पण की परिणती राष्ट्रवाद

संजीव ठाकुर

राष्ट्रवाद बड़ा ही व्यापक व गहरा शब्द है राष्ट्रवाद की कोई सार्वभौमिक, सर्वसम्मति से निर्धारित परिभाषा नही की जा सकती है। समेकित रूप से राष्ट्रवाद एक सामूहिक मातृभूमि के लिए गहरी आस्था का नाम है,जहां नागरिक स्वयं को एक साझा इतिहास, परंपरा, जातीयता, संस्कृति एवं भाषा इत्यादि के आधार पर एकत्र मानते हैं। और एक होने की भावना अन्य सभी तत्वों कारको से अधिक प्रभावशाली और राष्ट्रीय निष्ठा सभी अस्मिताओं से ऊपर तथा श्रेष्ठ होती है। देश के विकास, समृद्धि और आर्थिक क्षेत्र की तथा सामरिक विदेशी शक्ति के विरुद्ध मातृभूमि की रक्षा भी राष्ट्रवाद का एक प्रमुख घटक माना जाता है। पर राष्ट्रवाद को किसी भी स्थिति परिस्थिति में धर्म या जाति से कतई न जोड़ा जाए, राष्ट्रवाद सार्वभौमिक रूप से जातीय संगठन और धर्म से बहुत ऊपर होता है। राष्ट्रवाद या राष्ट्रप्रेम के अंतर्गत किसी व्यक्ति विशेष के प्रति आस्था समाहित नहीं होती। राष्ट्रीयता की भावना में देश के प्रति लगन भक्ति तथा समर्पण ही राष्ट्रवाद को जन्म देता है, और राष्ट्रवाद के अंतर्गत धर्म, जाति, वर्ग विभेद राजनीतिक विचारधारा नही होती है। राष्ट्रवाद की अनेक विचारको ने राष्ट्रवाद को राष्ट्र के अंदर राजनीतिक तथा आर्थिक संदर्भो से जोड़ा है। इतिहास के प्रमुख विचारक बेनेडिक्ट एंडरसन ने कहा है कि राष्ट्रवाद को राजनीतिक विचारधारा से जोड़ने के बजाए उसे सांस्कृतिक विचारधारा से जोड़ा जाना चाहिए। राष्ट्रप्रेम को सामूहिक जन के एकीकरण तथा राष्ट्रीय चेतना के विकास को प्रबल करने की एक जन धारा माना गया है। राष्ट्रप्रेम से

स्पष्ट हो जाता है की राष्ट्रीय चेतना एवं सामुदायिकता को एक सूत्र में पिरोने का काम राष्ट्रवाद ही कर सकता है।

राष्ट्रवाद की अवधारणा स्वतंत्रता के पूर्व स्वतंत्रता के लिए सभी वर्गों का एकजुट हो जाना तथा वर्ग भेद को मिटाना एवं आपस में आर्थिक सहयोग कर राष्ट्र की अस्मिता को जीवित या पुनर्जीवित करने का कार्य ने ही राष्ट्रप्रेम तथा राष्ट्रवाद को जन्म दिया है। राष्ट्र के रूप में भारत मैं विविध भाषाओं अनेक धर्मों अनेक जाती और प्रांतों का समूह है। भारत में राष्ट्रवाद के अंतर्गत राष्ट्र की अपनी एक विशिष्ट अवधारणा विकसित की जिसमें बहुजातीयता, धर्मनिरपेक्षता और सहिष्णुता जैसे मूल्यों को सहेज कर भारतीय राष्ट्रवाद को जन्म दिया है,जोकि अत्यंत गौरवशाली एवं महत्वपूर्ण है। राष्ट्रप्रेम में व्यक्तिगत या सामूहिक देश के प्रति भक्ति न्योछावर और अपने व्यक्तिगत हितों से बढ़कर राष्ट्रीय चरित्र निर्माण को ही सम्मिलित किया गया हैं, जिससे राष्ट्र दृढ़, समृद्ध और विकासशील होता है। जिससे राष्ट्रीय संपत्ति सीमाओं और विदेशी आक्रमण के समय राष्ट्र की रक्षा प्रमुख तत्व होते हैं। भारत एक स्वतंत्र लोकतांत्रिक, प्रजातांत्रिक देश है।

राष्ट्रवाद पर राष्ट्रप्रेम भारत के संदर्भ में और गहरा तथा महत्वपूर्ण इसी लिए भी है कि भारत में विभिन्न समुदाय, जाति, धर्म और बोली के लोग निवासरत हैं, एवं भारत के परंपरागत दुश्मन भी युद्ध के लिए घात लगाए बैठे हैं, ऐसे में भारत को विशाल जनसंख्या तथा देश के अंदर फैले बहुत बड़े भूभाग की रक्षा के लिए राष्ट्रवाद जैसी अवधारणा को मजबूत किए जाने की अत्यंत आवश्यकता है। ऐसे में भारत के लिए राष्ट्रवाद एक अमोघ अस्त्र की तरह आमजन को एक सूत्र में बांधे रखने देश के प्रति निष्ठा रखने और विपरीत परिस्थितियों में एकजुट होने की प्रेरणा देने के लिए राष्ट्रवाद और राष्ट्रप्रेम की बहुत ज्यादा आवश्यकता होगी। वैसे तो भारत का इतिहास अनेक महापुरुषों, बड़े-बड़े सम्राटों और योद्धाओं की राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण है।

पूंजीवाद, मार्क्सवाद और राष्ट्रप्रेम के प्रति पश्चिम के विद्वानों की राय और अवधारणाएं अलग-अलग हैं। यूरोपीय विचारकों के अनुसार राष्ट्रप्रेम के कई ऋणात्मक पहलू भी है, भारत राष्ट्र के संदर्भ में राष्ट्रवाद, राष्ट्रप्रेम को सकारात्मक रूप से लेना चाहिए, पर राष्ट्रप्रेम की अवधारणा में राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में शासकीय प्रशासक की हठधर्मिता को न मानना लोकतांत्रिक संगठन में राष्ट्र धर्म का विरोध नहीं माना जाना चाहिए, तभी राष्ट्रप्रेम अथवा राष्ट्रवाद की अवधारणा को सामूहिक रूप से बल मिलेगा और प्रजातांत्रिक संगठन भविष्य में लंबे समय तक जीवित रह सकता है।

साहित्य झरोखा

अल्फाजों के समुंदर से...

दीपक सिंह

अल्फाजों के समुंदर से,
दिलों पर राज करना है।

तुम्हें जो समझना है समझो,
मुझे ना हिसाब करना है।।

शिकवे गिले नहीं,
दोष ईष्या मिथ्या न पाले है।

सभी की सोच मे प्रेम घोलकर,
सभी को प्रेम से गुलाम करना है।।

ठोकर है मिलती संभलना



फिर है,
न किसी पर इल्जाम करना है।

पग है निष्ठा का,
अटल अड़िग बिश्वास पाले है।

नीति संयम के डोरे मे बाधकर,
सभी के दिल मे मुकाम करना है।

राशिफल

मेष:- महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में अत्याधिक व्यय का योग है। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

वृषभ:- परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर मिलेंगे।

मिथुन:- मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित होगा। नये संबंधों के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में संतुष्ट व तृप्त रहने का प्रयत्न करें। रोजगार में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाएंगे। आलस्य कतई न करें।

कर्क:- बीती बातों को भूलने की कोशिश करें। रोजगार में लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बढ़ेगा। आकांक्षाओं की पूर्ति होगी।

सिंह:- नौकरी का वातावरण सुखद होगा। भावनात्मक समस्याओं पर सगे-संबंधियों के बीच खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व क्षमता की अनुभूति करेंगे। रोजगार क्षेत्र में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी।

कन्या:- महत्वपूर्ण कार्य को कल पर न टालें। नकारात्मक चिंताओं का त्याग करें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। भावावेष में किये गये कार्य से कष्ट संभव।

तुला:- निकट संबंधों में शंकाओं को न हावी होने दें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। परिवार में खुशहाली स्थिति रहेगी।

वृश्चिक:- अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। जरूरी कार्य में आलस्य न करें। किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

धनु:- सगे-संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। अच्छे कार्य द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

मकर:- विभागीय परिवर्तन से कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अपने अंदर धैर्य व वाणी में मधुरता लायें। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। गुप्त विरोधियों से सतर्क रहें।

कुंभ:- राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा। अच्छे कार्य के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन-सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। आलस्य कतई न करें।

मीन:- किसी नये कार्य की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केंद्रित होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बनेंगे। महत्वपूर्ण योजनाओं की पूर्ति हेतु तत्पर होंगे।

सेना में जुगाड़

भारत इस वक्त आंतरिक और बाहरी दोनों ही मोर्चों पर खतरों से घिरा हुआ है। पाकिस्तान के साथ रिश्तों में कोई सुधार नहीं है, बल्कि वहां जिस तरह की उथल-पुथल चल रही है, उसका असर भारत पर ही सबसे अधिक पड़ेगा। कमोबेश यही हालात अफगानिस्तान को लेकर है। चीन तो भारत के सिर पर सवार होने की कोशिश कर ही रहा है। सीमांत इलाकों में कब, कहां और किस तरह से चीन की घुसपैठ शुरु हो जाए, कहा नहीं जा सकता। इधर मणिपुर में जैसे हालात हैं, वो आंतरिक सुरक्षा के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं। नक्सल प्रभावित इलाकों में जरा सी असावधानी भारी पड़ जाती है।

देश को ऐसे खतरों से सुरक्षित रखने की बड़ी जिम्मेदारी सेना पर होती है।सीमाओं से लेकर भीतरी अशांति तक हर जगह आम नागरिकों की सुरक्षा का काम हमारे सैनिक करते हैं। और प्राकृतिक आपदा के वक्त राहत और बचाव कार्य में भी सेना की ही मदद ली जाती है। लेकिन देश को सुरक्षित रखने वाली सेना में अब सरकार की नीतियों के कारण असुरक्षा का भाव आने लगा है। भारतीय सेना इस वक्त मेजर और कैप्टन स्तर के बड़े अधिकारियों की भारी कमी का सामना कर रही है। भारतीय सेना में आर्मी मेडिकल कोर और आर्मी डेंटल कोर समेत 8,129 अधिकारियों की कमी है। इसी तरह नौसेना में 1,653 और भारतीय वायु सेना में 721 अधिकारियों की कमी है। सेना ने इकाइयों में बड़े अधिकारियों की कमी को दूर करने के लिए विभिन्न मुख्यालयों में स्टाफ अधिकारियों की पोस्टिंग को कम करने की योजना बनाई है और ऐसे पदों पर फिर से नियुक्त अधिकारियों की नियुक्ति पर विचार कर रही है। अगर ये कहा जाए कि सेना के काम में भी अब जुगाड़ किया जा रहा है, तो गलत नहीं होगा।

राजनैतिक दल अक्सर सेना के मसले को चुनावी मुद्दा बना देते हैं। जय जवान, जय किसान जैसे ईमानदार नारे अब नहीं लगाए जाते। बल्कि अब राजनैतिक फायदे के लिए सेना को लेकर घोषणाएं की जाती हैं। खासकर भाजपा राष्ट्रवाद और सेना को एक साथ जोड़कर बढ़िया चुनावी मुद्दा बनाती है। प्रधानमंत्री मोदी हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों में अपने चुनावी भाषणों में सेना को ला चुके हैं। उन्होंने गलवान में बिहार रेजीमेंट के शहीद सैनिकों का मुद्दा बिहार चुनाव में उठाया था और उससे पहले आम चुनाव में पुलवामा में शहीद हुए सैनिकों का मुद्दा भी भाजपा ने खूब भुनाया था। ऐसा लगता है कि मोदी सरकार जय जवान अपनी जय करवाने के लिए करती है। सैन्य वेशभूषा में दुर्गम क्षेत्रों में तैनात सैनिकों के बीच पहुंचकर प्रधानमंत्री मोदी ये बतलाने की कोशिश कर चुके हैं कि उन्हें सैनिकों के त्याग, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का कितना ख्याल है। मोदी सरकार रक्षा बजट भी साल दर साल बढ़ा ही रही है। साल 2023-24 के लिए भी रक्षा बजट 5.94 करोड़ रुपये का है। इसके अलावा विभिन्न देशों से द्विपक्षीय संबंधों में रक्षा क्षेत्र पर खास ध्यान दिया जाता है। अभी प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका दौरे में कई अहम रक्षा करार किए। तीन अरब डॉलर यानी लगभग 24 हजार करोड़ रुपये के तो केवल 30 प्रीडेटर ड्रोन ही खरीदे जाएंगे। इसके अलावा भी करोड़ों रूपयों के दूसरे सौदे हुए हैं। रक्षा क्षेत्र में भारत की स्थिति मजबूत करने के लिए जो करोड़ों-अरबों का भुगतान सरकार करती है, वो दरअसल आम आदमी का कमाया हुआ धन ही होता है। जिसे देशहित के लिए टैक्स के तौर पर आम भारतीय जमा करता है। और जब अरबों रूपए खर्च होने के बाद भी यह तथ्य सामने आए कि सेना में बड़े अधिकारियों की भारी कमी है, तो दुख के साथ आश्चर्य होता है कि आखिर इस सरकार की मंशा सेना को लेकर क्या है। भारतीय रक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, भारत सरकार ने 2013-2019 के बीच हर साल औसतन 60 हजार जवानों की भर्तियां कीं। यानी सात सालों में लगभग 3 लाख भर्तियां हुई। मगर अब ये खाली पड़े पद बता रहे हैं कि जितना काम हुआ, वो नाकाफी था। खाली पदों को तेजी से भरने की जगह सरकार अग्निवीर योजना लेकर आ गई, जिसमें महज 4 सालों के लिए सैनिक तैयार होते।

इस योजना की क्या-क्या खामियां हैं, इस पर बहस अभी खत्म नहीं हुई कि अब ये तथ्य सामने आ रहा है कि अग्निवीर में प्रशिक्षण के दौरान घायल होने वाले सैनिकों को बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है।

कई सैनिक ट्रेनिंग पूरी करने के बावजूद बाहर कर दिए गए हैं। दरअसल नियम है कि 6 महीने की ट्रेनिंग के दौरान अगर कोई अग्निवीर लगातार 21 दिन या कुल 30 दिन अनुपस्थित रहता है तो उसे बाहर कर दिया जाएगा। यह नियम तब मान्य होना चाहिए जब अग्निवीर किसी अन्य कारण से अनुपस्थित रहे। मगर घायल सैनिक अगर ट्रेनिंग पर न आ पाए, या चिकित्सक उसे आराम की सलाह दें, तब भी उसे बाहर करना उसके साथ अन्याय है। अग्निवीर योजना से पहले जब सैनिकों की नियमित भर्ती होती थी तब उन्हें चोटिल होने पर एक बैच पीछे करने का विकल्प होता था, तब प्रशिक्षण की अवधि 9 से 11 महीने की होती थी। लेकिन अब ऐसा नहीं है। अग्निवीर योजना की इस बड़ी खामी की ओर सेना का ध्यान आकृष्ट किया गया है और मानवीय आधार पर इस पहलू पर गौर फरमाने कहा जा रहा है।

मगर मौजूदा नियम कब बदलेंगे या बदलेंगे या नहीं, इस पर कुछ कहा नहीं जा सकता।

बेरोजगारी का सामना कर रहे लाखों नौजवान मजबूरी में अग्निवीर योजना को कबूल कर रहे हैं और अभी ऐसा लग रहा है कि उनकी मजबूरी का पूरा फायदा उठाया जा रहा है। हो सकता है सरकार सैनिकों पर होने वाले खर्च में कटौती से थोड़ी बचत कर ले, लेकिन आखिरकार ऐसी बचत देश पर बहुत भारी पड़ेगी। सैनिकों में देशप्रेम और त्याग का जज्बा कूट-कूट कर भरा होता है, तभी वे सर्वोच्च बलिदान यानी अपनी जान देने तक से पीछे नहीं हटते। इस जज्बे को बनाए रखने की जिम्मेदारी सरकार पर होती है। बच्चों के फैंसी ड्रेस की तरह सैन्य पोशाक पहनकर ये जिम्मेदारी नहीं निभाई जा सकती, इसके लिए सैनिकों की सुविधा का ख्याल भी रखना होगा।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एबीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

कुत्ते ने डेढ़ दर्जन राहगीरों को बनाया शिकार

- आतंक से त्रस्त आये लोगों ने कुत्ते को घेरकर मार डाला

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।

नगर में कटखने कुत्तों का आतंक मचा हुआ है। बुधवार को बाजार से कोंच चौराहे के बीच एक कुत्ते ने डेढ़ दर्जन लोगों को अपना शिकार बनाया। कुत्ते के आतंक से परेशान लोगों ने छैपुला के पास कुत्ते को मार दिया।

बुधवार की दोपहर बाजार में अचानक एक कुत्ते ने एक के बाद एक लोगों को काटना शुरू कर दिया। जब बाजार के लोगों ने कुत्ते को भगना शुरू किया तो रास्ते में कुत्ते को जो भी मिला उसे काट लिया। बाजार से कोंच चौराहे तब कुत्ते ने 18 लोगों को अपना

शिकार बना लिया। कुत्ते ने गौसिया (13), कल्लू (32), मनोज माधौगढ़ (35), जावेद (22) चिमनदुबे, मेवालाल (50) बिरहरा, समशेर (28) अब्दुल्लापुर, अंकित पाठक (25) प्रतापपुरा, अनुराधा (28) तोपखाना, अनम (15) रापटगंज, अहद (12) तोपखाना समेत 18 लोगों को अपना शिकार बनाया। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

कुत्ते के एक के बाद एक शिकार बन रहे लोगों ने छैपुला के पास कुत्ते को मार दिया। जहां उनकी ड्रेसिंग के साथ उन्हें एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाए गए। इस संदर्भ में सीएचसी प्रभारी डॉ. केडी गुप्ता ने बताया कुत्ते ने डेढ़ दर्जन लोगों को काटा है। जिनका इलाज कर उन्हें एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाए गए हैं।

सदर तहसील गल्ला मंडी में स्थानांतरित

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज। डीएम चाँदनी सिंह ने बताया कि तहसील उरई की बिल्डिंग जर्जर हो चुकी है तहसील भवन का निर्माण होना प्रस्तावित है, अस्थाई रूप से राठ रोड स्थित गल्ला मंडी में स्थानांतरित की गई है। उन्होंने बताया कि उरई उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार कानूनगो व लेखपाल आदि संबंधित अधिकारी तहसील में होने वाले समस्त कार्य अब राठ रोड नवीन गल्ला मंडी में संपादित करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि उप जिलाधिकारी न्यायालय के कार्य कलेक्ट्रेट परिसर से ही किया जाएगा। उरई तहसील के आमजनमानस तहसील से संबंधित कार्य के लिए अस्थाई रूप से बनाई गई राठ रोड नवीन गल्ला मंडी में अपने संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर अपनी समस्याओं का निराकरण कराएं। तहसील उरई काफी जर्जर बिल्डिंग होने के कारण राठ रोड स्थित नवीन गल्ला मंडी में शिफ्ट की जा चुकी है।

मातृ एवं शिशु अस्पताल को मिले जनरल सर्जन

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

मातृ एवं शिशु अस्पताल में जनरल सर्जन डॉ. अनिल कुमार शुक्ला ने अपनी योगदान आख्या दे दी है। वह लखनऊ से लखीमपुर भेजे गए हैं।

डॉ अनिल कुमार शुक्ला ने बताया कि उन्होंने केजीएमयू लखनऊ से 1989 में एमबीबीएस पूरा किया था और वह अयोध्या (फैजाबाद), बाराबंकी, लखनऊ, सिद्धार्थनगर बाराबंकी, कासगंज और उसके बाद लखनऊ में अपनी सेवाएं दे चुके हैं. जहां से वह शासन के निर्देश पर लखीमपुर खीरी मातृ एवं शिशु अस्पताल में बतौर जनरल सर्जन तैनात किए गए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि वह अपनी पूरी निष्ठा और लगन से अपने कार्य को निष्पादित करेंगे। जिससे आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं शासन की मंशा के अनुरूप मिल सके। उनकी जॉइनिंग पर एमसीएच विंग अधीक्षक डॉ एसी श्रीवास्तव, जिला पुरुष चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. आईके रामचंदानी सहित वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ आरएस मधौरिया, डॉ एसके मिश्रा, डॉ आरके कोहली सहित अन्य चिकित्सकों और स्टाफ ने उन्हें शुभकामनाएं दीं हैं।

खबरें एक नजर में

विकास भवन में आज से शुरू होगा आधार कार्ड का विशेष कैंप

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज। आधार कार्ड के अपडेशन व नये आधार कार्ड बनवाने के लिए विशेष कैंप का आयोजन विकास भवन परिसर, लखीमपुर खीरी में 06 जुलाई से किया जा रहा है। जिसमें आधार से सम्बन्धित सभी सेवायें जैसे मोबाइल नम्बर, नाम, ईमेल, लिंग, जन्मतिथि, पते का अपडेशन, बायोमेट्रिक अपडेशन, बच्चों के नए आधार आदि की सेवायें प्रदान की जायेगी। उक्त आशय की जानकारी जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी एकता श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि विकास भवन में गुरुवार से शुरू होने वाले आधार कार्ड का विशेष कैंप में आधार से संबंधित सभी सेवा जैसे मोबाइल नंबर, नाम, ईमेल, लिंग, जन्मतिथि, पते का अपडेशन, बायोमेट्रिक अपडेशन, बच्चो के नए आधार आदि की सेवा प्रदान की जाएगी। सरकार द्वारा विभिन्ने योजनाओ का लाभ सरकार द्वारा आधार के माध्यम से आम जनमानस को सीधे पंहुचा रही है इसलिए आधार का अपडेट रहना अनिवार्य है। आधार जारी करने वाली सस्था यूआईएडीआई (nique Identification Authority of India) ने आग्रह किया है की जिन लोगो के आधार दस साल पहले बनाया था और उसके बाद कभी भी अपडेट नही करवाया है ऐसे आधार संख्या धारको से अनुरोध है की वे अपने पहचान और पते के प्रमाण से समवन्धित अपने दस्तावेजो को अपडेट कराये, जिससे उन्हें विभिन् सरकारी योजनायो का लाभ निर्वाध रूप से मिल सके।

तीन दिवसीय रामकथा का भंडारे के साथ समापन

बिसवां, सीतापुर, समृद्धि न्यूज। विकास खंड की ग्राम भुइला कलां में चल रही तीन दिवसीय पावन श्री राम कथा की अमृत वर्षा का समापन भंडारे के साथ समाप्त हो गया । बिसवां विकास क्षेत्र के ग्राम भुइला कलां पंडित पुरवा में यजमान शैलेंद्र शुक्ला द्वारा आयोजित 3 दिनों से चल रही रामकथा में कथा व्यास पंडित सुबोध अवस्थी ने राम नाम की महिमा बतलाते हुए कहा कि राम का नाम अनमोल है, यदि पापी भी राम का नाम लेता है तो उसे सद्गति मिल जाती है। जिसके हृदय में प्रभु के प्रति भाव जागते हैं, जिस पर हरि कृपा होती है वह मनुष्य ही प्रभु की कथा में शामिल होता है। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। हवन- पूजन से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सदगुणों के द्वार खुलते हैं । प्रतिदिन भक्तगण राम कथा का आनंद लिया और अंतिम दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

सीएचसी पहला के सामने वर्षो से हो रहा जलभराव, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

पहला सीतापुर, समृद्धि न्यूज। एक तरफ योगी सरकार गड्ढा मुक्त सड़को के लिए आदेश पर आदेश जारी करते है वहीं उन्ही के मताहतो द्वारा मुख्यमंत्री के आदेश को नजरंदाज कर सरकार की किरकिरी करा रहे हैं । आपको बता दें विकास खंड पहला अंतर्गत सरैया कादीपुर से रामपुर कलां जाने वाली सड़क पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहला के ठीक सामने कई वर्षो से हल्की बारिश से लगातार जल भराव हो रहा है और हर समय अस्पताल आने जाने वाले मरीजों समेत राहगीरों को इसी गड्ढा युक्त भरे पानी से निकलना पड़ रहा है। यह कोई पहली बार बारिश होने की वजह से जलभराव हुआ है। कई वर्षो से इस जलभराव की समस्या को देखते हुये अखबारों में खबरें भी प्रकाशित हुई, परंतु जिम्मेदार जान कर भी अंजान बने हुए हैं। प्रशासनिक अधिकारियों समेत जन प्रतिनिधियों के कान में आजतक जूं तक नही रेंगी है। अस्पताल के सामने जल भराव से संक्रामक बीमारियों का खतरा बना रहता है तथा कई बार राहगीर लोग इस जर्जर मार्ग निकलने पर चोटिल भी हो चुके हैं। अब देखना है कि जनता को कब इस समस्या से निजात मिलती है?

हर घर पानी की टोंटी लगवाने हेतु ग्रामीणों को किया जागरूक

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज। बुधवार को विकासखंड महेवा में राज्य पेयजल एवं स्वछता मिशन तथा स्वजन फाउंडेशन की तरफसे एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। लोगों को स्वच्छता अथवा पानी के बारे में जागरूक किया गया। हर घर पानी की टोंटी लगवाने और उसका उपयोग के बारे में चर्चा हुई। कार्यक्रम अध्यक्ष दुर्गेश प्रताप सिंह ब्लॉक प्रमुख महेवा रहे। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी महेवा विपिन कुमार, कार्यक्रम के संरक्षक श्याम नारायण दुबे सोशल एक्सपर्ट। कार्यक्रम के संयोजक सहायक खंड विकास अधिकारी (पंचायत) विकास खण्ड महेवा साथ ही सहायक विकास अधिकारी हरेन्द्र सिंह सेंगर भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कश्मीर सिंह, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सुनील, सुपरवाइजर आदेश और टीम के अलोक राजपूत, अटल, भूपेश, अतुल, मोहित, मोनिका सिंह, मुस्कान, कंचन, शशि, कोमल, नीतू, पूजा के साथ समस्त टीम (स्वजन फॉउन्डेशन लखनऊ) के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्गेश प्रताप सिंह व मंच पर उपस्तिथि सभी पदाधिकारीगण ने स्वजन फाउंडेशन की सभी गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर सभी ग्राम पंचायत के लिए रवाना किया।

राशन की दुकान दिलाने के नाम पर दिव्यांग से चालीस हजार की ठगी

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज। सरकारी खाद्यान्न की दुकान दिलाने के बहाने युवक ने दिव्यांग से 40 हजार रुपए ले लिए। 4 माह बीतने के बाद भी जब दुकान नहीं हुई तो पीड़ित ने रुपये वापस मांगे। लेकिन आरोपी ने रुपये देने से इंकार कर दिया। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पुरानीहाट निवासी दिव्यांग अनीस मंसूरी ने पुलिस को बताया कि मार्च में उनकी भेंट नारोभास्कर निवासी युवक से हुई थी। उन्होंने उसे दिव्यांग कोटे से सरकारी खाद्यान्न की दुकान दिलाने का भरोसा दिलाया था। इसके लिए 70-80 हजार रुपये खर्च होने की बात कही थी। विश्वास में आकर उसने दुकान कराने के लिए उन्हें पेशगी के तौर पर 30 हजार रुपए फोनपे के माध्यम से व 10 हजार रुपए नकद 3 मार्च को दे दिए थे। जब 2 महीने तक सरकारी खाद्यान्न की दुकान नहीं हुई तो उसने इसकी जानकारी ली तो पता चला कि ऐसी कोई योजना नहीं है। जानकरी होने के बाद जब उसने अपना रुपया वापस मांगा तो उन्होंने रुपये देने से इंकार कर दिया। पीड़ित ने पुलिस से उसके रुपये दिलाने की गुहार लगाई है।

बच्चों की अच्छी शिक्षा दीक्षा से बनता है समाज का सुंदर स्वरूप : बीएसए

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

- पांच ब्लाकों के परिषदीय विद्यालयों में एक साथ संपन्न हुई पी.टी.एम. और हुआ औचक निरीक्षण
- 976 परिषदीय विद्यालयों में एक साथ किया गया पी.टी.एम. का आयोजन

दिनांक 05 जुलाई 2023। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री प्रवीण कुमार तिवारी के निर्देश पर जिले के पांच ब्लाकों के परिषदीय विद्यालयों में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी आयोजन और औचक निरीक्षण किया गया है। ज्ञातव्य हो कि स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जनपद के प्रत्येक विद्यालयों में ब्लाकों के परिषदीय विद्यालयों में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी के आयोजन और औचक निरीक्षण के लिए निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी श्री महेंद्र बहादुर सिंह और मुख्य विकास अधिकारी श्री अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय जाने के लिए प्रेरित करने के लिए जनजागरुकता के तहत विद्यालयों में पीटीएम और निरीक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। आज दिनांक 05 जुलाई 2023 को पांच ब्लाकों बांकेगंज, बेहजम, निघासन, बिजुआ एवम पलिया के 976 परिषदीय विद्यालयों में पी.टी.एम. का आयोजन किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री प्रवीण कुमार तिवारी ने बांकेगंज ब्लाक के संविलियन विद्यालय हरिहरपुर में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी में प्रतिभाग किया । उन्होंने विद्यालय के समस्त स्टाफ और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालयों में पढ़ रहे यह बच्चे समाज की मेरुदंड हैं इन बच्चों के पढ़ने लिखने के द्वारा ही समाज का सुंदर स्वरूप बनता है। अतः इन बच्चों की पढ़ाई के लिए अभिभावकों का जागरूक होना महती आवश्यकता है।

विद्यालयों में बच्चों के लिए शिक्षकों की जितनी भूमिका है उतनी ही घर पर अभिभावकों की भी है। उन्होंने छात्र-छात्राओं के माता-पिता अभिभावकों से कहा कि अपने बच्चों को स्वच्छ यूनिफॉर्म में ही नियमित विद्यालय भेजें। बच्चे सभी बुद्धिमान होते हैं। शिक्षक और अभिभावक बच्चों को अच्छे मार्गदर्शन देकर उनका सुंदर स्वरूप गढ़ते हैं । अतः इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए शिक्षकों और अभिभावकों को पूरे मनोयोग से जुड़ना चाहिए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री प्रवीण कुमार तिवारी ने अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी के समस्त एजेंडे पर अभिभावकों से कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में अभिभावकों और शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है। शिक्षकों को बच्चों की आधारशिला बनाने में किसी भी प्रकार की शिथिलता ना बरतने का निर्देश दिया। बी एस ए श्री प्रवीण कुमार तिवारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय हरिहरपुर में कक्षाओं में निरीक्षण कर बच्चों से पाठ्यक्रम संबंधी प्रश्न पूछे गए। निपुण लक्ष्य पर फोकस करते हुए प्रयोगशाला और पुस्तकालय को भी देखा। सभी शिक्षकों और बच्चों का उत्साहवर्धन भी किया। पिछले सत्र में सबसे अधिक उपस्थिति देने वाली छात्रा अश्वनी कक्षा 2 और उसके पिता श्री पंकज कुमार को बी एस ए ने पुरस्कृत भी किया । साथ में खंड शिक्षा अधिकारी बांकेगंज श्री राकेश कुमार भी उपस्थित रहे। इसके साथ उन्होंने समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों व परिषदीय विद्यालयों के प्रधान अध्यापकों एवम शिक्षकों को निर्देशित किया कि समस्त विद्यालयों में आउट ऑफ स्कूल बच्चों का नामांकन कराएं। विद्यालय सेवित क्षेत्र में प्रत्येक छात्र-छात्रा का शत प्रतिशत नामांकन करें, बच्चों की उपस्थिति एवम ठहराव हेतु अभिभावकों एवम बच्चों को प्रेरित करें। बच्चों को निपुण बनाने हेतु शासनादेश एवम योजना अनुसार शिक्षण कार्य करें। साथ ही समस्त खंड शिक्षा अधिकारी अपने संबंधित विकास क्षेत्र के विद्यालयों से समस्त आवश्यक सूचनाओं को संकलित कर मांगे जाने पर जिला कार्यालय में प्रेषित करना है। अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी कार्यक्रम के प्रभारी डीसी एमआईएस श्री पुष्पेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि दिनांक 5 जुलाई से 7 जुलाई के मध्य जनपद के समस्त विद्यालयों में निर्धारित तिथियों पर पीटीएम का आयोजन और विशेष सघन निरीक्षण किया जाएगा।

औचक निरीक्षण में 10 शिक्षक रहे अनुपस्थित

दिनांक 5 जुलाई 2023 को हुए विशेष सघन निरीक्षण में विकास क्षेत्र पलिया में एक अनुदेशक, निघासन में 4 शिक्षक, एक प्रधानाध्यापक, बेहजम में एक शिक्षामित्र, एक सहायक अध्यापक, एक अनुदेशक और बिजुआ में 2 सहायक अध्यापक अनुपस्थित रहे। विशेष सघन निरीक्षण अभियान में समस्त खंड शिक्षा अधिकारी और समस्त जिला समन्वयक ने विभिन्न ब्लाकों में सघन निरीक्षण किया।

जेएनवी प्रवेश परीक्षा के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

उई (जालौन), समृद्धि न्यूज। डीएम चाँदनी सिंह ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि वह जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2024-25 कक्षा-6 में प्रवेश हेतु 20 जनवरी 2024 (शनिवार) को आयोजित किया जाना निर्धारित है। प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु ऑन लाइन माध्यम से आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2023 निर्धारित है। उक्त आयोजित प्रवेश परीक्षा में जनपद के परिषदीय विद्यालयों, निजी प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा-5 में अध्ययनरत अधिक से अधिक छात्र सम्मिलित हो सके। इस हेतु आपसे अपेक्षा की जाती है कि जनपद के अधीनस्थ खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करें कि उक्त परीक्षा में सम्मिलित कराये जाने हेतु कक्षा-5 में अध्ययनरत छात्रों के अभिभावकों को प्रेरित करें और व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए निर्धारित तिथि 10 अगस्त 2023 के पूर्व ऑन लाइन आवेदन कराना सुनिश्चित करायें।

छेड़खानी मामले में जमानत पर आये आरोपी ने किशोरी पर फेंका तेजाब

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।

किशोरी के साथ हुई छेड़खानी के मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया था। जेल से बाहर आने पर आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर किशोरी पर ज्वलनशील पदार्थ फेंक दिया। जिसमें किशोरी का हाथ झुलसा। किशोरी की मां ने बेटी पर तेजाब फेंकने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम इकहरा निवासी मानसिंह पर एक महिला ने 14 वर्षीय बेटी के साथ छेड़खानी किए जाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने जब रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो महिला ने न्यायालय का सहारा लिया था। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर बीती 15 जून को उसे जेल भेज दिया था। दो दिन पूर्व वह गांव आया था। महिला ने पुलिस को बताया कि बुधवार की सुबह उनकी बेटी घर के बाहर बैठी थी। तभी उक्त मानसिंह व महाराज सिंह वहां आ गए और बेटी के साथ गाली, गलौज करते हुए उन्होंने बेटी के मुंह पर तेजाब फेंक दिया। बेटी ने मुंह पर हाथ लगा लिया तो उसका मुंह तो बच गया लेकिन तेजाब से उसके हाथ झुलस गए। बेटी पर तेजाब फेंककर आरोपी वहां से भाग गए। बेटी के चिल्लाने पर जब वह बाहर आई तो उसे तत्काल अस्पताल ले गई। जहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। उक्त संदर्भ में सीओ रविंद्र गौतम ने बताया कि मां की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मेडिकल परीक्षण में तेजाब की पुष्टि नहीं हुई है। बल्कि किसी अन्य ज्वलनशील पदार्थ से उसके हाथ झुलसे हैं। पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करेगी।

साला घाट मामले ने लिया नया मोड़ रोशनी के भाई ने जताई हत्या की आशंका

- सोनू साहू का आरोप बहला फुसलाकर उसकी बहिनों को लाए थे दो युवक
- एक युवक पूंछ से वह दूसरा जालौन का रहने वाला बताया जाता

उई (जालौन), समृद्धि न्यूज।

मंगलवार की सुबह बेतवा स्थित साल घाट पर नदी में डूब कर लापता हुई किशोरी के मामले में अब एक नया मोड़ ले लिया है निशा साहू के भाई सोनू साहू ने मामले को लेकर खुलासा किया है कि उसकी दो बहने निशा और रोशनी को बहला फुसलाकर दो युवक घूमने के लिए यहां ले आए थे उसे शक है कि उसकी बहन की हत्या की गई है। फिलहाल आरोपी की शिकायत पर पुलिस ने मामले पर नए एंगल से कार्यवाही शुरू कर दी है हालांकि घटना के दूसरे दिन समाचार लिखे जाने तक लापता किशोरी का 36 घंटे बाद भी कोई पता नहीं चल सका।

गौरतलब हो कि मंगलवार की सुबह कोटरा थाना क्षेत्र में रोशनी साहू पुत्री वीर सिंह बेतवा स्थित साल घाट पर दो युवकों के साथ आयी थी जहां वह नहाते वक्त नदी में गिर कर लापता हो गई थी। इस मामले में जब रोशनी के घरवालों को जानकारी हुई तो मौके पर पहुंचे उसके भाई सोनू साहू ने मामले को हादसा न ठहराते हुए उसे हत्या किए जाने का मोड़ दे दिया सोनू साहू ने आप मारा कि उसकी दोनों बहिनों को दो युवक घूमने के बहाने बहला फुसलाकर साला घाट लेकर आए थे इन युवकों में से एक युवक पूंछ झांसी का और दूसरा जालौन का बताया जाता है। सोनू का आरोप है कि उसकी बहिन हादसे का शिकार नहीं हुई बल्कि उसकी हत्या की गई है। हालांकि अभी तक सोनू ने इस संबंध में कोटरा थाना पुलिस को कोई लिखित तहरीर नहीं दी थी। कोटरा पुलिस का पहला प्रयास रोशनी के शव की बरामदगी कराना है इसी सिलसिले में बुधवार को भी सलाघाट में प्राइवेट गोताखोर बेतवा नदी में रोशनी के शव की खोजबीन करने में जुटे रहे लेकिन उन्हें देर शाम तक कोई सफलता नहीं मिल पायी थी। कोटरा थानाध्यक्ष सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी सलाघाट पर दिन भर डेरा जमाये रहे। इस दौरान लोगों में इस घटना को लेकर भी चर्चाओं का बाजार गर्म बना रहा।

प्रत्येक स्कूल को निपुण स्कूल बनाने में पूरा प्रयास करेंगे : चंद्रप्रकाश

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।

नवागंतुक बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्रप्रकाश ने पदभार ग्रहण करने के बाद बताया कि शासन की मंशा अनुरूप काम किया जाएगा और धरातल स्तर पर शासन की योजनाओं क्रियान्वन व लागू किया जाएगा।

वर्तमान सरकार बेसिक शिक्षा के संकल्प को लेकर प्रतिबद्ध है जिसमें कि प्रत्येक स्कूल को निपुण स्कूल बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कस्तूरबा गांधी विद्यालय में चल रहे कार्यों की मॉनिटरिंग की जाएगी व प्रगतिशील कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया की जनपद जालौन में 1510 बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता को बढ़ाने का कार्य किया जाएगा व छात्र शिक्षक अनुपात में संतुलन बनाए रखने का पूरा प्रयास किया जाएगा। शिक्षक समय पर विद्यालय में उपस्थित रहे। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने नदीगांव ब्लॉक के कई स्कूलों में निरीक्षण किया।

बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि वह 2020 बैच के पीईएस

उन्होंने परीक्षा में 17 वीं रैंक सत्र प्राप्त की थी। इससे पूर्व वह सीईटी प्रयागराज में प्रवक्ता के पद पर तैनात थी पूर्व में उन्होंने शिक्षा निदेशालय में भी कार्य किया है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे कालपी ब्लॉक के एक विद्यालय के वीडियो को लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद प्रकाश ने कहा कि उक्त विद्यालय में प्रधानाध्यापक के द्वारा एक मुहिम चलाई जा रही थी जिसमें शिक्षक, बच्चे व विद्यालय का पूरा स्टाफ झाड़ू लगा रहा था वीडियो को गलत तरीके से प्रसारित किया गया मामला संज्ञान में है इस संबंध में नोटिस जारी कर दिया गया है।

भीम जी उपाध्याय को मिली जनपद के नए मुख्य विकास अधिकारी की जिम्मेदारी

- पदभार ग्रहण करने के साथ ही नई रणनीति का किया खुलासा
- लोक शिकायतों के निस्तारण और कार्यों में गुणवत्ता रहेगी प्राथमिकता

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज। प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले के क्रम में यहां जनपद में बतौर मुख्य विकास अधिकारी की जिम्मेदारी से नवाजे गए भीमजी उपाध्याय ने पदभार ग्रहण करने के साथ ही नई रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है और वह जिले में लोक शिकायतों का निस्तारण तथा कार्यों की गुणवत्ता को प्राथमिकता मानते हुए शासन प्रशासन की मंशा अनुसार अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करने को तत्पर हैं।

पदभार ग्रहण करने के उपरांत अनौपचारिक वार्ता के दौरान मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय ने बताया कि इससे पूर्व जॉइंट कमिश्नर के तौर पर मुख्यालय लखनऊ में जिम्मेदारियां निभा रहे थे यह जिला उनके लिए बिल्कुल नया है और पहली बार वह यहां मुख्य विकास अधिकारी के तौर पर आए हैं उन्होंने अपनी प्रशासनिक रणनीति का खुलासा करते हुए कहा कि वह लोक शिकायतों को प्राथमिकता के तौर पर लेंगे किसी भी व्यक्ति की यदि कोई समस्या होती है तो वह उसके निराकरण को उसे प्रयास तक पहुंचने का कार्य करेंगे जहां की वह किसी परिणाम तक पहुंच सके उन्होंने यह भी कहा कि जिले में कराई जा रहे विकास कार्यों में तेजी लाने का प्रयास करेंगे और इस बीच यदि उन्हें विकास कार्यों के मद्देनजर किसी की कोई शिकायत मिलती है तो वह ऐसे मामलों को भी गंभीरता के साथ लेकर कार्यवाही करने से नहीं चूकेंगे। विकास भवन में संचालित विभिन्न विभागों के दफ्तरों के रखरखाव और भवन के मेंटेनेंस के सवाल पर मुख्य विकास अधिकारी का साथ कहना है कि वह चाहते हैं कि प्रत्येक विभाग अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन तत्परता के साथ करें और इस संबंध में वह मीटिंग आयोजित कर दिशा निर्देश भी देंगे। नवागंतुक मुख्य विकास अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के समीप स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क की दुर्दशा के सवाल पर स्पष्ट कर दिया कि वह जल्दी ही इस संबंध में जिम्मेदार लोगों के साथ बात करके सकारात्मक पहल करेंगे ताकि उसे दुरुस्त कराया जा सके उन्होंने यह भी बताया कि अभी हाल ही में उन्होंने विकास भवन में संचालित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की है जिसका उद्देश्य उनके परिचय के साथ-साथ विभागीय जानकारियां लेना है।

रामविलास पासवान का मनाया जन्मोत्सव

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

बिसवा मंशाराम मेला मैदान में श्री कृष्ण वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश अध्यक्ष लेबर सेल के द्वारा लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक स्व रामविलास पासवान का जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष शंभू नाथ, डेविड कुमार, हरेराम विमलेश कुमार, रामसनेही, प्रेमचंद्र, मायाराम, रामस्वरूप, रमेश, अंबिका प्रसाद, भोले व अन्य लोगों ने पासवान की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर शत-शत नमन किया गया। वही अपने अपने विचार व्यक्त किए।

जनसंपर्क कर सरकार की उपलब्धियों का किया बखान

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

में केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर बीजेपी द्वारा आयोजित संपर्क से समर्थन अभियान के तहत विधानसभा सीतापुर में जनसंपर्क अभियान चलाया गया।

इन दौरान बीजेपी जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा और कार्यकर्ताओं ने खैराबाद देहात मंडल के बूथ संख्या 459 शक्ति केंद्र शाह जलालपुर में लोगों से घर-घर जनसंपर्क कर पीएम नरेंद्र मोदी के समर्थन की मांग की है। इस दौरान बीजेपी जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि केंद्र सरकार ने कोरोना जैसी महामारी में भी आम जनता का साथ नही छोड़ा क्योंकि जब अन्य विपक्षी पार्टियां घरों में बैठकर अपनी राजनीति कर

रहे थे उस वक्त हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के हर एक कोने में मुफ्त राशन पहुंचाने का काम किया था।

जिला मीडिया प्रभारी पवन सिंह ने बताया कि इन कार्यक्रम के दौरान बीजेपी जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा,खैराबाद देहात मंडल श्रवण शुक्ला, जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर, जिला उपाध्यक्ष इंदू सिंह चौहान, अतुल गुप्त, दिवाकर शुक्ला, अंकुल तिवारी, शुभम मौर्या, रामचन्द्र, दीपक शुक्ला सहित बीजेपी कार्यकर्ता मौजूद रहे है।

समोसा लेने गयी किशोरी को युवक ले भागा

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज। घर से समोसा लेने गई किशोरी को युवक बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की दोपहर सहाव मोड़ के पास समोसे लेने के लिए गई थी। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटी तो उसकी खोजबीन शुरू की। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। सहाव मोड़े के पास मौजूद कुछ लोगों ने बताया कि उनकी बेटी को जगनेवा निवासी एक युवकबाइक पर अपने साथ भगा ले गया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

पाठ्यक्रमों का निर्माण मातृभाषा में भी हो : उच्च शिक्षा राज्यमंत्री

अयोध्या, समृद्धि न्यूज़

एनईपी के तहत पाठ्यक्रमों में भारतीय ज्ञान परम्परा शामिल : कुलपति

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में मंगलवार को दोपहर कुलपति प्रोफेसर प्रतिभा गोयल की मौजूदगी में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न हुई।बैठक में राज्यमंत्री ने विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संचालन की अद्यतन प्रगति समीक्षा की। उन्होंने एनईपी के संचालन में आने वाली समस्याओं के समाधान के साथ सुझावों को साझा किया।बैठक में राज्यमंत्री श्रीमती तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत मातृभाषा को बढ़ावा देने के लिए पाठ्यक्रमों का हिंदी में भी निर्माण किया जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम से संबंधित पुस्तकें भी हिंदी में उपलब्ध कराई जाए। राज्यमंत्री ने विश्वविद्यालय में 2021 से स्नातक स्तर पर लागू एनईपी की समीक्षा करते हुए परीक्षा प्रणाली की भी समीक्षा की।उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक व परास्नातक स्तर पर एनईपी के पूर्णतः लागू किए जाने और उसके तहत परीक्षा कराए जाने पर सराहना की।बैठक में उच्च शिक्षा राज्य मंत्री ने अयोध्या मंडल के महाविद्यालयों के प्राचार्यों से रुबरु होते हुए उनकी समस्यायों के समाधान का आश्वासन भी दिया।समीक्षा बैठक में अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने राज्यमंत्री को विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में 2021 से स्नातक एवं 2022 से परास्नातक स्तर पर लागू एनईपी पाठ्यक्रमों की अद्यतन जानकारी दी।कुलपति ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन,राज्य भवन,यूजीसी के दिए गए निर्देश क्रम में संचालित पाठ्यक्रमों में भारतीय ज्ञान परंपरा को भी शामिल किया गया है।बैठक में विश्वविद्यालय एनईपी टास्कफोर्स के संयोजक प्रो0 एसएस मिश्र ने विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर लागू की गयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर संपूर्ण विस्तृत जानकारी प्रदान की। बैठक में विधायक रामचन्द्र यादव, कुलसचिव उमानाथ, वित्त अधिकारी पूर्णेंदु शुक्ला, संकायाध्यक्ष प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह, प्रो0 आशुतोष सिन्हा, प्रो0 अशोक राय सहित विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के राजकीया, अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य व एनईपी प्रभारी मौजूद रहे।

हत्या के दोषी एकलाख अहमद को उम्रकैद

सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़

- 35 हजार रूपये अर्थदंड, न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी
- साढ़े 20 वर्ष पूर्व हुए शिवकुमार हत्याकांड का मामला

साढ़े 20 वर्ष पूर्व हुए शिवकुमार हत्याकांड के मामले में बुधवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम खलीकुज्जमा की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी एकलाख अहमद को उम्रकैद व 35 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक ओबरा थानांतर्गत टैक्सी स्टैंड ओबरा निवासी राजकुमार केशरी पुत्र स्वर्गीय सालिक राम केशरी ने ओबरा थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 3 अगस्त 2002 को उसका भाई शिवकुमार कुछ लोगों को अपनी गाड़ी से विंध्याचल दर्शन कराने लेकर गया था। जिसके वापस न आने के संबंध में थानाध्यक्ष ओबरा को 5 अगस्त 2002 को सूचना दी गई थी। इधर पूरा परिवार शिवकुमार की खोजबीन में जुट गया। तभी पता चला कि एक लाश घोरावल थाना क्षेत्र मे मिली है। जब परिवार वालों के साथ घोरावल गया तो शव की शिनाख्त शिवकुमार के रूप में हुई। जिससे पूर्ण विश्वास है कि जो लोग विंध्याचल दर्शन करने गए थे उन्हीं लोगों ने हत्या करके लाश को फेक दिया है। इस तहरीर पर अज्ञात में एफ आई आर दर्ज किया गया। मामले की विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में बिहार प्रांत के बक्सर जिला अंतर्गत धनसेई थाना क्षेत्र के छतवाना गांव निवासी एकलाख अहमद पुत्र शेख वाशिल अहमद समेत चार लोगों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। तीन लोगों के मुकदमें का पूर्व में ही निस्तारण हो चुका है।

अस्पताल में भरा पानी, आवागमन बाधित

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर नहर से मधनापुर होते हुए मोहरिया मार्ग पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरौलीगौसपुर के पास सडक के बीचो बीच करीब 20 मीटर में भरा पानी अस्पताल को आने जाने वाले लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। श्बताते चलें लोक निर्माण विभाग की उपर्युक्त सडक पर बरसात में पानी भर जाता है।लोक निर्माण विभाग ने मात्र 60 मीटर आर सी सी सडक बनायी थी करीब 50 मीटर सडक की ऊंचाई होकर सी सी सडक बन जाये तो समस्या से निजात मिल सकती है।

ब्लॉक दिवस में आई चार शिकायतें

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। ब्लाक दिवस खंण्ड विकास अधिकारी सन्तोष कुमार की अध्यक्षता में हुआ जिसमे चार शिकायतें आंयी। बुधवार को ब्लाक सभागार में आयोजित ब्लाक दिवस मे बुधराम यादव निवासी ग्राम किन्तूर पूर्वी मोहल्ले में खडन्जा नीचा होने के कारण सडक पर नाली का पानी बृजलाल के घर से रामकुमार के घर तक सडक भर जाता है चार दर्जन परिवार कीचड पानी में आते जाते हैं समस्या का समाधान कराने की बात कही गई है। ग्राम डूंडी की मखाना देवी ने दिवस में अपने पटटे की भूमि में वृक्षारोपण हेतु पौधों की मांग की गई।दो प्रार्थना पत्र परिवार रजिस्टर नकल मृत्यु प्रमाण पत्र से सम्बंधित आये। दिवस में ए पी ओ मनरेगा रेनू रावत सहायक विकास अधिकारी पंचायत संजय कुमार सतीश वर्मा सुरेश चन्द्र यादव मनीष शुक्ला कुलदीप श्रीवास्तव विवेक कुमार वीरेंद्र तिवारी राजेश कुमार रावत इंतजार बाबू गुलाम याजदानी शिवनारायण मौर्या जे बी सिंह गजराज वर्मा अखिलेश वर्मा तकनीकी सहायक आदि उपस्थित रहे।

बीईओ का शिक्षकों ने किया स्वागत

हैदरगढ़ बाराबंकी। नवागत खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार का आज उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी में गुणवत्ता परक शिक्षा के लिए उपस्थित समस्त शिक्षकों से सहयोग की अपील की जिस पर सभी पदाधिकारियों ने शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में पूर्ण सहयोग की बात कही। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा महेंद्र सिंह अवधेश यादव राकेश सिंह आशीष त्रिवेदी अमित अवस्थी अंजनी मिश्रा प्रेम सिंह सत्य प्रकाश सिंह मदन चौधरी आदि उपस्थित रहे।

बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बार भवन में ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश खान जीशान मसूद ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम बार एसोसिएशन सभागार में आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम न्यायालय के न्यायाधीश खान जीशान मसूद ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष राम प्रसाद वर्मा व महामंत्री अब्दुल अहद अंसारी एवं कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार अवस्थी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।उपाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों को एल्डर कमेटी के चेयरमैन जगदेव प्रसाद मिश्रा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। न्यायाधीश ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बार और बेंच में हमेशा सामंजस्य बनाये रखने के साथ ही अधिवक्ता साथियों की जो भी समस्याएं है उस समस्या के निस्तारण के लिए हम हमेशा तैयार हैं।बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह में अध्यक्ष महामंत्री सहित उपाध्यक्ष प्रथम बालचंद, उपाध्यक्ष द्वितीय शिव कुमार श्रीवास्तव ,उपाध्यक्ष तृतीय विजय कुमार अवस्थी , संयुक्त मंत्री प्रथम रमाकांत वर्मा, संयुक्त मंत्री द्वितीय धनलाल, संयुक्त मंत्री तृतीय प्रकाश तिवारी, प्रशासनिक सदस्य अवधेश कुमार यादव, पुत्ती लाल प्रजापति, उपेंद्र कुमार यादव, राजीव कुमार वर्मा ,लवकेश , सामान्य सदस्य के लिए सत्य प्रकाश द्विवेदी, सुरेश बहादुर सिंह, आत्मेजय सिंह, रमेश कुमार यादव,दिलीप कुमार मिश्रा, सुशील कुमार बाजपेई को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष सत्यनाम वर्मा एवं मंच का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता बहोरि प्रसाद शुक्ला ने किया। इस मौके पर पूर्व महामंत्री राना प्रताप सिंह दीपक बाबा,पुणेन्द सिंह वासिफ अंसारी सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने किया पौधरोपण

हैदरगढ़ बाराबंकी। हैदरगढ़ रेंज में चल रहे वन महोत्सव के पांचवे दिन बुधवार को हैदरगढ़ बाराबंकी मार्ग पर ग्राम पंचायत सतरही के गढ़ी गांव में स्थित सेंट जेवियर स्कूल में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुमित आर महाजन ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना हम सबकी जिम्मेदारी है। इसलिए धरती को हरा भरा रखने के लिए हम सब को ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करने एवं साथ ही उनका संरक्षण करने का संकल्प लेना चाहिए। वन विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में वन क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार तिवारी कॉलेज के प्रबंधक पंकज कुमार सिंह ग्राम प्रधान राजन सिंह, उपवन क्षेत्राधिकारी उमेश कुमार कनौजिया वन दरोगा अनुज सिंह वन कर्मी रामविलास सिंह राम सुंदर पाल भीखा सहित दिनेश कुमार बुद्धू गुड्डू दद्दू सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। इससे पूर्व विद्यालय परिसर में पहुंचने पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट का विद्यालय के प्रबंधक ग्राम प्रधान एवं अन्य लोगों द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया।

पं. छेदनलाल जी का शिक्षा के क्षेत्र में रहा अभूतपूर्व योगदान : शुक्ल

बाराबंकी। समाजसेवी एवं वरिष्ठ शिक्षक नेता स्व0 छेदनलाल शुक्ल जी की 9वीं पुण्यतिथि विकास भवन के निकट स्थित जिला सहकारी विकास संघ के कार्यालय प्रांगण में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता त्रिवेदीगंज इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य सईद अहमद ने की। कार्यक्रम का संचालन संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रशांत शुक्ल ने किया। कार्यक्रम का आयोजन संघ के पूर्व अध्यक्ष शिवशंकर शुक्ल ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने स्व0 छेदनलाल शुक्ल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। संघ के पूर्व अध्यक्ष शिवशंकर शुक्ला ने कहा कि पं0 छेदनलाल जी का शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में उन्होंने शिक्षा की अलख जगाई। अपने मृदुभाषी स्वभाव के कारण वह हमेशा जनप्रिय रहे। उनका मानना था कि शिक्षा सभी वर्ग के लोगों को मिलनी चाहिये, क्योंकि शिक्षा के बिना मानव व क्षेत्र का विकास संभव नहीं है। उनका सपना था कि पूरे देश में हर ब्लॉक स्तर पर उच्च शिक्षा के लिए एक महाविद्यालय अवश्य होना चाहिये। श्री शुक्ल ने कहा कि वह बच्चों व उनके अभिभावकों को हमेशा शिक्षा के लिये प्रेरित किया करते थे। जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा के लिए हरसंभव मदद भी करते थे। क्षेत्र में उनका काफी मान सम्मान था। जिला सहकारी विकास संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रशांत शुक्ल ने कहा कि उनके सपने को साकार करने के लिए संघ प्रयासरत है। शीघ्र ही संघ की ओर से एक महाविद्यालय खोले जाने की योजना है। ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को क्षेत्र में ही बेहतर शिक्षा मिल सके। सईद अहमद ने कहा कि स्व0 छेदनलाल जी हमेशा जरूरतमंद लोगों की मदद किया करते थे। उनका स्वभाव बहुत ही सरल व सौम्य था इसीलिए क्षेत्र में उनका बड़ा सम्मान था। श्रद्धांजलि सभा में संघ के पूर्व अध्यक्ष शिवशंकर शुक्ल, जिला सहकारी विकास संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रशांत शुक्ल, सईद अहमद, वीरेंद्र शुक्ला, कमलेश यादव, एडवोकेट ओ.पी. सिंह, राकेश तिवारी, अधीर सिंह, मुकेश श्रीवास्तव, असरार अहमद, आफाक अहमद इफ्फू, डॉ0 मुजीब सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

सरयू नदी की कटान से आधा दर्जन गाँवों को खाली करने की जारी हुई नोटिस

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

सरयू नदी का पानी बढ़ने से कटान की जद में आने वाले आधा दर्जन से अधिक मकानों को खाली करने के लिए प्रशासन ने नोटिस जारी कर दिया है। वहीं विस्थापितों के लिए सरकारी विद्यालय में बने बाढ़ राहत केंद्र पर बसाने की व्यवस्था की गई है। बताते चलें बीते तीन चार दिनों में सरयू नदी का जलस्तर बढ़ने से तेलवारी गांव में कटान शुरू हो गई थी। जिससे गांव के तेजई ,फेरई , रामावती, कलावती, सहित आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों के मकान नदी के मुहाने पर पहुचकर कटान की जद में आ गए हैं।

मंगलवार को उपजिलाधिकारी ने गांव पहुंच कर स्थिति का जायजा लेते हुए लोगों को मकान खाली करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद बुधवार को तहसील प्रशासन ने सभी को मकान खाली करने के लिए नोटिस भी थमा दिया है। इसके बावजूद भी ग्रामीण मकान खाली कर विस्थापित होने को तैयार नहीं है। इस सम्बन्ध में तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि सरयू नदी का पानी बढ़ने के कारण कटान की जद में आने वाले सात मकानों को खतरा उत्पन्न होने के कारण मकान खाली करने के लिए नोटिस दिया गया है।

उन्हें बसाने के लिए बाढ़ राहत केंद्र में व्यवस्था की गई है। वहीं बाढ़ क्षेत्र की स्थिति जानने के लिए बुधवार को खंड विकास अधिकारी संतोष कुमार ने ग्राम पंचायत अधिकारी राजेश कुमार देवेंद्र वर्मा ग्राम प्रधान आदि के साथ तेलवरी सहित क्षेत्र का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से बात चीत कर उनकी समस्याएं सुनी।तथा उन्होंने कटान के मुहाने खड़े मकानों के लोगो से घर से निकल कर बाहर रहने की बात कही।

क्षेत्र पंचायत सदस्यों के समस्याओं का निस्तारण

सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़

ब्लॉक सभागार में बीडीसी कर्मचारियों ने की बैठक

सदर ब्लाक सभागार में बुधवार को रावटसगंज के क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक की गई जिसमें गांव के विकास कार्यों संबंधित विभिन्न मुद्दों पर की गई चर्चा। प्रधान क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान मंच के अध्यक्ष सरताज अहमद रावटसगंज क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक करते हुए क्षेत्र में हो रही विभिन्न मुद्दे उठाए गए जिनमें साल में 6 बैठक का शासनादेश ब्लॉक स्तर पर नहीं लागू हो रहा है वही मनरेगा में कार्य ब्लाक पर नहीं लागू हो रहा है संबंधित अपने चहेतों को टेंडर देकर कार्य कराया जा रहा है वही जो विकास कार्य किए जा रहे हैं उनमें अन्विता काफी देखने को मिल रही है वही अध्यक्ष संतराज अहमद ने बताया कि इसी दौरान सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों की सहमति से केकई सिंह पटेल को रावटसगंज क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा अध्यक्ष चुना गया वहीं सदस्यों द्वारा माल्यार्पण पर उनका अभिवादन करते हुए संगठन के प्रति एक्टिव रहने व संगठन की हर मुद्दे पर हर सदस्यों के साथ खड़े होकर न्याय के लिए हर लड़ाई लड़ने के लिए उन्होंने सभी सदस्यों को आश्वासन दिया इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष पवन कुमार शुक्ला,मंडल उपाध्यक्ष श्यामानंद गुप्ता,रामभरोसे मुशहर, रामसेवक, चंद्रभान पटेल, विक्रम सिंह, विमलेश पांडे, रामलाल, योगेश, बीरबल मौर्या, संतोष प्रसाद सहित आदि लोग मौजूद रहे।

इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

बाराबंकी (समृद्धि न्यूज़)। इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने जिलाधिकारी द्वारा राज्यपाल को ज्वलंत छः सूत्रीय ज्ञापन सौपकर पत्रकारों ने मांग की है कि लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ के रूप में पूरी तन्मयता के साथ निस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले पत्रकार आज स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं आए दिन उन पर जानलेवा हमले हो रहे हैं जो कि गंभीर विषय है अतः इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन पत्रकार के सुरक्षा के संबंध में निम्न बिंदुओं पर आप से मांग करते हैं। पत्रकारों ने ज्ञापन में लिखा है कि पत्रकार सुरक्षा अधिनियम कड़ाई के साथ लागू किया जाए तथा पत्रकारों पर लगाए गए फर्जी मुकदमे त्वरित रूप से हटाया जाए। अक्सर या देखने को मिलता है की पत्रकार द्वारा सत्य आधारित खबर लिखे जाने से रुष्ट कुछ पुलिसकर्मी अथवा शासन प्रशासन द्वारा उन पर फर्जी मुकदमे लगा दिए जाते हैं अतः किसी भी पत्रकार पर कोई भी मुकदमा लिखे जाने से पहले उसकी जांच कराए जाने को अनिवार्य किया जाए जो कि मजिस्ट्रेट स्तर से हो।

बेठिगांव में चला संचारी रोग नियंत्रण अभियान, की गई सफाई

सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़

पंचायती राज विभाग ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाकर बुधवार को सदर ब्लॉक के बेठिगांव निस्फ में साफ सफाई की गई। जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह की देख रेख में अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान डीपीआरओ ने लोगों को नालियों में कूड़ा, करकट न डालने के लिए प्रेरित किया गया। बढ़ौली न्याय पंचायत के सभी ग्राम पंचायतों से सफाई कर्मचारी बेठिगांव निस्फ गांव में उपस्थित होकर सार्वजनिक नालियों की साफ-सफाई की। नालियों से कूड़ा निकालकर हटाया गया। गलियों में झाड़ू लगाकर सफाई की गई। डीपीआरओ विशाल सिंह ने ग्राम पंचायत अधिकारी गिरी और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनूप तिवारी को जल जमाव वाले स्थानों पर एंटी लार्वा का छिड़काव कराए जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कूड़ा उठान करते हुए उसके निस्तारण के लिए हत्था ठेला खरीदने तथा उसी से कूड़ा निस्तारण करने का निर्देश दिया। सफाईकर्मियों को पूरे ग्राम पंचायत में सार्वजनिक स्थानों पर अभियान चलाकर साफ सफाई करने का निर्देश दिया।

आपदा न्यूनीकरण के लिए मण्डल स्तरीय हुई कार्यशाला

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़

आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश सरकार के राजस्व राज्यमंत्री अनूप प्रधान बाल्मीकि, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर मुख्य सचिव राजस्व सुधीर गर्ग, उपाध्यक्ष राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण ले0ज0 आरपी शाही, विशिष्ट अतिथि राहत आयुक्त पी0एन0 सिंह, मण्डलायुक्त गौरव दयाल, जिलाधिकारी, नितीश कुमार,अपर जिलाधिकारी बाराबंकी अरुण कुमार सिंह , जिला विकास अधिकारी बाराबंकी भूषण कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि राजस्व राज्यमंत्री ने कहा कि 4 जनपद बाढ़ से प्रभावित है जहाँ आपदा के जोखिम को कैसे कम से कम स्तर पर लाया जाय इस विषय पर कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा 11 घटनाओं को आपदा की श्रेणी में रखा गया है तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पहले 9 घटनाओं को आपदा श्रेणी में रखा गया था जिसमें हाल ही में दो और



घटनाओं (सर्पदंश, नील गाय) से प्रभावित को जोड़ते हुए कुल 11 को आपदा घोषित किया गया है। राज्य में आपदा के लिए आपदा हेल्पलाइन नम्बर 1070 जारी किया गया है। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए उपाध्यक्ष राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण ले0ज0 आर0पी0 शाही ने भी आकाशीय बिजली, अग्निकांड आदि आपदाओं से बचने के लिए बताया।राहत आयुक्त पी0एन0 सिंह ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये कहा कि बरसात का मौसम को देखते हुये जहां भी बाढ़ आने की संभावना हो वहां पहले से ही नाव सहित अन्य जरूरी संसाधन तैयार कर लें तथा जो भी क्षेत्र बाढ़ के लिए अत्यधिक संवेदनशील हो उनकी निरन्तर मॉनीटरिंग की जाय।

शिव शक्ति महिला मंडल ने किया रुद्राभिषेक

श्रावण मास भर 59 दिन चलेगा रुद्राभिषेक कार्यक्रम

- रामगढ़ कसारी भिखारी बाबा आश्रम स्थित शिव मंदिर में किया गया है आयोजन

सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़

रामगढ़ कसारी भिखारी बाबा आश्रम स्थित शिव मंदिर में शिव शक्ति महिला मंडल द्वारा श्रावण मास के पहले दिन मंगलवार से रुद्राभिषेक कार्यक्रम शुरू हो गया। इस दौरान समूचा शिव मंदिर परिसर हर हर महादेव के जयकारे से गुंजायमान हो गया। यह कार्यक्रम लगातार 59 दिन तक चलेगा।

भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट की उपाध्यक्ष चिंता मौर्य, शिव शक्ति महिला मंडल की कृष्णावती, साध्वी विमला देवी , शिव मंदिर पुजारी कालो देवी, शशि देवी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आचार्य राधे कृष्ण तिवारी, आचार्य रेवती तिवारी, आचार्य रामचंद्र तिवारी ने रुद्राभिषेक का पूजन कराया। भिखारी बाबा ने बताया कि शिव शक्ति महिला मंडल की ओर से प्रतिदिन 59 दिनों तक रुद्राभिषेक किया जाएगा। सुखराम महाराज, राजेंद्र जी महाराज, लखपत सेठ समेत तमाम भक्तों ने पूजन अर्चन किया। इस दौरान समूचा मंदिर परिसर हर हर महादेव के जयकारे से गुंजायमान हो गया।

बिजली समस्याओं को लेकर मार्क्सवादी ने किया विरोध प्रदर्शन

सोनभद्र रॉबर्ट्सगंज, समृद्धि न्यूज़

बिजली की समस्याओं के खिलाफ पार्टी (मार्क्सवादी) ने विरोध प्रदर्शन कर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम कंपनी के अधिशासी अभियंता को 12 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। बिजली आज हमारी बुनियादी जरूरत बन चुकी है उजाले , पानी व नलकूप खेती, उद्योग , यातायात आदि से लेकर मोबाइल एवं इंटर नेट सुविधाएं सबकी निर्भरता बिजली पर है। बिजली की अनुपलब्धता, उसका महंगा होना अथवा निजी करण के द्वारा उसे निजी हाथों में सौपना सभी बिजली आधारित क्षेत्रों को प्रभावित करता है तथा उपभोक्ताओं का हित बाधित करता है। भाजपा सरकार की बिजली से संबंधित नई नीतियां बिजली के उपभोक्ताओं के साथ ही साथ उन सभी को जो बिजली पर निर्भर है के उपर बोझ बढ़ा रही है और उनके जीवन को मुश्किल बना रही है। बिजली का निजीकरण बिजली की लागत को बढ़ाने के साथ साथ निजी कंपनियों लाभ के लिए उपभोक्ताओं की जेब पर भी अतिरिक्त भार

डालेगा। अभी बिजली नियामक आयोग ने दो विरोधाभाषी सूचनाएं जारी की है पहला कि बिजली का मूल्य 23 प्रतिशत तक बढ़ाया जाएगा और दूसरा कि बिजली का अभी दाम नहीं बढ़ने जा रहा। सच्चाई है कि जनता के विरोध व 2024 के संसदीय चुनावों को देखते हुए सरकार ने कदम पीछे खींचे हैं, पर नलकूपों पर मीटर स्मार्ट मीटर लगाने की अनिवार्यता कर दी है। अब मीटर लगेगा तो रीडिंग के अनुपात बिल आएगा जिसका भुगतान हर हाल में करना ही है बुनकरों के करघो की प्रति लूम की फ्लैट दर को बढ़ाकर 3000 रुपए कर दिया है और फ्री बल्ब योजना में दासियों वर्ष के बाद उपभोक्ताओं जिसमें 90 प्रतिशत दलित उपभोक्ता हैं के उपर बड़ा भार डाल दिया है किसानों के नलकूपों की मिटरिंग की जा रही है मीटर से बिजली की दर बढ़ेगा तथा किसान किसे अभी तक फ्लैट दर पर बिजली मिलती रही है तो अब बढ़ी हुई दर पर बिजली लेना होगा। इससे किसान अपने कनेक्शन को विच्छेद कराने के लिए निजीकरण का दुष्परिणाम कर्मचारियों को उनकी सेवा से छटनी के रूप में सामने होगा और हजारों हजार कर्मचारी बाहर हो जायेंगे उनके स्थान पर संविदा अथवा निविदा कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी व बेरोजगारी बढ़ेगी उत्पादन प्रक्रिया भी प्रभावित होगा। इसलिए भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) उत्तर प्रदेश राज्य के निर्देशन में आज दिनांक 05 जुलाई 2023 को जनपद सोनभद्र की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के जिला कमेटी सदस्यों और पार्टी के जनसंगठनों के सदस्यों का प्रतिनिधि मण्डल माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नाम ज्ञापन अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण निगम कंपनी उत्तर प्रदेश रॉबर्ट्सगंज को सौंपकर समस्या से अवगत कराया गया।

अश्विनी पुरम व कबीर नगर वार्ड में चला स्वच्छता अभियान

अयोध्या, समृद्धि न्यूज़

संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत बुधवार को निर्धारित रोस्टर के अनुसार अश्वनी पुरम व कबीर नगर वार्ड में विशेष स्वच्छता अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया गया।उल्लेखनीय है कि वर्तमान में वर्षाऋतु के कारण संक्रामक रोगों/वेक्टर जनित रोगों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु शासन के निर्देशानुसार बीती एक जुलाई से 31 जुलाई तक नगर निगम की सीमा के अंन्तर्गत वार्डों में स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम के समन्वय से संयुक्त अभियान संचालित किया जा रहा है।इसके अन्तर्गत प्रथम पाली में नालियों की सफाई व एन्टीलार्वा का छिड़काव व द्वितीय पाली में वार्ड में फॉगिंग का कार्य कराया जा रहा है।नगर आयुक्त विशाल सिंह ने बताया गया कि वेक्टर जनित रोगों से बचाव हेतु वार्डों में अभियान चलाये जाने हेतु रोस्टर तैयार किया गया है।यह अभियान नगर स्वास्थ्य अधिकारी के पर्यवेक्षण में सम्पादित कराया जा रहा है। इस सम्बन्ध में सफाई विभाग के जोनल सेनेटरी अधिकारी/ मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को सभी वार्डों में नियमित रूप से रोस्टर के अनुसार अभियान चलाये जाने व प्रभावी पर्यवेक्षण करने हेतु निर्देष दिये गये है।इसके अतिरिक्त संक्रामक रोगों से बचाव हेतु विषेष जनजागरण अभियान स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से चलाया जायेगा व जनसामान्य को संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार के रोकथाम हेतु ''क्या करें,क्या न करें'' का सघन प्रचार प्रसार कराया जा रहा है।

मुख्य विकास अधिकारी ने किया पनवाड़ी अमृत सरोवर का निरीक्षण

- खंड विकास अधिकारी को साफ सफाई एवं वृक्षारोपण के दिए निर्देश

महोबा। समृद्धि न्यूज

जनपद महोबा के कस्बा पनवाड़ी में अटल भूजल योजना के अंतर्गत लगभग 17 लाख की लागत से नवनिर्मित अमृत सरोवर का निरीक्षण मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह ने किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने खंड विकास अधिकारी को सफाई व्यवस्था के साथ साथ तालाब किनारे वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए एवं सरोवर में रखरखाव के अभाव में खराब पड़े जिम के सामान को पुनः ठीक कराने को भी कहा अमृत सरोवर में हुए सुंदरीकरण एवं लोगों के सुबह से घूमने के लिए लगभग एक किलोमीटर के एरिया में इंटर लॉकिंग कर फुटपाथ बनाया है जिससे लोग सुबह सुबह वहां आकर घूम सकेंगे एवं जिम में व्यायाम कर सकें स्वच्छ हवा के लिए उन्होंने फलदार वृक्ष एवं रखरखाव के लिए सफाई कर्मचारी की व्यवस्था के लिए निर्देशित किया अमृत सरोवर के कार्य को देखकर उन्होंने पनवाड़ी ब्लाक प्रमुख की तारीफ की तथा उन्होंने कहा कि इसीलिए अच्छे पढ़ें लिखे लोगों को राजनीति में आना चाहिए क्योंकि उनके पास विकास के लिए तरह तरह के विजन होते हैं तथा अपने क्षेत्र का विकास करने की ललक होती है ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि श्री प्रकाश अनुरागी ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने मुझ पर जो भरोसा जताया था उस पर मैं पूरी तरह से खरा उतरने की कोशिश कर रहा हूं मेरा लक्ष्य है कि पनवाड़ी विकास खंड का प्रदेश में नाम हो इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए आगे जनता के लिए कार्य कर रहा हूं मैं जब शहर जाता था तो लोग सुबह बाहर घूमने जाते थे तो मुझे भी लगा कि हमारे यहां भी ऐसा पार्क होना चाहिए जिससे मेरे क्षेत्र के लोग सुबह घूमकर एवं व्यायाम कर स्वस्थ रहें इसी प्रेरणा से मैं सरकार के सहयोग से चार पार्कों का निर्माण करने का लक्ष्य है जो अधिकारियों एवं सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से जरुर पूर्ण होगा।

सीडीओ ने ब्लाक परिसर में हो रहे विकास कार्यों को देख ब्लाक प्रमुख के कार्यों को सराहा

अमृत सरोवर निरीक्षण के बाद मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह ने ब्लाक कार्यालय में आकर ब्लाक में हो रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया खंड विकास अधिकारी से उपस्थित रजिस्टर मंगाकर चैक किया फिर परिसर में हो रहे पुस्तकालय निर्माण, इंडोर जिम आदि का भी निरीक्षण किया एवं ब्लाक प्रमुख के कार्यों की जमकर सराहना की मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि वर्तमान में पनवाड़ी ब्लॉक अपने जनविकास और अच्छे कार्यों से पूरे ज़िले में प्रथम स्थान पर है जहां विगत दो वर्षों में अच्छे और शासन की मंशानुसार कार्य किए गये हैं जिससे ब्लॉक परिसर का कायाकल्प हो चुका है , जिनमे से ज्यादातर कार्य या तो अपना मूल स्वरूप ले चुके हैं,और अभी भी कुछ कार्य चल रहे हैं मुख्य रूप से सुरक्षा और टेक्नॉलाजी से सुसज्जित विकास खंड में प्रमुख कक्ष, खंड विकास कार्यालय, हाईटेक ब्लॉक सभागार, निर्माणाधीन इंडोर व्यायामशाला, निर्माणाधीन पुस्तकालय, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्तम्भ जीर्णोद्धार, मुख्य द्वार का सौंदर्यीकरण इत्यादि मुख्य कार्य है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि श्री प्रकाश अनुरागी ने क्षेत्र पंचायत की आय बढ़ाने के उद्देश्य से ब्लाक के बाहर दुकानों के निर्माण की भी मांग रखी जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने क्षेत्र पंचायत की आय में वृद्धि के लिए एक सार्थक प्रयास बताया।

वन संरक्षण एवं पौधरोपण पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

इटावा। समृद्धि न्यूज

वन महोत्सव के अंतर्गत आज पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में वन विभाग के सौजन्य से छात्र-छात्राओं की वन संरक्षण एवं वृक्षारोपण पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रबंधक कैलाश चंद यादव ,आर ओ बडपुरा अशोक कुमार शर्मा, आर ओ किला विनोद कुमार, रेंजर प्रबल प्रताप ,ताबिश अहमद ,वन दरोगा सुनील कुमार , वन दरोगा रविंद्र कुमार मिश्रा एवं वन दरोगा सुरेश चंद्र ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की । इस अवसर पर बोलते हुए प्रबंधक कैलाश चंद यादव ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्र-छात्राओं के मन में छात्र जीवन से ही पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के प्रति रुचि उत्पन्न करती हैं तथा पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनाती हैं । उन्होंने आगे बताया कि पान कुंवर परिवार पर्यावरण संरक्षण को लेकर एवं वृक्षारोपण को लेकर दृढ़ संकल्पित है । तथा सदेव छात्र-छात्राओं को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया जाता है । इसी कड़ी में उन्होंने आगे बताया की छात्र पर्यावरण संसद का गठन भी इसी उद्देश्य से किया गया है कि बच्चों को छात्र जीवन से ही पर्यावरण जैसे बड़े विषय से जोड़ा जाए। श्री सुरेश चंद्र शर्मा ने कहा की वृक्ष हमे बहुत कुछ देते हैं। हमें उनका एहसानमंद होना चाहिए। एवं न केवल वृक्ष लगाने चाहिए अपितु उनके बड़े होने तक उनकी देखरेख भी करनी चाहिए। छात्र-छात्राओं ने अपनी कल्पनाओं को कागज पर विभिन्न रंगों से साकार रूप प्रदान करते हुए विभिन्न प्रकार की कलाकृतियां बनाई जो अति सुंदर एवं उद्देश्य पूर्ण थी । बच्चों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान तथा सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए । मिष्ठान वितरण के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया । कमलकांत की पेंटिंग को सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग मानते हुए प्रथम स्थान दिया गया।

प्रसूता की मौत पर परिजनों ने लगाया अस्पताल पर लापरवाही का आरोप

- सीएचसी अधीक्षक बोले,घर पर हुआ था प्रसव,नाल फंसने से लाये थे अस्पताल

पनवाड़ी महोबा। समृद्धि न्यूज

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी से रेफर की गयी प्रसूता की रास्ते में मौत होने का समाचार प्रकाश में आया है। प्रसूता की मौत पर परिजनों ने लापरवाही के आरोप लगाते हुए जांच कर कार्यवाही की मांग की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए महोबा भेजा है। अधीक्षक डॉ आरजी शंखवार का कहना है कि महिला का प्रसव घर पर हुआ है और नाल फंसने से उसे सीएचसी लाये थे,रक्तस्राव होने पर जिला अस्पताल भेजा है। परिजनों द्वारा लगाए गए आरोप गलत है। बता दें कि जिले के पनवाड़ी थानांतर्गत किलहौवा गांव निवासी मान सिंह अपनी 26 वर्षीय गर्भवती पत्नी रीना को प्रसव पीड़ा के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी लाया था। प्रसव से रीना की हालत बिगड़ गयी तो प्रसूता को जिला अस्पताल महोबा रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार जिला अस्पताल पहुचने से पहले प्रसूता की मौत हो गयी। मौत की पुष्टि होते ही परिजनों ने हंगामा खड़ा कर दिया। मृतका के शव को मोर्चरी में रखवाकर संबंधित थाने पुलिस को सूचित किया। उपनिरीक्षक ने मौके पर पहुँचकर मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृत परिजन जन्मी कन्या को देखकर गमगीन मुद्रा में है। सीएमओ से संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही कि मांग की है।मृतका रीना के पहले से 2 बच्चे हैं। एक लड़का,दूसरी लड़की व प्रसव दौरान तीसरी बच्ची जन्मी है।

विकार ने साथियों सहित उद्योग व्यापार संगठन से दिया इस्तीफा

इटावा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला महामंत्री विकार अहमद ने अपने साथी पदाधिकारियों के साथ संगठन से सामूहिक इस्तीफा दे दिया। जिला महामंत्री विकार अहमद ने बताया कि उनके साथ इस्तीफा देने वाले प्रमुख पदाधिकारियों में जिला उपाध्यक्ष शिवम गुप्ता, जिला विधिक सलाहकार सुनील तिवारी एड., जिला उपाध्यक्ष शिवम धाकरे, जिला मंत्री राम प्रकाश चित्रवंशी, युवा जिला महामंत्री आकाश चौधरी, जिला मंत्री शिवम कुमार, शहर उपाध्यक्ष अमित श्रीवास्तव आदि रहे उक्त पदाधिकारियों ने संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ. महेश चंद्र कुशवाहा को सामूहिक हस्ताक्षर युक्त इस्तीफा भेज दिया। विदित हो कि कुछ दिन पूर्व संगठन के प्रदेश मंत्री आदेश चौधरी ने भी अपना इस्तीफा दे दिया था।

मकान की दीवार गिरने से ढाई साल के मासूम की गई जान बहिन गंभीर रूप से घायल

चरखारी महोबा। चरखारी विकास खण्ड के अन्तर्गत ग्राम जतौरा निवासी राजकुमार चौहान पुत्र किशोर सिंह के मासूम पुत्र व पुत्री घर से पास मे किराना की दुकान से सौदा लेकर वापिस लोट रहे थे तभी अचानक सरजू पुत्र जगन्नाथ यादव के घर की दीवार गिर जाने से दुकान से लौट रहे दिव्या पुत्री राजकुमार उम्र 06 वर्ष, राज पुत्र राजकुमार उम्र ढाई वर्ष दीवार के मलवे मे दब गये जहाँ गाँव वालो ने आनन फानन में मलवे मे दबे दोनों बच्चों को निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चरखारी लाये जहाँ डाक्टर ने परीक्षण के बाद राज को मृत घोषित कर दिया वहीँ दिव्या की हालत गम्भीर होने पर मेडिकल झांसी भेज दिया है। सूचना मिलते ही मौके पर तहसीलदार कृष्णराज व पुलिस प्रशासन एवं लेखपाल अमित पटैरिया ने पहुंच कर जांच की तथा मदद का भरोसा दिलाया राजकुमार की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है उसके हिस्से में कुल तीन बीघा जमीन है मजदूरी से जीवन यापन करते हैं।राजकुमार के दो पुत्र व एक पुत्री थी घटना होने पर पूरे घर का रो रो कर बुरा हाल है!

खबरें एक नजर में

भंडारे के साथ हुआ भागवत कथा का समापन

इटावा। स्थानीय लखना के सुप्रसिद्ध तालेश्वर महादेव मंदिर पर विगत 15 दिनों से चल रही भागवत कथा का समापन विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ। स्थानीय पक्का तालाब के पास स्थित तालेश्वर महादेव पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भागवत कथा का प्रारंभ विगत 18 जून को हो गया था और 15 दिन चली इस भागवत कथा में कस्बा क्षेत्र के हजारों नर नारियों ने भागवत कथा का श्रवण करके पुण्य प्राप्त किया भागवत कथा के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन तालेश्वर महादेव सेवा समिति द्वारा किया गया जिसमें 27 कुंतल गेहूं अर्थात लगभग 67 मन आटे का प्रसाद भक्त जनों के सहयोग से बनवाया गया और दोपहर 1 बजे से रात 11 बजे तक अनवरत श्रद्धालुओं और भक्तों द्वारा पूर्ण भक्ति भाव से ओतप्रोत होकर भंडारा छका गया इस विशाल भंडारे की एक विशेषता यह भी है कि तालेश्वर महादेव की कृपा से यहां कभी भी प्रसाद का अभाव नहीं हुआ जबकि इस भंडारे का इंतजार कस्बा क्षेत्र के हजारों लोग करते रहते हैं तालेश्वर महादेव के मंदिर पर विगत 43 वर्षों से भागवत कथा का आयोजन हो रहा है और कस्बे हुआ क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु एवं भक्तजनों इस प्रसाद का रसास्वादन करते हैं उल्लेखनीय तथ्य यह है ज्यादातर भागवत कथा 7 दिन की ही होती हैं परंतु यहां पर भागवत कथा 15 दिन की होती है भागवत आचार्य इंद्रेश मिश्र द्वारा लगातार 15 दिनों तक प्रवचन कर लोगों को भागवत कथा का रसास्वादन कराया। इस कार्यक्रम को संपन्न कराने में विवेक सिंह राठौर अध्यक्ष सेवा समिति, रामबाबू गुप्ता, सुरेश रावत, अमित राठौर, सत्यम चौहान, अवधेश राठौर, सिद्धार्थ लखरे, राघवेंद्र दुबे, मुन्नू राठौर, चंदन चौहान भीम, संजू पाल, लाल बाबा, गुट्टे जैन, मुकेश जैन, मनोज पांडे सहित स्वामी शरण श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन व निशांत श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा। भक्तों को प्रसाद वितरण कराने में लगभग 100 कार्यकर्ताओं ने पूरी निष्ठा के साथ कार्य किया इनमें अनूप सिंह चौहान, छूटंकी गुप्ता, बबुआ ठाकुर, अवधेश सविता, मुन्ना सिंह चौहान, अमन शर्मा, योगेश सिंह, छोटू शर्मा, आशीष कुशवाहा सचिन कुशवाहा सतीश खरा बबलू दोहरे पप्पू लाला ने अथक परिश्रम करके भंडारे का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संम्पन्न कराने में अपनी विशेष भूमिका अदा की।

पुलिस ने इनामिया वांछित गौ-तस्कर को गिरफ्तार किया

इटावा। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस ने इनामिया वांछित गौ-तस्कर को गिरफ्तार किया। जनपद मे गौ तस्करी, गौकशी की घटनाओं की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम मे पूर्व में थाना कोतवाली पुलिस ने 3 गौ तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसी क्रम मे कार्यवाही करते हुये आज थाना कोतवाली पुलिस द्वारा आपराधिक अभिसूचना के आधार पर गौवध निवारण अधिनियम के अभियोग मे 10,000 रुपये के इनामिया वांछित आरोपी मो. समीर पुत्र अनीस कुरैशी निवासी साबितगंज को थाना क्षेत्रान्तर्गत मोहल्ला साबितगंज से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस द्वारा पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा बताया गया कि वह अपने साथियो के साथ मिलकर छुट्टा गाय व सांड को पकड़कर उनको काटकर मांस बेचनें का कार्य करता है तथा धन लाभ अर्जित कर अपने शौक पूरा करता है। इस सफलता में विक्रम सिंह चौहान प्रभारी थाना कोतवाली, नया शहर चौकी प्रभारी मिलन सिरोही, हे.का. तबारक अहमद, हे.का. शमसुल हसन का सराहनीय योगदान रहा।

छात्र-छात्राओं को पॉलीथीन का प्रयोग न करने को लेकर जागरुक किया

इटावा। नगर पंचायत बकेवर द्वारा विद्यालय के छात्रों को पॉलीथीन व प्लास्टिक न प्रयोग करने को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष व कर्मचारियों ने जागरुक कार्यक्रम आयोजित कर छात्र छात्राओं को पॉलीथीन न प्रयोग करने को लेकर जागरुक किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित शिक्षक शिक्षिकाऐ मौके पर उपस्थित रही। कस्बा बकेवर में स्थित बाबू राम सरस्वती ज्ञान इण्टर कालेज में नगर पंचायत बकेवर के चेयरमैन विवेक यादव सन्नी ने पॉलीथीन की रोकथाम व लोगों द्वारा पॉलीथीन व प्लास्टिक को प्रयोग न करने को लेकर जागरुकता अभियान चलाकर स्कूली छात्रों को जागरुक किया गया। चेयरमैन विवेक यादव सन्नी ने बताया चेयरमैन ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर एक जुलाई से सिंगल यूज पॉलीथिन को प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके बावजूद पर अगर कोई इस्तेमाल करते पाया गया तो उस पर कार्रवाई किये जाने के भी आदेश जारी किये गये है। विद्यालय के प्रधानाचार्य बेनीराम पाल ने कहा कि पॉलीथिन के थैलों का दिन पर दिन बढ़ता प्रयोग चिंता का विषय है। प्लास्टिक का प्रयोग हमारे समाज के लिए अभिशाप है। यह पर्यावरण के साथ-साथ भूमि की उर्वरता के लिए भी बड़ा खतरा बन गया है। सामूहिक प्रयासों से इसके प्रयोग को अब रोकना है। इस मौके पर नगर पंचायत के लिपिक अजब सिंह पाल, सुकृत शरण, बबलू त्रिपाठी, अनूप शाक्य आशिव सहित विद्यालय के शिक्षक सहित अन्य लोग मौके पर उपस्थित रहे।

चार अपराधी जिला बदर

इटावा। अपराध नियंत्रण की दिशा में कार्य करते हुए इटावा पुलिस ने 4 अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए उन्हें जिला बदर किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार वर्मा की संस्तुति के आधार पर अपर जिलाधिकारी इटावा अवनीश राय ने 4 अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए चंद्र प्रकाश उर्फ चंदू पुत्र गिरीश चंद्र निवासी कस्बा बसरेहर इटावा, सुरजीत पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम नरौली थाना सैफई इटावा, विनय पाल उर्फ पार्टी उर्फ अंशु पुत्र जयनारायण निवासी सती मोहल्ला मठिया के पास थाना कोतवाली इटावा अनिल पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम नवादा खुर्द कला थाना लवेदी इटावा को अग्रिम 6 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया।

मकान गिरा, गाय, बछड़े की मौत

इटावा। जसवंतनगर क्षेत्र के ग्राम दोंदुआ गोपालपुर में बरसात के कारण पशुपालक ग्याकरण सिंह बघेल के मकान की कच्ची दीवार गिरने से वहां बंधी एक दुधारू कीमती गाय व एक बछड़े की मलबे के नीचे दबने से मौत हो गयी। बताया गया है कि जब तक लोग मिट्टी हटाकर उसे निकालते तब तक दोनों गोवंश की मौके पर ही मौत हो गई थी। मलबे में ही दब कर कुछ घर गृहस्थी का सामान भी नष्ट हो गया है। पीड़ित ने स्थानीय प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। पीड़ित परिवार का कहना है कि गाय दस लीटर दूध देती थी जिसे बेचकर घर गृहस्थी के खर्चे चला कर गुजारा करते थे।

मनरेगा ग्रामीण मजदूरों का पेट काटने का प्रधान पर आरोप लगाया

इटावा। समृद्धि न्यूज

भरथना विकास खण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत में गांव के घरेलू और बरसात के जल निकासी को बने ग्रामीण नाला की जेसीबी मशीन से सफाई करने का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, वायरल वीडियो में मनरेगा ग्रामीण मजदूर का पेट काटने का क्षेत्रीय प्रधान पर आरोप लगाया गया है। प्रधान अपेन्द्र यादव ने बताया कि मनरेगा के तहत ग्रामीण मनरेगा मजदूर गांव के तालाब के कार्य मे लगे हुए हैं, वायरल वीडियो में गांव का जल निकासी हेतु ग्रामीणों द्वारा निजी खर्चे पर जेसीबी मशीन से नाला की सफाई कराई गई है। नाला सफाई के कार्य में मनरेगा कार्य का कोई सहयोग नही है। क्षेत्र के युवा ग्रामीण इंदल सिंह यादव के साथ बलवीर सिंह, अरविंद कुमार, सर्वेश कुमार, कृष्ण कुमार, जबर सिंह, यशवीर सिंह, अमन यादव, ललित कुमार, रामकिशन आदि ग्रामीणों ने प्रधान पर मनरेगा मजदूरों का पेट काटने और जेसीबी मशीन से नाला सफाई कराने का आरोप लगाते हुए बताया कि प्रधान गलत तरीके से काम कराकर मनरेगा के नाम धन निकाल ने का प्रयास कर रहा है। जिसके कारण ग्रामीण गरीब मजदूरों की मजदूरी का हनन हो रहा है।

वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत हुई चित्रकला व वाल विवाद प्रतियोगिता

इटावा। समृद्धि न्यूज

चम्बल घाटी परिक्षेत्र चकरनगर के अन्तर्गत स्थानीय कस्बा स्थित जीनियस पब्लिक स्कूल में क्षेत्रीय वन रेंज कार्यालय के तत्वावधान में वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत चलाये जा रहे साप्ताहिक जन जागरुकता अभियान की श्रंखला में चित्रकला एवं वाल विवाद प्रतियोगिता का आयोजन वन क्षेत्राधिकारी चकरनगर सत्यनारायण यादव की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। चित्रकला में कुमारी निशी यादव प्रथम, कुमारी सोनी चौहान द्वितीय ,रोहिणी चौहान तृतीय व आयुषी यादव ने चौथा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में लगभग 50 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के उपरांत विद्यालय परिसर में 150 पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान वन क्षेत्राधिकारी चकरनगर सत्यनारायण यादव ने उपस्थित विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण में वृक्षों की उपयोगिता पर सूक्ष्म प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारी संस्कृति का आधार ही प्रकृति है। यदि प्रकृति की पूजा भारतीय संस्कृति से हटा दी जाए तो इसमें कुछ भी नहीं बचता है। वृक्षों का हमारे जीवन में अत्याधिक महत्व है। वृक्ष रहेंगे तो हमारा पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, तभी हम स्वच्छ सांस ले सकेंगे।पेड़-पौधों का संरक्षण नही किया गया तो वो दिन दूर नही जैसे आज हम पानी का बोतल साथ लेकर चलते हैं, ठीक वैसे ही हम सबको आक्सीजन सिलेण्डर साथ लेकर चलना पड़ सकता है। उप वन क्षेत्राधिकारी चकरनगर सूर्यकांत शुक्ला ने कहा कि विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूल के बच्चों के मन में पर्यावरण के प्रति जागरूकता करना है, ताकि वह अपने आसपास अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित हों। इनके अतिरिक्त संदीप कुमार उप वन क्षेत्राधिकारी, अमरेश्वर कुमार वन रक्षक, अंगद सिंह क्षेत्र सहायक आदि ने भी वन महोत्सव के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेन्द्र यादव का विशेष सहयोग रहा।

संचारी रोगों की रोकथाम हेतु निरंतर चलेगा स्वच्छता अभियानः शरद बाजपेयी

इटावा। समृद्धि न्यूज

एक से 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान को वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जाने-माने समाजसेवी वरिष्ठ सभासद शरद बाजपेयी ने कई दिनों से चला रखा है उन्होंने अपनी देखरेख में लगभग 3 घंटे तक सफाई अभियान चलाया जिसमें वैरुन पंसारी टोला, अकालगंज, उझैदी, चौखर कुआं, शाहगंज, राजागंज हाता, बल्देव चौराहे तक विशेष रूप से नालियों व सड़कों की सफाई के साथ साथ नालियों के किनारे उग आए हरे पौधों को भी हटवाया। भाजपा नेता शरद बाजपेयी ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम बहुत आवश्यक है इसलिए संचारी रोग नियंत्रण अभियान निरंतर जारी रहेगा इसके साथ ही समय-समय पर फॉगिंग, एंटी लारवा का छिड़काव भी कराया जाएगा स्वच्छता का पूरा ध्यान रखते हुए साफ सफाई का समुचित इंतजाम किया जाएगा और जनता से भी अपील है कि वह अभियान में सहयोग करें कूड़ा कूड़ेगाड़ी में ही डालें, सड़कों व नालियों में कूड़ा न डालें, पानी को इकट्ठा ना होने दें। शरद बाजपेयी ने कहा कि आज सुबह सीवर लाइन व चैम्बरों के चोक हो जाने की व पानी की पाइप लाइन लीक होने की सूचना मिली सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर सीवर लाइन व चैम्बरों को साफ कराया व लीक पानी की पाइप लाइन को सही कराया। शरद बाजपेयी ने कहा कि बरसात का मौसम है इसलिए स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखें और संचारी रोगों से बचाव हेतु स्वच्छता बहुत आवश्यक है इसलिए सजग रहें, स्वच्छता रखें और स्वस्थ रहें। इस अभियान में सफाई नायक शेखर, प्रभाकर दीक्षित, चंद्र किशोर दुबे, राज नारायण अग्रवाल आदि सहित सफाई कर्मचारियों व क्षेत्रवासियों का सहयोग रहा।

पेयजल मिशन के अंतर्गत ग्राम विकास अधिकारी व प्रधानों को दिया गया प्रशिक्षण

इटावा। समृद्धि न्यूज

विकास खंड चकरनगर कार्यालय सभागार में पेयजल मिशन के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण ग्राम विकास अधिकारी व प्रधानों को योग्य प्रवक्ताओं द्वारा दिया गया।

जानकारी के अनुसार विकासखंड चकरनगर के सभागार में दो दिवसीय ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया उसके साथ-साथ उन्हें प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। खंड विकास अधिकारी विनय कुमार कटियार की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। खंड विकास अधिकारी के दिशा निर्देशन में प्रशिक्षण योग प्रवक्ताओं के द्वारा दिलाया गया, जिससे सरकार की मंशा के अनुरूप पेयजल मिशन योजना सही तरीके से धरातल पर अपना काम कर सके इस मिशन के तहत काम करने वाले सभी पात्रों को इस बात की जानकारी होना चाहिए कि इस मिशन का आखिर उद्देश्य क्या है? मिशन का लाभ लोगों तक कैसे पहुंच सके इसके संबंध में भी प्रशिक्षण देने वाली वक्ताओं ने प्रकाश डाला कार्यक्रम के दौरान प्रोजेक्ट मैनेजर विपिन मिश्रा, ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर सुमंत कुमार, एडीओ जमुनादास, कंप्यूटर ट्रेनर रामपाल तिवारी, प्रेम राजपूत ब्लॉक ऑपरेटर, डाटा ऑपरेटर राहुल चौहान, जंग बहादुर, सौरभ कुमार, पूजा, बलवीर, आरजू, शिवमंगल आदि मौके पर उपस्थित रहे।

निर्माण कार्यों को शीघ्रताशीघ्र पूर्ण किया जाये: डीएम

- डीएम ने 50 लाख से अधिक निर्माण कार्यों की समीक्षा कर, कार्य में गति लाए जाने के दिए निर्देश

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

निर्माण कार्यों की समीक्षा कर सम्बन्धित कार्यदाई संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते डीएम समृद्धि न्यूज

बुधवार को कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में डीएम ने 50 लाख से अधिक निर्माण कार्यों की समीक्षा की।

राजकीय औद्योगिक शिक्षा संस्थान, सौरिख, छिबरामऊ, कन्नौज के निर्माण कार्य को माह दिसम्बर में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होनें इंजीनियरिंग कालेज कन्नौज के निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण कराने को कहा। राजकीय महिला पालीटेक्निक एंव बस स्टेशन गुरूसहायगंज का निर्माण कार्य की गति संतोषजनक न मिलने पर यूपी आरएसएस कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि को कार्यवाही हेतु चेतावनी दी। उन्होनें जिला शिक्षा एंव प्रशिक्षण संस्थान के सुदृढ़ीकरण कार्य की समीक्षा करते हुये 20 से 25 दिन के अन्दर कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिये। थाना इन्दरगढ़ में 32 व्यक्तियों की क्षमता के हास्टल/बैरक एवं विवेचना कक्ष का निर्माण कार्य एवं महिला थाना कन्नौज में 16 व्यक्तियों की क्षमता के महिला हास्टल का निर्माण कार्य माह दिसम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। थाना ठठिया में 16, थाना विशुनगढ़ में 16 एंव तालग्राम में 32, थाना सौरिख में 32 व्यक्तियों की क्षमता के हास्टल/बैरक एंव विवेचना कक्ष का निर्माण कार्य शीघ्र अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। विकास खण्ड जलालाबाद में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हेतु हास्टल का निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण कराने को कहा। उन्होनें ताहपुर-रम्मापुर्वा सम्पर्क मार्ग, एवं उमरापुर से अलमापुर सम्पर्क मार्ग, तथा किशनपुर से अतरौली सम्पर्क मार्ग व वैसापुर से भवानीसराय सम्पर्क मार्ग, और चन्दरपुर जू0हा0 से भगवानपुर सम्पर्क मार्ग की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि निर्माण कार्यों को शीघ्र अतिशीघ्र पूर्ण किया जाये। कैंसर अस्पताल, ह्रदय रोग अस्पताल के कार्य की समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा कि 50 बेडेड फील्ड अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हसेरन, के निर्माण कार्य में गति लाएं। इसके साथ ही उन्होनें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उमर्दा, समधन, विशुनगढ़, का निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करने को कहा। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पट्टी, घुरपुर, सढियापुर, निजामपुर, के निर्माण कार्य में गति लाने के निर्देश दिये। उन्होनें स्पष्ट शब्दों में कहा कि सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं में तीव्र गति से कार्य कराकर जनता को समर्पित किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला अर्थ एंव संख्याधिकारी आदि संबंधित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

बारिश से सब्जियां होने लगीं बर्बाद,घटने लगा खाने का स्वाद

- टमाटर 100 के पार,आम आदमी पर बढ़ा रसोई का भार

समधन, समृद्धि न्यूज़

समधन बाजार में ग्राहक के इंतजार में बैठा दुकानदार समृद्धि न्यूज

पहले ही मौजूदा समय में मौसमी सब्जियों की कमी रहती है। उस पर रसोई की पहली जरूरत टमाटर व धनियां के दाम काफी ज्यादा बढ़ने से रसोई का स्वाद बेकार होने लगा है। क्योंकि चाहें दाल में तड़का लगाना हो या फिर सवाल की प्लेट को सजाना हों विना टमाटर के तों इनकार स्वाद ही बेकार है। सब्जी बनाने से लेकर अन्य सब्जियों में टमाटर वेस के रूप से प्रयोग किया जाता है। ऐसे में टमाटर के दाम बढने से रसोई का स्वाद बिगड़ना लाजमी है।

बुधवार को समधन की बाजार में बारिश के चलते एक तरफ सब्जियां खत्म हो रही और दूसरी तरफ मंहगाई के कारण न सिर्फ समय की दुकानों पर इक्का-दुक्का ग्राहक दिखाई पड़ रहे हैं। दुकानदार ग्राहकों के इंतजार में बैठे हुए नजर आ रहे हैं। दुकानदारी हल्की हों गई है लोग सब्जी तों लें जा रहें हैं। लेकिन दाम अधिक होने के कारण कम मात्रा में लें जा रहें हैं दुकानदारों का कहना है कि मंहगाई बढ़ने का कारण कही कही भारी बरसात हो रही है सब्जियां खत्म होने लगीं हैं। सब्जियों के दाम टमाटर 130 तुराई 60 मिर्च 100 बैंगन 40 धनियां 200 भिन्डी 40 लहशन 160 आलू 20 आदि सभी सब्जियां महंगी हो गई है।

होर्डिंग लगाते समय करंट की चपेट में आया युवक, मौत

- परिजनों ने ठेकेदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

तहसील छिबरामऊ के ग्राम निगोह मे बिजली के पोल पर होर्डिंग लगाते समय एक युवक विद्युत करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने होर्डिंग लगवाने वाले ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कोतवाली में धरना प्रदर्शन कर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निगोह निवासी 25 वर्षीय गुड्डू पुत्र राम सेवक होर्डिंग लगाने का काम करता था। बीती रात वह छिबरामऊ शहर में होर्डिंग लगा रहा था। विद्युत पोल पर विद्युत करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि करंट लगने के बाद ठेकेदार गौरव दीक्षित ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। जानकारी होने पर परिजन मौके पर पहुचे। परिजनों ने ठेकेदार के खिलाफ आरोप लगाते हुए कोतवाली परिसर में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। मृतक की मां लाडली का आरोप है कि ठेकेदार गौरव दीक्षित ने जबरदस्ती फोन करके उसे काम पर बुलाया था। आरोप है कि घटना की सूचना न तो परिवारजनों को दी। परिजनों आरोपी ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

कार्य में लापरवाही बरते जाने पर बीएसए ने तीन शिक्षकों को किया निलम्बित

कन्नौज,समृद्धि न्यूज। छात्रों के आधार सत्यापन कार्य में लापरवाही बरतने वाले तीन प्रधानाध्यापकों के खिलाफ बीएसए ने कड़ी कार्यवाही करते हुए उन्हें निलम्बित कर दिया है। परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के यूनिफॉर्म, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता, मोजा और स्टेशनरी के लिए उनके अभिभावकों के बैंक खाते में पैसा भेजा जाना है। जिसके लिए छात्र-छात्राओं के आधार कार्ड के सत्यापन का कार्य में लापरवाही बरतने वाले प्राथमिक विद्यालय ब्रह्ममनपुरवा के इंचार्ज प्रधानाध्यापक मदन सिंह, प्राथमिक विद्यालय टिहुला के प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार तथा प्राथमिक विद्यालय सरसई के प्रधानाध्यापक संजीव कुमार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कौस्तुभ कुमार सिंह ने निलंबित कर दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कौस्तुभ कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय टिहुला में 40 छात्र पंजीकृत हैं। यहां एक भी छात्र के आधार कार्ड सत्यापन का काम नहीं किया गया। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय ब्राह्मणपुरवा में 73 छात्र पंजीकृत हैं और यहां 68 छात्रों के आधार का सत्यापन कार्य बकाया है। इसी तरह प्राथमिक विद्यालय सरसई में 135 छात्र पंजीकृत हैं और यहां 120 छात्रों का आधार सत्यापन का कार्य नही हुआ। छात्रों के आधार सत्यापन में बरते जाने के कारण कार्यवाही की गई है।

कार्डियो और कैंसर अस्पताल चालू कराए जाने को लेकर सपाईयों ने किया प्रदर्शन

- वरिष्ठ सपा नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुवाई में सपाईयों ने तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में किया धरना प्रदर्शन

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

धरना प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ चिकित्सक को ज्ञापन सौपते सपा नेता नवाब सिंह यादव व कार्यकर्ता समृद्धि न्यूज

बुधवार को समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में प्रदर्शन कर कार्डियो और कैंसर अस्पताल को शीघ्र चालू करवाए जाने की मांग की। सपाईयों ने चेतावनी देते हुए कहा कि कि यदि एक माह में कार्डियो और कैंसर अस्पताल चालू न कराया गया तो वृहद्ध आन्दोलन करेंगे। प्रदर्शन के दौरान सपा नेताओं ने एक ज्ञापन भी सौंपा।

बुधवार को वरिष्ठ सपा नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुवाई में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में धरना प्रदर्शन किया। सपाइयों ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मेडिकल कॉलेज में कार्डियो और कैंसर अस्पताल शीघ्र शुरू कराए जाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान सपा नेता नवाब सिंह यादव ने कहा कि राजकीय मेडिकल कॉलेज के कार्डियो और कैंसर अस्पताल चालू न होने से आमजन को सस्ता इलाज नहीं मिल पा रहा है। उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी के शासनकाल के दौरानं जिले में कई विकास कार्य कराए गए। मेडिकल कॉलेज परिसर में ही कार्डियो और कैंसर अस्पताल का निर्माण कराया गया था, लेकिन प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद से कन्नौज जिले के साथ सौतेला व्यवहार किया जाने लगा। यहां के सभी विकास कार्य ठप हैं। जिले में विकास के नाम पर भाजपा सरकार ने कोई काम नहीं किया और जो काम सपा सरकार में कराए गए थे, वहां भी सुचारू रूप से व्यवस्थाएं नहीं कराई जा सकीं। उन्होने कहा कि इससे पूर्व भी कार्डियो और कैंसर अस्पताल चालू कराए जाने को लेकर उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ धरना प्रदर्शन कर आमजनता की आवाज को शासन-प्रशासन के कानो तक पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन आज भी व्यवस्थाएं जस की तस बनी हुई हैं। कैंसर रोगी कानपुर समेत अन्य जनपदों में जाकर इलाज करा रहे हैं। उन्होनें भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आमजनता की परेशानी से भाजपा सरकार को कोई सरोकार नही है। शासन और प्रशासन मूक-बधिर बना बैठा है। प्रदर्शन के दौरान सपाईयों ने कहा कि यदि एक माह में कार्डियो और कैंसर अस्पताल चालू न कराया गया तो समाजवादी पार्टी वृहद्ध आन्दोलन करने पर बाध्य होगी। प्रदर्शन के दौरान सपाईयों ने मेडिकल कालेज के वरिष्ठ चिकित्सक को एक ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान तमाम सपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बीड़ी श्रमिकों को नहीं मिल पा रहा चिकित्सालय में इलाज

- कागजों पर काम पूरा, जमीनी हकीकत कुछ और
- एक संविदा चिकित्सक के ऊपर सारे मरीजों का भार

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

अस्पताल के औषधी कक्ष में लगा ताला

बंद पड़ा डयूटी रूम व महिला वार्ड

जानकारी देते डाक्टर अजय कुमार

ओपीडी के लिए पर्चा बनवाते मरीज समृद्धि न्यूज

नगर देश व प्रदेश में बीड़ी उधोग के नाम से भी जाना जाता है। यहां तीन दशक पहले बीड़ी श्रमिकों की सुविधा के लिए केंद्र की कांग्रेस सरकार के तत्कालीन विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद के द्वारा बीड़ी श्रमिक चिकित्सालय की स्थापना कराई गई थी। जहां कुछ वर्षों तक तो बीड़ी श्रमिकों को बेहतर चिकित्सा मिली। लेकिन धीरे-धीरे समय बदला और नगर का बीड़ी चिकित्सालय जिम्मेदारों की अनदेखी से दुर्दशा की भेंट चढ़ गया।

आज हालात यह है कि यहां ना तो मरीजों को बेहतर उपचार मिल पा रहा है और ना ही बीमारियों को ठीक करने वाली दवा ही मरीजों का मिल पा रही है। मरीजों का कहना है कि अस्पताल में सब कुछ है। लेकिन सिर्फ और सिर्फ कागजों पर बात अगर मरीजों की सुविधाओं की करें तो यहां उपचार करने के लिए महज एक संविदा कर्मी चिकित्सक अजय कुमार है। जबकि स्टाफ की भी कमी है। जिसके चलते यहां ना तो मरीज भर्ती किए जाते हैं और ना ही ओपीडी में उन्हें उचित उपचार मिल पा रहा है। हकीकत यह है कि बीमारी को लेकर आने वाले मरीजों को बीमारी से संबंधित दवाएं भी उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। जबकि सरकार द्वारा लाखों रुपए खर्च कर बनवाए गए भवन के कक्षों में सुविधा न होने के कारण ताला लटका हुआ है। एक्सरे मशीन वर्षों से बंद पड़ी है। जो समय के साथ पुरानी भी हो चुकी है। इसी तरह महिला, पुरुष वार्ड, प्रसव कक्ष आदि का भी बुरा हाल है। इस संबंध में चिकित्सक अजय कुमार का कहना है कि कई बार विभाग को लिखित सूचना दी गई। लेकिन विभागीय अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहो है। सरकार की अनदेखी के कारण बीड़ी श्रमिकों की सुविधा के लिए लाखों रुपए खर्च कर बनवाया गया चिकित्सालय मौजूदा समय में सफेद हाथी साबित हो रहा है।

ब्लॉक प्रमुख संरक्षक ने फाइनल मैच का फीता काटकर किया शुभारंभ

फीता काटकर शुभारंभ करते ब्लॉक प्रमुख संरक्षक राजाराम दोहरे समृद्धि न्यूज

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़

- खुदलापुर टीम ने जलालाबाद की टीम को दी शिकस्त

जलालाबाद ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम खुदलापुर मे चल रहे बजरंग क्रिकेट क्लब टूर्नामेंट मे ब्लॉक प्रमुख संरक्षक राजाराम दोहरे ने क्रिकेट टूर्नामेंट में फाइनल मैच का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि खेल को सभी खिलाड़ी खेल भावना से खेलें। उन्होंने कहा कि एक अच्छा खिलाड़ी वहीं हैं जो खेल को खेल भावना हार-जीत की परवाह के बिना खेलता हैं। उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से मिलकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। फाइनल मैच खुदलापुर क्रिकेट टीम व जलालाबाद टीम के बीच 14-14 ओवरों का खेला गया। जिनमें जलालाबाद टीम ने पहले बल्लेबाजी कर 11.3 ओवर में 10 विकेट पर 120 रन का लक्ष्य दिया। वहीं दूसरी पारी में खुदलापुर की टीम के खिलाड़ियों ने 10.2 ओवर में लक्ष्य का पीछा करते हुए 121 रन बनाकर जीत हासिल की। खिलाड़ियों ने एक दूसरे को बधाई दी। क्रिकेट टूर्नामेंट में लगभग सैकड़ों की संख्या में लोग रहे। इस मौके अनुज राजपूत, बलराम राजपूत, धीरज राजपूत, गोविंद राजपूत, अंकित राजपूत, प्रांशु राजपूत समेत आदि लोग मौजूद रहे।

खबरें चलते-चलते

पत्नी को मारपीट कर घर से निकाला, रचाया दूसरा विवाह

गुरसहायगंज, कन्नौज। पत्नी के होते हुए भी बिना उससे तलाक लिए युवक ने दूसरी शादी कर ली। जब पत्नी को इस बात की भनक लगी तो उसने विरोध शुरू कर दिया। विरोध करने पर पति सहित अन्य ससुरालियों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी देकर उसे घर से निकाल दिया। नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर निवासी कमला देवी पत्नी महाराम ने अपर पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि विगत 10 वर्ष पूर्व उसका विवाह रामपुर भुढ़िया निवासी महाराम के साथ हुआ था। कुछ दिनों तक तो सब सही चलता रहा। लेकिन बाद में पति सहित ससुरालीजन उसे प्रताड़ित करने लगे। इसी बीच उसके पति महाराम ने बिना उसे तलाक लिए दूसरा विवाह कर लिया। जानकारी होने पर कमला ने दूसरी शादी का विरोध शुरू कर दिया। जिस पर पति महाराम, जेठ मानसिंह, ससुर कुंजीलाल, बहनोई प्रह्लाद, बड़े व बड़े की पत्नी, अंसार, कमलेश ने उससे मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया। पीड़ित ने अपर पुलिस अधीक्षक से फरियाद की। अपर पुलिस अधीक्षक के आदेश से कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दहेज में चार पहिया न मिलने पर महिला को पीटा

गुरसहायगंज, कन्नौज। दहेज में चार पहिया गाड़ी की मांग पूरी ना होने पर ससुरालियों ने महिला से गाली गलौज करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। जिस पर पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वैसावारी निवासी राखी ने बताया है कि उसका विवाह 3 वर्ष पहले गांव के ही विवेक के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही पति विवेक, ससुर रमाकांत, एवं चचिया ससुर के पुत्र शुभांकर दहेज में चार पहिया गाड़ी की मांग करने लगे। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं उक्त लोगों ने 3 जुलाई की शाम 6 बजे उसे मारपीट कर घायल कर दिया एवं जान से मारने की धमकी दी। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दो दिन से लापता किशोर का नहीं लगा सुराग, मुकदमा दर्ज

गुरसहायगंज, कन्नौज। बिना बताए घर से कहीं चले गए किशोर का 2 दिनों से कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बनियानी निवासी रामानंद पुत्र गोवर्धन ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि सोमवार को उसका 14 वर्षीय पुत्र अंकित घर से बिना बताए कहीं चला गया। घर वालों ने खोजबीन की। लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर खोजबीन शुरू कर दी है।

सुदामा चरित्र का वर्णन सुनकर श्रद्धालु हुए भाव विभोर

कन्नौज,समृद्धि न्यूज। सदर तहसील के ग्राम रितुकला स्थित मंदिर परिसर में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भावगत कथा के अन्तिम दिवस बुधवार को सुदामा चरित्र व राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा सुनकर श्रद्धालुजन भक्ति भाव में डूब गए। वृंदावनधाम से पधारे कथावाचक आचार्य राजेश शास्त्री ने कथा का वृतान्त सुनाते हुए कहा कि द्वारपाल ने द्वारिकाधीश से जाकर कहा, प्रभु द्वार पर एक ब्राह्मण आया है और आपसे मिलना चाहता है। वह अपना नाम सुदामा बता रहा है। यह सुनते ही द्वारिकाधीश नंगे पांव मित्र की अगवानी करने राजमहल के द्वार पर पहुंच गए। यह सब देख वहां लोग यह समझ ही नहीं पाए कि आखिर सुदामा में ऐसा क्या है जो भगवान दौड़े-दौड़े चले आए। बचपन के मित्र को गले लगाकर भगवान श्रीकृष्ण उन्हें राजमहल के अंदर ले गए। भगवान श्रीकृष्ण ने अपने सिंहासन पर सुदामा को बैठाकर स्वयं अपने हाथों से उनके पांव पखारे। सुदामा से भगवान ने मित्रता का धर्म निभाया और दुनिया के सामने यह संदेश दिया कि जिसके पास प्रेम धन है, वह निर्धन नहीं हो सकता। राजा हो या रंक मित्रता में सभी समान है। इसमें कोई भेदभाव नहीं होता। कथावाचक ने सुदामा चरित्र के अलावा राजा परीक्षित के मोक्ष व कई अन्य भावपूर्ण कथाओं का भी वर्णन किया। इस दौरान कथा पाण्डाल में भारी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद रहे।

मच्छरों के चलते समधन में कराई गई फागिंग

समधन,समृद्धि न्यूज। गर्मी व बरसात में मच्छरों व अन्य तरह के कीड़े मकोड़ों को देखते हुए नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी व चेयरमैन के पति अखलाक हुसैन के सहयोग से बुधवार शाम को नगर की मुख्य सड़क व किदवई नगर, सैय्यदबाड़ा, कादर खान नगर, लोहिया नगर, नेहरू नगर गोरी नवादा मोहल्लों में सफाई कर्मचारियों को लगाकर मच्छरों से बचाव के लिए फागिंग कराई गई। अखलाक हुसैन ने कहा कि पूरे नगर में किसी तरह की समस्या नहीं होने दी जायेगी। धीरे-धीरे हर एक समस्या का निदान होगा।

विद्युत करंट की चपेट में आने से बच्चे की मौत

गुमशुम बैठे मृतक बालक के परिजन व मृतक का फाइल फोटो

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। विद्युत करंट की चपेट में आने से दो वर्षीय मासूम की मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव हसनगंज निवासी रिन्कूलाल का 2 वर्षीय पुत्र मंजेश को बुधवार को घर पर खेल रहा था। घर पर विद्युत काटे की चार्जिंग हो रही थी। इस दौरान बच्चे ने तार को हाथों से खींच दिया और वह विद्युत करंट की चपेट में आ गया। जानकारी होने पर परिजन उपचार के लिए नगर के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे लेकर आये। जहां डिपुटी पर तैनात चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

ददुआ ने व्यापार मंडल समेत अन्य संगठनों के पदों से दिया इस्तीफा

▶ बोले वृद्धावस्था के चलते कार्य करने में अक्षम हूँ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण प्रकाश तिवारी ददुआ ने अपनी वृद्धावस्था के चलते उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष समेत अन्य संगठनों के पदों से इस्तीफा दे दिया। यह घोषणा शहर के नेहरू रोड स्थित अपने प्रतिष्ठान पर दोपहर बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए भाजपा के वरिष्ठ स्थानीय नेता एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण प्रकाश तिवारी उर्फ ददुआ ने की।

उन्होंने बताया कि वर्ष 1970 में वह जनसंघ से नगर पालिका में सभासद चुने गए। इसके बाद भाजपा एवं अन्य समाजसेवी संगठनों में कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में जनता की सेवा करते चले आ रहे हैं। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि सभी संगठनों के पदों से इस्तीफा देने के बाद भी मैं भाजपा सहित सभी संगठनों का सदस्य जन आकांक्षाओं की मांग पर बना रहूगा।

मुझे 1965 से अब तक समाज सेवा करते हुए 58 वर्ष हो गए हैं। उन्होंने बताया कि सासंद मुकेश राजपूत व महिला आयोग की सदस्य मिथलेश अग्रवाल उन्हें गांधीजी की उपाधि से सम्मानित कर चुके हैं।

मकान पर अवैध कब्जे को लेकर भाकियू ने पंचायत कर जताया विरोध

किसान यूनियन की बैठक में मौजूद लोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भारतीय किसान यूनियन भानू गुट ने पांचाल घाट बंधा के निकट नारायन आश्रम के पास महा पंचायत कर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। बंधा पर महा पंचायत में सरस्वती देव पत्नी स्वकेन सिंह को मकान से निकालने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। दबंग उनका शोषण कर रहे हैं और मकान में तोड़फोड़ की गयी है। सामान बी तोड़ा गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मैनेजर दीपक द्वारा महिला पर 50 हजार रुपये लेकर मकान खाली कराने का दबाव बनाया जा रहा है। जबरिया मकान न खाली करने पर तोड़फोड़ की धमकी दी जा रही है। इस घटना में रामप्रकाश व नन्दकिशोर भी शामिल हैं। कई बार थाना कादरीगेट को प्रार्थना पत्र दिया गया, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी है। उन्होंने नारायन आश्रम को अवैध बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है और कहा है कि नारायन आश्रम में होटल खोल दिया गया है। सारे रेट के कमरे उपलब्ध हैं। दो-तीन हजार रुपये की दर पर उठाये जाते हैं। गरीब बेटियों के विवाह में नारायन आश्रम में होटल जैसा लाखों रुपये किराया लिया जाता है। महा पंचायत में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। सभी ने आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत वृक्षारोपण एवं जागरुकता कार्यक्रम सम्पन्न

कार्यक्रम के दौरान पेटिंग एवं पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेंती छात्रायें व मौजूद निहारिका पटेल आदि

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए आज वृक्षारोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विद्यावती माध्यमिक विद्यालय मसेनी चौराहे पर किया गया। कार्यक्रम में कई युवाओं ने प्रतिभाग किया। जिसके अंतर्गत कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे निहारिका पटेल ने कहा कि आज प्रत्येक व्यक्ति को अपने पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए एक कदम आगे बढ़ाना चाहिए । हम सभी मनुष्य अपने पर्यावरण में रहते हुए अपना जीवन यापन करते हैं। यदि पर्यावरण धीरे-धीरे असंतुलित होता चला गया तो एक दिन हम सभी के सामने बहुत बड़ा सकंट उत्पन्न हो जाएगा। अतः प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक वृक्ष लगाना चाहिए और उसका संरक्षण करना चाहिए। उन्होंने बताया कि वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत कई जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

युवाओं ने पेंटिंग प्रतियोगिता, निबंध एवं स्लोगन प्रतियोगिता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर चेयरमैन पूनम, प्रबंधक वासुदेव तिवारी, प्रधानाचार्य शिवम तिवारी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

एसडीएम को सीएचसी के निरीक्षण में कई स्वास्थ्य कर्मचारी मिले अनुपस्थित

▶ अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिये निर्देश

सीएचसी का निरीक्षण करते एसडीएम

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज। उप जिलाधिकारी कायमगंज ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई स्वास्थ्य कर्मचारी अनुपस्थित मिले। एसडीएम ने अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए निर्देशित किया।

कायमगंज उपजिलाधिकारी यदुवंश कुमार वर्मा बुधवार को 8.40 पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, तो कर्मचारी कम मिलने पर उपस्थित रजिस्टर देखा। जिसमें नियमित और संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी लगभग 11 अनुपस्थित मिले। अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस देकर जवाब मांगा है और सही समय पर आने के लिए निर्देशित किया। स्वास्थ्य कर्मी में डॉक्टर निशा, वार्डब्याय शिवरतन, वार्डब्याय रूपेश, फार्मासिस्ट राजीव शाक्य और 6 संविदा स्वास्थ्य सहित 11 लोग अनुपस्थित मिले। एसडीएम ने ओपीडी देखी। वहां शिवानी पत्नी बलवीर सुल्तानगंज खरेटा और नरगिस पत्नी शान मोहम्मद निवासी नियामतपुर भुकसी दो महिलाएं ने एसडीएम से नाश्ता ना बांटने की शिकायत की। एक घंटा निरीक्षण करने के बाद एसडीएम के सीएचसी से जाने के बाद स्वस्थकर्मियों ने राहत की सांस ली। महिला पूनम ने स्टाफ नर्स की शिकायत की कि बच्चा उल्टा था और प्रसव के समय पुत्र को खींचकर निकाला। जब इसका विरोध किया तो महिला स्वास्थ कर्मियों ने दो चांटे मारकर कक्ष से बाहर निकाल दिया। कुछ देर बाद ही बच्चे की मौत हो गई। निरीक्षण के दौरान चिकित्साधिकारी शोभित शाक्य मौजूद रहे।

न्याय न मिला तो लखनऊ में बच्चों सहित कर लूंगा आत्मदाह

प्रसव के दौरान चिकित्सक की लापरवाही से हालत बिगड़ने पर उपचार के दौरान पत्नी की मौत हो जाने का मामला

फर्रुखाबाद (सं.)। चिकित्सक की लापरवाही से प्रसव के दौरान हालत बिगड़ने पर उपचार के दौरान पत्नी की मौत हो जाने के मामले में स्थानीय पुलिस से लेकर डीएम एसपी से कई बार शिकायत करने पर कोई कार्रवाई ना होने पर पीड़ित ने मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र में दर्शाया कि यदि उसे न्याय ना मिला तो 30 जुलाई को लखनऊ में अपने बच्चों के ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह कर लूंगा। जिसके लिए शासन व जिला प्रशासन जिम्मेदार होगा। जनपद कन्नौज ग्राम खजुरिया नगला निवासी राहुल कुमार पुत्र महेश चंद ने भेजे गये शिकायती पत्र में दर्शाया 20 फरवरी 2023 को पत्नी नीतू को प्रसव पीड़ा होने पर अपनी जान पहचान वाले बालाजी हॉस्पिटल जसमई बाईपास स्थित अस्पताल के प्रबंधक डॉक्टर राजीव, डॉक्टर रणवीर को फोन का अवगत कराया। तो उन्हें अपनी एंबुलेंस भेजकर अस्पताल लाकर भर्ती कर लिया। 21 फरवरी को जांच के दौरन डॉक्टर राजीव ने बताया कि डिलीवरी ऑपरेशन से ही होगी। उनके कहने का अनुसर मैं तैयार हो गया। ऑपरेशन से मेरी पत्नी ने बेटे को जन्म दिया। इस दौरन डॉक्टर रणवीर ने बताया कि एक बोतल खून की और व्यवस्था करो। जिसके लिए उन्हें 6000 रुपये देने थे। मैंने उनके खाते में ट्रांसफर करा दिया। खून चढ़ाने का मेरी पत्नी की हालत बिगड गई। इस दौरान डॉक्टर रणवीर ने अपनी एम्बुलेंस से फतेहगढ़ के स्थिर डॉक्टर एचपी श्रीवास्तव ने के यहां भर्ती कराया। जहां आराम न मिलाने पर कानपुर स्थित अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरन 30 मई को मेरी पत्नी की मृत्यु हो गई। जब मैंने डॉक्टर रणवीर को बताया कि गलत खून चढ़ाने से मेरी पत्नी की मौत हुई है। तो वह आग बबूला हो गए। उन्होंने अपने कर्मचारियों के साथ मिलकर जाति सूचक गालियां दी और मुझे पीटा और कहां की मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता। तुम्हें जो करना है कर लो दोबारा दिखाई दिए तो जान से मार देंगे। पीड़ित ने उपरोक्त लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी कर मुझे न्याय दिलाया जाये। ऐसा न होने पर 30 जुलाई को लखनऊ पहुंचकर अपने व अपने बच्चों पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह कर लेगा। जिसके लिए शासन व जिला प्रशासन जिम्मेदार होगा।

आठ सूत्रीय समस्याओं को लेकर भाकियू ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

▶ बिजली बिल माफ करने सहित कई मांगें उठायीं

अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन देते भाकियू कार्यकर्ता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भारतीय किसान यूनियन 8 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। किसानों की समस्याओं को देखते हुए ज्ञापन में मांग की गयी नवीन मंडी शमशाबाद बहुत जर्जर हालत में है। जिसको ठीक कराया जाये, मंडी की तरफ से महीनों पूर्व आश्वासन मिला था अभी तक कोई कार्य नहीं हुआ, छिछौनापुर पट्टी विद्युत स्टेशन शमशाबाद में 12 ट्यूबवेल के बीच 100 केवी का ट्रांसफार्मर है। जिससे सिंचाई नहीं हो पाती है और फसलें नष्ट हो रही हैं, अविलंब बड़ा ट्रांसफार्मर रखवाया जाये। एमडी ने आदेश भी किया था, लेकिन अभी तक ट्रासफार्मर नहीं रखवाया गया। विद्युत की हो रही अघोषित कटौती को रोका जाये, शमशाबाद बाया फैजबाग से रोडवेज बसें चलायी जायें, आवारा गौवंशों को पकड़कर गौशाला में बंद कराया जाये, घर के मुखिया की मृत्यु होने के बाद विरासत चढ़वाने के लिए लेखपाल धन उगाही करते हैं उस पर रोक लगायी जाये, चीनी मिल पर बकाया किसानों का भुगतान अविलंब दिलाया जाये, किसानों के ट्यूबवेल का बिजली बिल माफ करने का वायदा अभी पूरा नहीं किया गया, उसे पूरा किया जाये, आदि मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर संजय गंगवार, राम बहादुर राजपूत, डॉ0 कैलाश यादव, राम निवास, रामवरन यादव, सलमान अहमद, नन्हेंलाल, जगदीश, बृजेश कुमार, राधेश्याम, नवीनचंद्र, बृजेश पाल आदि किसान मौजूद रहे।

सफल प्रदर्शन के लिए टैली कंपनी ने शिवम गुप्ता को किया सम्मानित

केक काटकर खुशी मनाते शिवम गुप्ता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जनपद के अधिकृत टैली इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग सॉफ्टेक कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट व सेल्स एण्ड सर्विस गार्गी इंटरप्राइजेज को टैली कम्पनी की ओर से पिछले वित्तीय वर्ष में सफल प्रदर्शन के लिए हर्षोल्लास के साथ केक काटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में साफ्टेक कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर शिवम गुप्ता के साथ शिव वर्मा, कपिल कुमार पाल, सुमाइल खान, नैनशी वर्मा, प्रिंसी पाल, रुपाली वर्मा, रजत गुप्ता, सरवर, सूरज आदि लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे। शिवम गुप्ता ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

दबंगों के कब्जे से एसडीएम ने पानी की टंकी की जगह को कराया मुक्त

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज। शासन की मंशा के अनुरूप गांव में पानी की टंकी बनाने के लिए जगह चिन्हित की गई थी। जिस पर दबंगों का कब्जा था। कई बार ग्राम प्रधान द्वारा शिकायत की गई, लेकिन कब्जा मुक्त नहीं हो पाई। बुधवार को उपजिलाधिकारी ने मौके पर पहुंच कर जमीन को कब्जा मुक्त करवाया। थाना क्षेत्र के गांव गदनपुर में कई माह पूर्व पानी की टंकी के लिए जगह चयनित की गई थी। जिसमें कुछ गांव के लोग कब्जा किए थे। ग्राम प्रधान मंजू के पति सतीश कुमार ने कई बार उच्च अधिकारियों से जमीन कब्जा मुक्त कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। बुधवार को कायमगंज उप जिलाधिकारी यदुवंश कुमार ने गांव में पहुंचकर दबंगों से जमीन को कब्जा मुक्त कराया और जमीन का चिन्हाकन करा नीब को खुदबा दिया।

स्थानान्तरण आदेशों का शीघ्र किया जाये पालन

फर्रुखाबाद (सं.)। शिक्षा निदेशालय प्रयागराज द्वारा अपर शिक्षा निदेशक सुरेंद्र कुमार तिवारी ने प्रदेश के समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र जारी कर अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के संस्था प्रधान एवं अध्यापकों के स्थानान्तरण आदेशों का अनुपालन कराये जाने के लिए पत्र भेजा है। स्थानान्तरण की अनुमति की गयी। जिसके क्रम में ऑफलाइन एवं ऑनलाइन स्थानान्तरण आदेश निर्गत करते हुए विभागीय बेबसाइट पर अपलोड कर दिये गये हैं। आदेशों के अनुपालन में मंडलीय संयुक्त निदेशक अपने अधीनस्थ जिला विद्यालय निरीक्षकों को स्थानान्तरित संस्था प्रधान/अध्यापकों के स्थानान्तरण किये जाने हेतु निर्देशित किया है। स्थानान्तरण आदेश डाउनलोड कर विद्यालयके शिक्षकों को कार्यमुक्त/कार्यभार ग्रहण कराये जाने के लिए तत्काल प्रभाव से कार्यवाही सुनिश्चित करें। विद्यालय में संबंधित विषय का पद मौलिक रुप से रिक्त है। जिसे उ0प्र0मा0शि0 सेवा चयन बोर्ड को अधियाचित नहीं है। जिला विद्यालय निरीक्षक पत्र का अनुपालन करते हुए अध्यापकों को कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण करायें।

एसपी से सपा जिलाध्यक्ष ने की शिष्टाचार मुलाकात

बुकें देकर एसपी का स्वागत करते सपा जिलाध्यक्ष व महासचिव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने जिला महासचिव इलियास मंसूरी के साथ पुलिस अधीक्षक विकास कुमार से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने गुलदस्ता देकर नवागन्तुक पुलिस अधीक्षक का स्वागत किया। उन्होंने भेंट के दौरान पूरा सहयोग करने की बात करते हुए कहा जनपद में हो रहे अपराधों पर अंकुश लगाया जाये और पीड़ितों की समस्यायें सुनी जायें। निर्दोष लोगों को किसी के कहने पर सताया न जाये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने उन्हें निष्पक्ष होकर कार्य करने की बात कही।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता की समस्याएं प्राथमिकता के आधार पर हल की जायेंगी। उन्होंने कहा कि वह शासन की मंशा के अनुरुप अपना कार्य कर रहे हैं। जिससे किसी को कोई परेशानी न हो।

श्रमिकों को कौशल विकास के लिए दी गयी ट्रेनिंग, बांटे गये प्रमाम पत्र

प्रमाण पत्र के साथ मजदूर

▶ पास होने वाले मजदूरों को प्रमाण पत्र के आधार पर सरकारी सविधाओं का मिलेगा लाभ

▶ बिना गारन्टी के बैंक से लोन सुविधा भी मिलेगी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। आवासन और शहरी मंत्रालय की ओर से नेशनल स्किल डेवलपमेंट के तहत निर्माण समिति के उन्नयन के लिए राष्ट्रीय पहल योजना निपुण के तहत कनफैडरेशन ऑफ रिपल एस्टेट डिवैलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के द्वारा कंस्टक्शन लेबर की स्किल डेवलपमेंट की 10 दिन की ट्रेनिंग करायी गयी। कौशल विकास के तहत निर्माण श्रमिकों को दी गयी। जो लेबर इस ट्रेनिंग में पास हुए उनको नेशनल स्किल डेवलपमेंट की तरफ से प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेशनल मिशन क्लीनिंग गंगा के सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर रमाकांत आर्य पाण्डेकर रहे। कार्यक्रम का संचालन सुषमा वर्मा ने किया। शहर के गणमान्य नागरिक व सिविल इंजीनियर दयाराम, राजीव, पंकज, सुशील ने सहयोग किया। प्रमाण पत्र से मजदूरों को 2 लाख का मुफ्त बीमा व भविष्य में इस प्रमाण पत्र के आधार पर मजदूरी करने वाले लोगों को अन्य सरकारी सुविधाओं का भी लाभ मिलेगा।

कौशल विकास का यह प्रमाण पत्र अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त है। मजदूरों के लिए विदेशों में भी रोजगार के अवसर खुलेंगे। इस प्रमाण पत्र से बिना किसी गारन्टी के काम करने हेतु बैंक से लोन सुविधा भी उपलब्ध है। जिससे मजदूर अपना कोई भी छोटा मोटा रोजगार कर अपने परिवार का भरण पोषण कर सकते हैं।

तीन दिनों से खड़ी रोडवेज की खराब बस आये दिन बन रही जाम का कारण

डीएम से शिकायत करने के बाद मौजूद ग्रामीण

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। तीन दिन से खराब खड़ी बस में ट्रक फंस गया। जिससे चौराहे पर लम्बा जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि एटा डिपो की बस का पहिया निकल जाने से वह तीन दिनों से नवाबगंज चौराहे मंझना रोड पर खड़ी हुई है। जिसके चलते बड़े वाहन निकालने में काफी दिक्कत हो रही थी। बुधवार 8.30 बजे सुबह फर्रुखाबाद की तरफसे आ रहे ट्रक साइड में मिट्टी धस जाने से बस में फंस गया। जिसके चलते चौराहे पर जाम लग गया है। थाना पुलिस घटनास्थल पर मौजूद होकर रुट डायवर्जन करके वाहनों को निकल रही है और ट्रक और बस को हटाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

▶ थाना पुलिस रुट डायवर्जन कर आने जाने वाले वाहनों को निकाल रही

बेदखलनामा

मैं रेखा चौहान पत्नी बृजवीर सिंह निवासी शांती नगर कादरीगेट फर्रुखाबाद, मैं अपने पुत्र वैभव भदौरिया के गलत चाल-चलन के कारण उसे मैं अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। उनके द्वारा किये गये कृत्यों से मेरा कोई सरोकार नहीं है। उसके द्वारा किये गये कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

रेखा चौहान पत्नी बृजवीर सिंह
निवासी शांती नगर कादरीगेट फर्रुखाबाद

सूचना

वक्फ नम्बर 93 के मैनेजर काजी जफर शाह रिजवी की सूचना के अनुसार एक चौकीदार की समय सायं 8 बजे से सुबह 5 बजे तक के लिए जरुरत है। खारबंदी नगला बजीर स्थित नजफ इमामबाड़े की निगरानी के लिए एक युवक की आवश्यकता है।

काजी जफर शाह रिजवी मैनेजर
इमामबाड़ा खारबंदी नगला बजीर, फर्रुखाबाद। मो0: 6387109414

हेतु संदर्शित करने हेतु सूचना

(साधारण प्रारुप)

न्यायालय अपर कलेक्टर (न्यायिक) फतेहगढ़ फर्रुखाबाद

नम्बर मु0- 209/2021

राजवीर सिंह बनाम

1- ग्रामसभा रायपुर द्वारा प्रधान मुबारिकपुर पट्टी परगना भोजपुर, 2- रामसेवक पुत्र सुखलाल, 3- हरदीप सिंह पुत्र हरसहाय सिंह, 4- प्रदीप पुत्र हरसहाय सिंह, 5- हरसहाय सिंह पुत्र अहिवरन सिंह, 6- कृष्ण गोपाल पुत्र मेघनाथ, 7- कृष्ण गोविन्द पुत्र बैजनाथ, 8- रवीशचन्द्र पुत्र जदुनाथ, 9 सुग्रीव सिंह पुत्र बृजनन्दन, 10- अमर सिंह पुत्र राजाराम, 11/1 शिवनन्दन पुत्र दुर्विजय सिंह, 11/2 प्रभुनन्दन पुत्र दुर्विजय सिंह, 11/3 मण्डू पुत्र सुखनन्दन, 11/4 अमित पुत्र रघुनन्दन, 12- दकेदार सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह, 13- वीरेन्द्र सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह, 14- ओमप्रकाश सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह, 15- सुरेश चन्द्र पुत्र राजेन्द्र सिंह, 16- दिनेश चन्द्र पुत्र राजेन्द्र सिंह, 17- राजवीर सिंह पुत्र बलवीर सिंह, 18- रनवीर सिंह पुत्र होरीलाल, 19-श्यामबाबू पुत्र रामशरन, 20- रामबाबू पुत्र रामशरन, 21-सूरज सिंह पुत्र महिपाल सिंह, 22- अतिराज 23- विश्वनाथ पुत्र प्रताप सिंह, 24/1 रवीन्द्र सिंह पुत्र मिन्तराज, 24/2 सत्येन्द्र सिंह पुत्र मिन्तराज, 25 रामप्रकाश पुत्र नेकराम, 26 राधेश्याम पुत्र रामसिंह, 27- लज्जाराम, 28- मदनलाल पुत्र सरनाम सिंह, 29- शिवराम सिंह पुत्र कामता, 30 जगदीश स्वरुप, 31-मुलायम सिंह पुत्र दीनदयाल, 32- छोटेलाल, 33-रामवीर पुत्र दीनदयाल, 34- कालिका सिंह, 35 रामनाथ पुत्र मुन्शी सिंह, 36- कृष्णपाल, 37- रामपाल पुत्र मानसिंह, 38- कोहराम सिंह, 39 सुधीर कुमार, 40- मुन्नू सिंह, 41- अवधेश सिंह पुत्र चेतराम, 42- लौंगश्री पत्नी चेतराम, 43-गंगाराम पुत्र रामस्वरुप, 44-बालकिशन पुत्र रामस्वरुप, 45 प्रवेश कुमार पुत्र रनवीर सिंह, 46- शान्तीदेवी पत्नी रनवीर सिंह, 47- विनोद कुमार पुत्र विश्राम सिंह, 48- प्रदीप सिंह, 49-हरनरायन सिंह, 50- हरपाल सिंह, 51- देवेन्द्र सिंह पुत्र गोकरनाथ, 52- बेंचेलाल, 53- हरनन्दन, 54- जसनन्दन पुत्र सुखराम सभी निवासीगण मुबारिकपुर पट्टी परगना भोजपुर, जिला फर्रुखाबाद

धारा 38 30प्र0 रा0स0 2006

ग्राम मुबारिकपुर पट्टी, परगना भोजपुर

पत्नी के मायके से न आने पर युवक ने फांसी लगाकर दी जान

▸ पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर की जांच

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज। पत्नी के मायके से न आने पर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार कस्बा मोहम्मदाबाद के इंद्रा नगर निवासी 27 वर्षीय शैलेन्द्र पाल पुत्र स्व0 जगदीश पाल की जनपद कन्नौज के थाना सौरिख के खड़नी में साड़ी की दुकान है। 6 दिन पूर्व शैलेन्द्र अपने घर आया था। बीती रात्रि लगभग 10 बजे शैलेंद्र की माता कपूरकली घर के बाहर बैठी थी, तभी शैलेंद्र ने गेट बंद कर लिया तथा अंदर वाले कमरे की छत के कुंडे में दुप्पटे के सहारे फांसी लगा ली। गेट खटखटाने पर जब गेट नहीं खुला तो उन्होंने पड़ोसियों को बुलाया। मौके पर पहुंचे पड़ोसियों ने गेट से झांककर देखा तो शैलेन्द्र का शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीढ़ी मंगवाकर छत पर चढ़कर जाल से मकान के अंदर घुसकर गेट खुलवाया। सूचना पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने भी जांच पड़ताल की। परिजनों ने बताया कि मृतक दो भाई था। बड़ा भाई सत्येन्द्र कानपुर में साड़ी की दुकान किये है। शैलेन्द्र की शादी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिड़ैल पोस्ट पिपरगांव में हुई थी। मृतक के दो बच्चे है, बड़ी बेटी आराध्या (4 वर्ष), पुत्र अर्यांश (3 वर्ष) का है। मृतक की मां कपूरकली ने बताया कि उनका पुत्र कुछ दिन ही घर पर पत्नी को बुलाने आया था। उसकी पत्नी संगम अपने मायके में रहती है, लेकिन वह नहीं आयी। पुत्र की उसकी पत्नी से अनबन रहती थी। इसी के चलते उसने फांसी लगाकर जान दे दी। दरोगा रामवीर सिंह सेंगर ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भिजवाया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

गमगीन बैठे मृतक के परिजन

मृतक का फाइल फोटो

मारपीट के मामले में सात पर मुकदमा दर्ज

जहानगंज, समृद्धि न्यूज। घर में घुसकर मारपीट कर जानमाल की धमकी देने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

थाना क्षेत्र के ग्राम जरारी निवासी मोहम्मद कदीर पुत्र समीम ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 4 जुलाई को मैं अपने घर पर था, तभी गांव के रिजवान उर्फ लल्ला पुत्र हफीज एवं असलम उर्फ पप्पू पुत्र हफीज व नजमा पत्नी कवीर, रोशतारा पत्नी रिजवान, गुडिया पत्नी मेराज, मेराज पुत्र रियाजुल, चांदतारा पत्नी नाजिम ने आये और भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडों से मापीट कर दी। बचाने अये मफरुजा व निशा, रिफ्त पुत्र कदरी को भी मारापीटा। आसपास के लोगों के आ जाने पर आरोपी जानमाल की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

संदिग्ध परिस्थिति में रेलवे स्टेशन पर युवक का पड़ा मिला शव

पंचनामा की कार्यवाही करती पुलिस व मौजूद परिजन

▸ जीआरपी ने पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। बीती रात रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध परिस्थिति में युवक का शव पड़ा होने से हड़कंप मच गया। स्टेशन मास्टर ने जीआरपी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने 108 एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर मान सिंह ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। बुधवार सुबह युवक की शिनाख्त रविन्द्र पाल उर्फ रवि उम्र 30 वर्षीय निवासी बीबीपुर के रुप में हुई। बताया गया कि मृतक अपनी भाभी ममता देवी के साथ रेलवे रोड टेंट हाउस के ऊपर दूसरी मंजिल पर किराये पर रहता था। मृतक की भाभी एक दिन पहले हिसार अपने बहनोई के घर गई थी। मृतक हिसार जाने के लिए वह भी घर से निकला था। संदिग्ध परिस्थितियों में बीती रात उसकी स्टेशन पर मौत हो गई। जीआरपी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भिजवाया।

एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। एसपी के आदेश पर पुलिस ने मारपीट व छेड़छाड़ के मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। थाना क्षेत्र के ग्राम बरतल निवासी देयामाफी पत्नी छेटे खान ने पुलिस अधीक्षक को दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि उसके पुत्र लालू खान को 30 जून को गांव के ही दबंगों ने मारा पीटा था। जिसकी शिकायत उसके पुत्र ने थाने में की थी। इसी बात से नाराज दबंगों ने उसके घर में घुसकर सोनू, राजू, रतनू, मंगल, मोनू पुत्रगण इंस्पेक्टर खान ने उसके पुत्र के साथ मारपीट की थी। बचाने आयी पुत्रवधू को भी मारापीटा था तथा छेड़छाड़ की थी। आसपास के लोगों के आ जाने पर जान से मारने की धमकी देकर चले गये। एसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

रेडियोलॉजिस्ट की मनमानी से मरीज से लेकर सीएमएस परेशान

अल्ट्रासाउंड कराने के लिए कक्ष के बाहर मौजूद लोग

▸ सीएमएस बोले ज्यादा करेंगे तो हो जायेगी मेरी ऐसी तैसी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। योगी सरकार का फरमान गरीबों को सरकारी अस्पताल में निःशुल्क औषधि व अल्ट्रासाउंड मुफ्त किये जाने का आदेश बेअसर होता दिखायी दे रहा है ऐसा कोई और नहीं स्वास्थ्य विभाग के संबंधित लोहिया अस्पताल के रेडियोलॉजिस्ट डा0 योगेन्द्र सिंह ऐसा कर रहे है। चिकित्साधीक्षक की माने तो डाक्टर की मनमानी व दबंगई से वह भी काफी पीड़ित है, लेकिन कुछ कर नहीं सकते। क्योंकि जो कुछ करना है वह सरकार को करना है। सरकार वादे बड़े-बड़े करती है, लेकिन काम चोर कर्मचारियों पर कार्यवाही ऊंट के मुहं में जीरा जैसा दिखायी देता है। लोहिया के एकमात्र रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर योगेंद्र सिंह पूरी तरह अपनी मनमानी कर रहे है। अल्ट्रासाउंड कक्ष के बाहर लम्बे समय से एक तख्ती टंगी है जिस पर लिखा है कि चिकित्सक अवकाश पर है। दूर दराज से मरीज लोहिया अस्पताल इस उम्मीद के साथ आते है कि सरकार द्वारा दी जा रही निःशुल्क सेवा का उन्हें लाभ मिले, लेकिन तख्ती देखकर कुछ लौट जाते तो कुछ घंटों इंतजार करते है। जब उन्हें किसी प्रकार का कोई जबाव नहीं मिलता तो थकहार कर लौट जाते है या प्राइवेट अल्ट्रासाउंड कराते है। यह सच नहीं है कि चिकित्सक अवकाश पर है। उनके मन के ऊपर है कि वह किसका अल्ट्रासाउंड करेंगे और किसका नहीं। बताते चले कि एक मरीज अपना छह दिन पुराना पर्चा लेकर अल्ट्रासाउंड कराने पहुंचा तो पहले उसको इंतजार करने को कहा। 1 घंटे बाद जब उसने दोबारा कहा कि मेरा अल्ट्रासाउंड कर दो तो डा0 योगेंद्र सिंह ने कहा कि आप जाइए 12 नंबर कमरे में कंप्लेंट करिए और कहिए कि मुझे लेबर की जरूरत है। मरीज ने पूछा कि डाक्टर साहब ऐसा क्यों कह रहे हो तो डाक्टर ने कहा कि कोविड की जांच करा लाओ। जब वह वहां पहुंची तो वहां बताया गया कि जांच नहीं होती है। साथ आये रिश्तेदार ने लोगों से पता कर सीएमओ को फोन कर बताया कि तुम्हारा अल्ट्रासाउंड होगा। काफी इंतजार करने के बाद जब नहीं हुआ तो सीएमएस को बताया। अल्ट्रासाउंड मरीज का होना तो दूर की बात उनके द्वारा जो शब्द कहे गये उन्हें सुनकर पीड़ित दंग रह गया। सीएमएस बोले कि वह अपनी मनमानी करते है और नेतागिरी दिखाते हैं। उनका कोई क्या बिगाड़ लेगा। मैं कई बार लिखकर दे चुका हूं, कोई कार्यवाही नहीं हुई।

कबाड़ व्यापारी से मारपीट कर लूटे एक लाख 15 हजार

▸ जांच में मामला मारपीट का आया सामने, पुलिस घटना को मान रही संदिग्ध

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। कस्बा में कबाड़े का सामान उठाने आए व्यापारी से युवकों ने गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। पीड़ित ने थाने पहुंचकर लूट का आरोप लगाकर तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। कन्नौज जिले के छिबरामऊ कस्बा के रामपुर निवासी रामजीवन राठौर कबाड़े का व्यापार करता है। मंगलवार दोपहर रामजीवन का पुत्र अंशु राठौर कस्बा में पिकअप से कबाड़े का सामान उठाने आया था। अनिल कुमार के यहां गाड़ी रोककर अंशु सामान लदवा रहा था, तभी वहां कस्बा के रहने वाले आठ युवक आए और अंशु से गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी तथा धमकी देकर हमलावर वहां से भाग गए। पीड़ित ने घटना की सूचना परिजनों को दी। कन्नौज के भाकियू भानूगुट के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार उर्फचिंटू के साथ परिजन घटना स्थल पर पहुंच गये और उसके बाद थाने पहुंचकर तहरीर दी। जिसमें कहा कि युवकों ने मारपीट कर बैग में रखे 1 लाख 15 हजार रुपये लूट लिये। प्रभारी थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश, कस्बा प्रभारी प्रशांत कुमार तुरन्त आरोपी युवकों को पकड़ने के लिए बताये गये स्थान पर पहुंचे, लेकिन वह वहां नही मिला। इस दौरान महिलाओं से पूछताछ के लिए थाने बुला लायी। थानाध्यक्ष का कहना है कि प्रथम जांच में मामला मारपीट का लगता है, लूट की बात संदिग्ध प्रतीत होती है।

खबरें चलते-चलते

मारपीट के मामले में चार पर मुकदमा दर्ज

नवाबगंज (सं.)। दो दिन पूर्व हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी। थाना क्षेत्र के ग्राम डवाऊआ निवासी रामकिशन बाथम ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 3 जुलाई को गांव के ही लोग पानी भरने को लेकर उसके साथ मारपीट करने लगे। जब उसने विरोध किया तो उक्त लोगों ने लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। जिसमें मैं घायल हो गया। पीड़ित ने वेदपाल उर्फ गबदे, उनकी पत्नी नाम नामालूम, लवी पुत्री वेदपाल उर्फ गबदे और राहुल के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उक्त आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

गली से निकलने से मना करने पर दबंगों ने पीटा

कमालगंज (सं.)। गली से निकलने पर मना करने के विरोध में दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम दिनारपुर निवासी आमिर खान पुत्र इकबाल खान ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 4 जुलाई शाम 4 बजे मेरा छोटा भाई शाहरुख गली से निकल रहा था। अशोक पुत्र नामालूम ने रास्ते से निकलने से बना करते हुए भाई के साथ गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी अशोक, राजीत की पत्नी एवं 4 अज्ञात ने मुझे व मेरे भाई शाहरुख, पिता इकबाल को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। बचाने आयी बहन खुशबू एवं पत्नी शबाना को भी पीटा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

सबरजिस्टार सहित नौ पर याचिका दायर
मंदबुद्धि भाई से भूमि का बैनामा लिखवा लेने का मामला

फर्रुखाबाद (सं.)। मानसिक रूप से विक्षिप्त भाई के हिस्से की भूमि गांव के 8 लोगों ने सब रजिस्टार अमृतपुर से सांठगांठ कर कूटचरित दस्तावेज तैयार कर अपने नाम करा लेने व बल प्रयोग कब्जा करने के प्रयास के मामले में स्थानीय पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर पीड़ित ने न्यायालय में याचिका दायर की। कोतवाली फतेहगढ़ के ग्राम गौरव पुरवा निवासी रामदेव पुत्र शिवमंगल सिंह ने दायर की याचिका में दर्शाया कि मेरा भाई राम लखन जोकि पूर्ण रूप से मंदबुद्धि है। जिसका इलाज कराया जाए। इस दौरान आगरा मेंटल हॉस्पिटल से पूर्ण रूप से पागल करार देते हुए चिकित्सक द्वारा प्रमाण पत्र जारी किया गया। उसके बावजूद हरिशंकर, शिवशंकर जो कि खातेदार भूमि में हैं। कविता पत्नी अमित मिश्रा अल्लाह नगर उर्फ बढ़पुर, ज्ञान प्रकाश पुत्र अशर्फीलाल, शिव शंकर पुत्र वेदप्रकाश निवासीगण सरह कोतवाली फतेहगढ़, रामकुमार पुत्र सौदान सिंह फतेहगढ़, अनोखेलाल पुत्र पातीराम निवासी सरह कोतवाली फतेहगढ़, उपेंद्र पुत्र शिवमंगल निवासी भुड़िया भेड़ा थाना राजेपुर, सिपाही पुत्र रामनाथ, सुधीर पुत्र कन्हैयालाल निवासी सरह कोतवाली फतेहगढ, अमृतपुर सब रजिस्टार इसमें शामिल है। कूट चरित दस्तावेज तैयार कर मेरे पागल भाई को ले जाकर 17 दिसंबर 2018 को विक्रय पत्र लिखा लिया। मेरे द्वारा की गई आपत्तियों उस सब रजिस्टार ने दरकिनार कर विक्रय पत्र लिख दिया। 21 फरवरी व उसके बाद 29 जून को भूमि पर कब्जा करने आए मना करने पर जानमाल की धमकी दी। स्थानीय पुलिस से शिकायत की पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

आजीवन कारावास की सजा पर परिजनों ने न्यायालय के फैसले पर जताया संतोष

▸ भगवान के यहां देर है पर अंधेर नहीं

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। विकास हत्याकाण्ड के आरोपियों को आजीवन कारावास होने पर पीड़ित परिजनों ने न्यायालय के फैसले से खुशी जाहिर की है।

बताते चले कि 2016 में विकास कश्यप नवाबगंज में किराये पर रहते थे और अखबार वितरित कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। 2016 को फरवरी माह में हवलदार राजपूत निवासी सलेमपुर से किसी बात को लेकर अनबन हो गई। मृतक की पत्नी संगीता के अनुसार हवलदार राजपूत ने विकास की हत्या का प्लान बना लिया। विकास को गाड़ी से कुचलने का षड्यंत्र बनाकर उनके पीछे ग्राम असगरपुर जाने वाले संपर्क मार्ग पर बाइक में टक्कर मारकर गिरा दिया था और बेलचा, लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। जिसमें पुलिस ने चार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में चार्जसीट दाखिल कर दी थी। मंगलवार को न्यायालय ने साक्ष्य व गवाहों के आधार पर आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया। न्यायालय के फैसले से संगीता व उसके बच्चों का खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने बताया कि उन्हें न्यायालय पर पूरा भरोसा था। संगीता ने बताया कि आरोपियों ने उसके हंसते खेलते परिवार को तबाह कर दिया था। वह मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करती है। उसने बताया कि उसके घर पर तीन बच्चे व उसके ससुर रहते हैं।

पीड़ित संगीता अपने बच्चों के साथ

नगर पालिका ने छापेमारी कर बड़ी मात्रा में पकड़ी पॉलीथिन, 13500 रुपये जुर्माना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। प्रतिबंधित पॉलीथिन व गिलास आदि की बिक्री पर लगाम कसने के लिए नगर पालिका फर्रुखाबाद ईओ ने पालिका के कर्मचारियों के साथ लालगेट व आवास विकास मिशन कम्पाउंड के निकट छापेमारी कर बड़ी मात्रा में पॉलीथिन व फाइवर के गिलास जब्त कर पांच लोगों का 13500 रुपये का चालान काटें।

जानकारी के अनुसार बुधवार को नगर पालिका अधिशासी अधिकारी रविन्द्र कुमार ने प्रतिबंधित पॉलीथिन व फाइवर के गिलास के चलन पर रोंक लगाने के लिए छापेमारी की। ईओ के साथ टीम में कर अधीक्षक राजनारायन कमल, कर अधीक्षक योगेन्द्र यादव, लिपिक अमित सक्सेना व अन्य कर्मचारी मोहम्मद रफी, दिनेश कुमार, दीपक रंजन ने लालगेट व आवास विकास मिशन कम्पाउंड के निकट नगर पालिका की भूमि पर डोसा आदि की ठेली लगाने वालों के यहां छापेमारी कर इंडियन डोसा के पास से 4500 ग्राम पॉलीथिन आदि सामिग्री मिलने पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। इसके साथ ही जीशान मुर्गा विक्रेता पर 1 हजार, भुक्कड़ खाने पर 1 हजार रुपये, सलीम मीट वाले लालगेट पर 1 हजार रुपये, मेडिकल स्टोर के मालिक पर आफाक पर 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। कुल पांच लोगों पर 13500 रुपया का जुर्माना लगा। ईओ रविन्द्र कुमार ने बताया कि प्रतिबंधित पॉलीथिन व फाइवर गिलास के चलन पर पूर्ण रुप से रोंक लगाने के लिए छापेमारी अभियान निरंतर जारी रहेगा। बताते चलें कि पॉलीथिन पर शासन की ओर से पूर्ण रुप से प्रतिबंध है।

जुर्माने की रसीद दिखाता इंडियन डोसा संचालक

चंद्रशेखर की टिप्पणी पर क्षत्रिय समाज में रोष

अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष व अन्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सहारनपुर में भीम आर्मी द्वारा की गयी अशोभनीय अमर्यादित भाषणबाजी के विरोध में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष राम बहादुर सिंह राठौर के साथ क्षत्रिय महासभा ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा। सहारनपुर में भीम आर्मी के नेता चंद्रशेखर उर्फ रावण व उनके सहयोगी नेता द्वारा क्षत्रियों के विरुद्ध अशोभनीय गैर जिम्मेदाराना अंग्रेजों की औलाद बोलकर अक्षम्य अपराध किया है। इसके विरोध में क्षत्रिय समाज में वैमनस्यता फैलाने की राजनैतिक साजिश की जा रही है। क्षत्रिय समाज ने मांग की है कि चंद्रशेखर उर्फ रावण एवं उनके सहयोगी महक सिंह पर विधिक दण्डात्मक कानूनी कार्यवाही की जाये। मौके पर गजराज सिंह चौहान, शरद चंदेल, छविनाथ सिंह, अरविन्द कुमार, बृजेश परिहार, राकेश सिंह राठौर, सी.पी. सिंह परिहार, रामकरन सिंह चौहान, श्याम सिंह चौहान, मुनेश्वर सिंह चौहान, संतोष सिंह चौहान आदि क्षत्रिय समाज के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

पुलिस ने नकली नोटों सहित गिरोह के पांच सदस्यों को दबोचा

▸ लाखों के नकली नोट व नोट बनाने के उपकरण तथा एक कार बरामद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नकली नोट छापने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही से नकली भारतीय मुद्रा कुल 1,27 हजार रुपये व 3100 रु0 नगद व अन्य नकली मुद्रा बनाने की सामग्री बरामद हुई। पुलिस ने पांचों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने पुलिस लाइन में वार्ता के दौरान बताया कि कादरीगेट थानाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला, एसओजी प्रभारी अमित गंगवार, सर्विलांस टीम प्रभारी जगदीश भाटी की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर नगली भारतीय मुद्रा तैयार कर बाजार में चलाने वाले आरोपी सौरभ सुमंत पुत्र गयाप्रसाद निवासी लाल गेट बस अड्डे के सामने, सौरभ यादव पुत्र रनवीर सिंह निवासी हैवतपुर गढ़िया थाना मऊदरवाजा को टीला मसेनी तिराहा के पास से एक कार सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान अन्य साथी सूरज उर्फसूर्या उर्फ प्रदीप यादव पुत्र भगवान सिंह निवासी हैवतपुर गढ़िया थाना मऊदरवाजा, मुकेश शाक्य पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी खानपुर कादरी गेट, सुनील पुत्र महेश निवासी चाचूपुर राजेपुर को मोहल्ला अंडियाना थाना कादरीगेट से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर नकली भारतीय मुद्रा 1 लाख 27 हजार रूपये, असली मुद्रा 3100 रूपये, 11 पेज छपे नोट एक, एक डेस्क प्रिंटर, 1 झोला कागज की कतरन, 3 कांच के चौकोर टुकड़े, 1 बिजली की प्रेस, 1 एलईडी बल्ब, 3 पेपर कटिंग चाकू, 5 ब्रुश, 1 पैकेट काली पालीथीन, 4 गांधी का चित्र छपी मोहरें जिस पर 100, 200, 500 लिखा आदि सामग्री बरामद हुई। आरोपियों के पास से एक कार भी बरामद हुई तथा दो नम्बर प्लेट भी बमराद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि हम लोग जाली नोटों का कारोबार मिलकर बराबर हिस्सेदारी में करते है, जाली नोट छापनें के बाद वह लोग असली भारतीय मुद्रा का 30-40 प्रतिशत की दर से बिक्री कर देते है और अपने शौक पूरे करते थे। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

घटना का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक

मोटरसाइकिल चोरी

मोहम्मदाबाद (सं.)। थाना क्षेत्र के गांव जाजपुर बंजारा निवासी सुखदेव सिंह अपनी बाइक संख्या यू.पी.76एएफ0084 सब्जी लेने के लिए मंडी गया हुआ था। वह बाइक खड़ी कर सब्जी लेने चला गया। जब वापस आया तो तब तक उसकी बाइक चोर चोरी कर ले गये।

बंटवारे के विवाद में मारपीट, मुकदमा दर्ज

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। बंटवारे के विवाद में दबंगों ने महिला व उसकी पुत्रियों को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम जरारी निवासी राजमा पत्नी कबीर ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 4 जुलाई को सुबह 10 बजे मेरे देवर कदीर पुत्र जमील जमीन में बंटवारा नहीं दे रहे थे। मेरे विरोध करने पर कदीर व ताहिर पुत्र मम्मद अली, मीणा पत्नी ताहिर, भल्लू पुत्र कयामुद्दीन, जायद की पत्नी, अवीला पत्नी कदीर, मखरुखा पुत्री कदीर ने मुझे व मेरी पुत्री हिना व रायमीना को गाली-गलौज कर लाठी-डंडे से मारा पीटा। बचाने आयी दो पुत्रियों को भी मारापीटा। जिससे उनके काफी गुम चोटें आयीं। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।